आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

जेपी आंदोलन के सेनानी और छात्र राजनीति के पितामह सुरेंद्र विक्रम...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 11 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 266 www.janexpresslive.com/epaper



बिहार-झारखंड-ओडिशा काफी हद तक... 12

# बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगा

## चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। वोटर की नागरिकता जांची जा रही है। ये कानून के खिलाफ है। एसआईआर के खिलाफ राजद सांसद मनोज झा, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा समेत 11 लोगों ने याचिकाएं दाखिल की गई हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायण, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी दलील दे रहे हैं। चुनाव आयोग की पैरवी पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह कर रहे हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से कहा, हम आपकी नीयत पर संदेश नहीं कर रहे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आयोग की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी से कहा, हम आपकी नीयत पर संदेह नहीं कर रहे, लेकिन धारणा भी मायने रखती है। हम आपको रोकना नहीं चाहते, क्योंकि यह संवैधानिक दायित्व है। द्विवेदी ने बताया कि अब तक 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी जानकारी सत्यापित कर ली है। अदालत को आश्वस्त किया कि किसी भी मतदाता का नाम सुने बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम एक संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका दायित्व है। लेकिन साथ ही हम यह भी नहीं होने देंगे कि वह ऐसा कुछ करे जो उसका दायित्व नहीं है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि किसी भी वोटर को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं किया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

### याचिकाकर्ता के वकील ने ये 3 सवाल उठाए

- चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए 11 दस्तावेज स्वीकार किए जा रहे हैं, लेकिन आधार कार्ड और वोटर आईडी जैसे अहम पहचान पत्रों को मान्यता नहीं दी जा रही है।
- आयोग की प्रक्रिया स्पष्ट और समान नहीं है। अगर कोई व्यक्ति 2003 की वोटर लिस्ट में शामिल है तो उसे अभिभावकों के दस्तावेज या नागरिकता से जुड़े प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन अगर कोई व्यक्ति उस लिस्ट में नहीं है तो उसे नागरिकता साबित करने के लिए दस्तावेज जमा करने होंगे।
- अगर चुनाव आयोग जिस प्रक्रिया को चला रहा है वो सघन पुनरीक्षण है तो नियम के अनुसार अधिकारियों को हर घर जाकर वोटर की जानकारी जुटानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

### ईसी ने कहा, सिर्फ आधार से नागरिकता साबित नहीं होती

- **सुप्रीम कोर्ट:** आधार कार्ड को पहचान पत्र के रूप में मान्यता क्यों नहीं दे रहे हैं
- **ईसी के वकील:** आधार कार्ड से नागरिकता साबित नहीं होती
- **सुप्रीम कोर्ट:** अगर आप वोटर लिस्ट में किसी शख्स का नाम सिर्फ देश की नागरिकता साबित होने के आधार पर शामिल करेंगे तो फिर ये बड़ी कसौटी होगी। यह गृह मंत्रालय का काम है। आप उसमे मत जाइए। उसकी अपनी एक न्यायिक प्रक्रिया है।
- **ईसी के वकील:** आरपी एक्ट में भी नागरिकता का प्रावधान है।
- **सुप्रीम कोर्ट:** आपको अगर यह करना है तो फिर इतनी देरी क्यों की। यह चुनाव से ठीक पहले नहीं होना चाहिए।

### कोर्ट रूम क्या हुआ?

**याचिकाकर्ता के वकील:** अब जबकि चुनाव कुछ ही महीनों दूर हैं, चुनाव आयोग कह रहा है कि वह पूरी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 30 दिनों में करेगा।

**सुप्रीम कोर्ट:** एसआईआर प्रक्रिया में कोई बुराई नहीं है, लेकिन यह आगामी चुनाव से कई महीने पहले ही कर ली जानी चाहिए थी। भारत में मतदाता बनने के लिए नागरिकता की जांच करना आवश्यक है, जो संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आता है। चुनाव आयोग जो कर रहा है, वह संविधान के तहत अनिवार्य है और इस तरह की पिछली प्रक्रिया 2003 में की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट:** एसआईआर के दौरान दस्तावेजों की सूची से आधार कार्ड को बाहर रखा जा रहा है।

**चुनाव आयोग:** वोटर रिवीजन के दौरान सिर्फ आधार ही नहीं मांगा जा रहा, अन्य दस्तावेज भी मांग रहे हैं।

### बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगी: सुप्रीम कोर्ट

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि रिवीजन की प्रक्रिया में आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। अभी ये दस्तावेज चुनाव आयोग स्वीकार नहीं कर रहा था।

### समस्या प्रकिया में नहीं, टाइमिंग में है

सुनवाई के दौरान जस्टिस धूलिया ने कहा, समस्या आपकी प्रक्रिया में नहीं है। समस्या आपके टाइमिंग की है। क्योंकि जिन लोगों को सूची से हटाया जा सकता है, उनके पास इसके अपील करने का समय नहीं होगा। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सुनवाई का मौका दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

### महाराष्ट्र की तरह बिहार चुनाव में चोरी की कोशिश: राहुल

बुधवार को बिहार बंद में शामिल हुए राहुल गांधी ने कहा, चुनाव आयोग मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों के वोट छीनने का तरीका है। ये बिहार है और बिहार की जनता ये नहीं होने देगी। हमारे लोग चुनाव आयोग से जाकर मिले। मैं नहीं जा पाया था। इलेक्शन कमीशन बीजेपी और आरएसएस नेताओं की तरह बात कर रहे हैं। वो भूल गए कि वो बीजेपी नेता नहीं हैं। मैं कहता हूं आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा।

### डेढ़ लाख एजेंट जुटे हैं, किसी का नाम नहीं कटेगा

बिहार में फिलहाल करीब 7 करोड़ 89 लाख वोटर हैं। इसमें से करीब 4 करोड़ 96 लाख वोटर 2003 के वोटर लिस्ट में भी शामिल थे। उनका वेरिफिकेशन नहीं होगा। यानी बाकी बचे 2 करोड़ 93 करोड़ वोटरों का ही वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके लिए राजनीतिक दलों के करीब डेढ़ लाख बूथ लेवल एजेंट इस मुहिम में जुटे हैं। इसमें सभी दलों के लोग शामिल हैं। ऐसे में किसी वैध वोटर के नाम कटने की गुंजाइश कम है। अभी भी सभी राजनीतिक दल ज्यादा से ज्यादा बीएलए बनाकर लिस्ट को पारदर्शी बना सकते हैं।

### पिछली बार भी 31 दिन में हुआ था वेरिफिकेशन

चुनाव आयोग का कहना है कि पिछली बार यानी 2003 में 31 दिन में ही एसआईआर हुआ था। इस बार भी कमोबेश एक महीने का टाइम है। अभी करीब डेढ़ लाख बीएलए काम पर जुटे हैं। एक बीएलए एक दिन में अधिक से अधिक 50 आवेदन बूथ लेवल आफिसर के पास जमा कर सकता है। इस तरह एक दिन 75 लाख से अधिक आवेदन बीएलओ के पास जमा हो सकता है।

### कोर्ट ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा

- क्या उसके पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार है।
- इसके लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई।
- इसमें कितना समय लगेगा।

इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि समय बीतने के साथ, मतदाताओं के नाम शामिल करने या बाहर करने पर विचार करने के लिए मतदाता सूची को संशोधित करने की जरूरत होती है। राकेश द्विवेदी ने पूछा अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार नहीं है, तो यह कौन करेगा?

### आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: चुनाव आयोग

मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है। अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था। इसमें अब बहुत देर हो चुकी है।

## साांई हॉस्पिटल कोथांवा: मौत का अड्डा, डिग्री चोरी का धंधा

# फर्जीवाड़े की फ़ैक्ट्री का खुलासा तय

जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट
लखनऊ




फाइल फोटो

अब बस और नहीं! इलाज की आड़ में खुलेआम खेली जा रही है मौत की सौदेबाज़ी और प्रशासन खामोश तमाशबीन! 41 मिनट 27 सेकंड तक कैमरे के सामने ग्रामीणों ने जो उगला, वो सिर्फ बयान नहीं था - वो एक फर्जी हॉस्पिटल के नाम पर चल रहे अपराध साम्राज्य की चार्जशीट थी। साई हॉस्पिटल कोथांवा अब एक अस्पताल नहीं, स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे पल रही धोखाधड़ी की फैक्ट्री बन चुका है।

### डॉक्टर बेखबर, डिग्री का इस्तेमाल गुनहगारों के हाथ में

जिन डॉक्टर्स के नाम पर इस हॉस्पिटल को लाइसेंस दिया गया उन्हें तक नहीं पता कि उनकी डिग्रियों का इस्तेमाल हो रहा है! यानी डिग्री किसी की, दस्तख़त किसी और के - इलाज के नाम पर चल रही है लूट की दुकान। जन एक्सप्रेस को मिले सबूत चीख-चीख कर बता रहे हैं कि यहां न योग्यता है, न कानूनी मंजूरी - सिर्फ दलालों का कब्ज़ा, और मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़।

### प्रशासनिक सरंक्षण या मिलीभगत?

सबसे बड़ा सवाल क्या ये सब बिना सरकारी संरक्षण के मुमकिन है? जवाब साफ है नहीं! जन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से ऐसे नामों की सूची तैयार की है जो इस फर्जीवाड़े की जड़ों तक सरंक्षण दे रहे हैं - अब ये नाम भी जल्द जनता के सामने होंगे।

### अस्पताल की आड़ में व्यापार वो भी ज़िंदगियों का

इस तथाकथित अस्पताल में न क्वालिफाइड स्टाफ है, न कोई पारदर्शी प्रक्रिया। यहां इलाज नहीं, मौत की सौदेबाज़ी होती है। ग्रामीणों ने कैमरे पर साफ कहा यहां पैसे दो, पर्चा लो इलाज नहीं, बहाना मिलता है मरने का!

### जन एक्सप्रेस की सीधी चेतावनी

- अब वक्त आ गया है जब यह साांई हॉस्पिटल नहीं, फर्जीवाड़ा हास्पिटल कोथांवा कहलाया जाए।
- जन एक्सप्रेस ने ठान लिया है इस हॉस्पिटल से जुड़ा हर दस्तावेज़, हर फर्जी डिग्री, हर दलाल का नाम
- इस पूरे नेटवर्क को सरंक्षण देने वाले अफसरों और नेताओं का चेहरा और सबसे जरूरी इस लूट की कीमत चुकाने वाले मासूम मरीजों की कहानियाँ... खुल कर जनता के सामने लाएगा।
- अगली रिपोर्ट में किन अफसरों ने आंखें मूंदी रखीं?
- कौन विधायक/नेता देता है सरंक्षण?
- किस दलाल के हाथ में है मरीजों की जिंदगी?
- जन एक्सप्रेस पूछेगा और जवाब लेकर रहेगा या तो जवाब दो, या इस्तीफा दो!

## हरदोई स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ का


# 'सेलेक्टिव फेरबदल'

### 14 साल से जमे डॉ. विपुल वर्मा पर रहम क्यों? आदेश में नाम तक नहीं, क्या सीएमओ की नीति में निष्पक्षता दम तोड़ चुकी है?

जन एक्सप्रेस। हरदोई

जनपद हरदोई के स्वास्थ्य विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से एक बड़ा आदेश निकला 11 चिकित्साधिकारियों के कार्यों में फेरबदल कर नई जिम्मेदारियाँ बांटी गईं। दावा किया गया कि इससे व्यवस्था में पारदर्शिता और गति आएगी, लेकिन हकीकत ये है कि फेरबदल की नीति सिर्फ कुछ चुनिंदा नामों पर ही चलाई गई, बाकी 'चहेते' अफसर फिर सुरक्षित बचा लिए गए।





कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई।

आदेश

### जिन्हें इधर-उधर किया गया, उनकी सूची देखिए पर सवाल वहीं है, डॉ. वर्मा कहां हैं?

- **डॉ. अरविंद सचान:** सीएमएसडी, पीसीपीएनडीटी सहित 5 विभागों के प्रभारी
- **डॉ. मनोज सिंह:** नगर स्वास्थ्य, सर्विलांस और शहरी मिशन
- **डॉ. शरद वैश्य:** टीबी उन्मूलन
- **डॉ. सुरेन्द्र:** प्रतिरक्षण और बजट
- **डॉ. नोमानउल्ला:** एनसीडी और बावन सीएचसी
- **डॉ. रामकृष्ण:** कोर्ट केस व भरावन सीएचसी
- **डॉ. पंकज मिश्रा:** बेहन्दर व जेल चिकित्सालय
- **डॉ. विनीत तिवारी:** पिहानी, आयुष्मान और कुष्ठ
- **डॉ. जितेन्द:** अंधता निवारण
- **डॉ. अभिमन्यु:** जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन, आरबीएसके
- **डॉ. अरविन्द मिश्रा:** पीसीपीएनडीटी, सण्डीला, दिव्यांग

### सबसे चौंकाने वाला नाम है: डॉ. विपुल वर्मा

मानव सम्पदा पोर्टल के अनुसार डॉ. वर्मा 11 अप्रैल 2011 से लगातार एक ही तैनाती पर जमे हुए हैं, लेकिन सीएमओ के ताजे आदेश में उनके कार्यक्षेत्र में न कोई बदलाव किया गया, न ही नाम तक का ज़िक्र।

### क्या सीएमओ कार्यालय की कार्यशैली अब व्यक्तिगत समीकरणों पर टिक गई है?

यह वही विभाग है जहां सालों से योजनाएं फाइलों में सड़ रही हैं, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र बदहाल पड़े हैं और जनता इलाज के लिए दर-दर भटक रही है। बावजूद इसके 14 वर्षों से कुर्सी से चिपके एक अधिकारी को नहीं छूना—क्या इसे सिस्टम का रोग नहीं कहा जाए?

### जब पूरा विभाग हिला तो डॉ. विपुल वर्मा को किस ताकत ने बचा लिया?

जब 11 अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों को इधर-उधर किया गया कोई सीएचसी का प्रभारी बनाया गया, कोई आरबीएसके का नोडल, कोई क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट में झोंक दिया गया, तब डॉ. विपुल वर्मा को हाथ तक नहीं लगाया गया! क्या यह विभागीय सौदेबाजी नहीं? क्या नियम सिर्फ कुछ लोगों पर ही लागू होते हैं?

### जनता और जिम्मेदार अफसरों को चाहिए जवाब

- क्या सीएमओ फेरबदल की नीति केवल दिखावा है?
- क्यों नहीं छेड़ा गया 14 वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे डॉ. वर्मा को?
- क्या विभाग में अब नियम-कानून से ऊपर नजदीकियां और संपर्क हैं?

### अब जनता और सिस्टम पूछ रहा है

- क्या डॉ. विपुल वर्मा स्वास्थ्य विभाग के 'अंतिम सम्राट' हैं, जिन्हें कोई आदेश नहीं छू सकता?
- क्या 14 वर्षों की जमी हुई तैनाती के बावजूद सीएमओ की कलम वहां जाकर थम जाती है?

### अगर नियम सबके लिए हैं तो अपवाद क्यों?

और अगर अपवाद बनाना ही है, तो फिर ये आदेश सिर्फ दिखावा क्यों नहीं माना जाए?

### अफसरों की चुप्पी

जनता देख रही है, अफसरों की चुप्पी भी दर्ज हो रही है। अब ज़रूरत है कि शासन ऐसे चयनात्मक फेरबदल की जांच करे और 'स्थायी तैनाती संस्कृति' पर गाज गिराए।

## धर्मांतरण की छांगुर स्टोरी: पूरी तरह ध्वस्त हो गया अवैध अड्डा, पांच करोड़ की कोठी ढहाने में 4.67 लाख हुए खर्च

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

बलरामपुर यूपी के बलरामपुर में धर्मांतरण का अड्डा बनी छांगुर की पांच करोड़ की कोठी पूरी तरह धराशायी कर दी गई। धर्मांतरण और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोपी छांगुर ने यह कोठी वर्ष 2022 में नीतू उर्फ नसरीन के नाम से बनवाई थी। दो दिन पहले मंगलवार को इसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। 10 बुलडोजर तीन दिन में कोठी ढहा पाए। आखिर में मुख्य गेट को धराशाई कर दिया गया। यह गेट सुरक्षा को देखते हुए तैयार किया गया था। इस पर संगमरमर लगाया गया था। एटीएस द्वारा छांगुर की गिरफ्तारी के बाद सरकारी बंजर जमीन पर बनाई गई कोठी ढहाने की कवायद शुरू की गई। पिलर पर बनी 40 कमरों की कोठी को गिराने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक मीटर भाग तोड़ने में एक घंटे से अधिक का समय लग रहा था। प्रतिदिन 10-10 घंटे बुलडोजर को चलाया गया। इसके बाद भी दो बिस्वा में बनी कोठी गिराने में तीन दिन लग गए।



### पांच करोड़ की कोठी गिराने में लगे 4.67 लाख

मधपुर में छांगुर ने दो बीघे में एक परिसर का निर्माण कराया था। बताया जाता है कि इस पर 12 करोड़ का खर्च आया था। जिस कोठी को गिराया गया है, उसके निर्माण पर पांच करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इसे गिराने में प्रशासन को करीब 4.67 लाख रुपये खर्च करने पड़े। तहसील प्रशासन ने खर्च का ब्यौरा तैयार किया है। इसकी वसूली आरोपी नीतू नसरीन से ही की जाएगी। सीधे धनराशि जमा न करने पर आरसी जारी करके रिकवरी की जाएगी।

### दूसरी कोठी पर ताला लगाकर बढ़ा दी गई निगरानी

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोठी कितनी मजबूत बनाई गई थी। छांगुर ने एक ही परिसर में दो कोठी और एक अस्तबल बनवाया था। इसमें गेट के बाईं तरफ की कोठी गिरा दी गई है। इसके अलावा दूसरी कोठी वैध होने के कारण उसमें ताला लगा दिया गया है। इसकी निगरानी भी बढ़ा दी गई है। एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि अवैध निर्माण पूरी तरह ढहा दिया गया है। इसके साथ ही मुख्य गेट भी अवैध ही बना था। अंदर एक दूसरा गेट बनाया गया था, जो वैध था। उसे नहीं गिराया गया है।

### ध्वस्त हुआ डिग्री कॉलेज और प्रशिक्षण संस्थान खोलने का सपना

जरायम की दुनिया में कदम रखने का अंजाम मधपुर में बृहस्पतिवार को दिखा। छांगुर की सहयोगी नीतू नसरीन ने डिग्री कॉलेज खोलने का सपना देखा था। वर्ष 2024 में ही सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से मान्यता का प्रयास भी किया था। लेकिन, सफलता नहीं मिली थी। इस कोठी का निर्माण बंजर जमीन पर कराया गया था। कोठी के ढहने के साथ ही डिग्री कॉलेज व प्रशिक्षण संस्थान खोलने का सपना भी ध्वस्त हो गया।

## सीएम धामी ने किया अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का निरीक्षण, विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून में रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने किरसाली चौक, आई.टी पार्क, ननूरखेड़ा, आमवाला, तपोवन, शांति विहार में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन को प्रभावित लोगो को हर संभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नियमित रूप से नालियों की सफाई करने और जल भराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतते हुए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएं।



### विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने स्थानीय पुलिस बलों, सभी विभागों को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही रिस्पॉन्स टाइम को कम से कम रखते हुए प्रभावित लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करें।

# बुंदेलखण्ड के किसानों की जमीनों पर है उद्योगपतियों की नजर: राकेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह टिकैत ने गुरुवार को धर्मनगरी का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बुंदेलखण्ड के किसानों द्वारा अन्ना प्रथा को लेकर एक अगस्त से प्रस्तावित आंदोलन का पुरजोर समर्थन करने की अपील की।

जनपद के एक दिवसीय दौरे में आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह टिकैत ने गुरुवार को पटेल चैक पर भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कृषि भवन में किसानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के साथ किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में किसानों की जमीनों पर उद्योगपतियों की नजर हैं। बुन्देलखण्ड का किसान भूमि अधिग्रहण की चपेट में है। देश के किसानो को अपनी फसलों का सही दाम नहीं मिल पा रहा है, सही दाम के लिए देश में एमएसपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए। कहा कि बुंदेलखंड में अन्ना गोवंश भी किसानों के लिए बड़ी समस्या है। सरकार बड़ी नन्दी गोशालाओं का निर्माण कर बुंदेलखंड के किसानो को अन्ना जानवरों से मुक्त कराएं। इसके अलावा उन्होंने विद्युत विभाग के निजीकरण का भी विरोध किया। साथ ही खाद की समस्याओं को लेकर कहा कि समय से डीएपी और यूरिया न मिलने से किसानों को परेशानी होती है। इसके अलावा खाद लेने वाले किसानों को नैनो यूरिया जबरन थमाई जाती है, जबकि इसका कोई लाभ खेती में नहीं मिलता है। नैनो यूरिया लेने के लिए किसानों पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। बताया कि इन समस्याओं को लेकर जनपद में आगामी एक अगस्त से आंदोलन किया जाएगा। साथ ही आगामी 15 अगस्त को पूरे देश में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। सरकार स्कूल बंद कर रही है, जो किसानों व मजदूरों को अनपढ़ बनाने की सोची समझी साजिश है। सरकार को बेरोजगारी पर ध्यान देने की जरूरत है। भाकियू किसान हितों के मुद्दों को लेकर संघर्ष करता है, भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर सारी पार्टियों का एजेंडा किसानों की जमीन छीनने का रहता है। पांच किलो राशन देकर किसानों की जमीन छीनने का षडयंत्र चल रहा है। आने वाले चुनाव में किसकी सरकार बनेगी यह बात सत्ता पक्ष या विपक्ष के लोग कह सकते है। भाकियू को चुनावी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।

इस मौके पर भाकियू युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, तीरथ सिंह, फौजी कमलेश सिंह, शिव सिंह, श्रीकेशन राजपूत, रामेश्वर, संत गोपाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया। जिला कारागार में प्राधिकरण सचिव ने महिला बैरक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां 14 दोष सिद्ध महिला बन्दी व 15 विचाराधीन महिला बन्दी निरूद्ध पायी गयी। निरूद्ध महिला बन्दियों में से एक दोष सिद्ध महिला बन्दी 70 वर्ष से अधिक उम्र की है। महिलाओं के साथ तीन बच्चे भी पाये गये। निरूद्ध महिला बन्दियों से निःशुल्क अधिवक्ता व जेल अपील के बारे में वार्ता की गयी। यह भी बताया गया कि किसी बन्दी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो जिलाकारागार चित्रकूट में संचालित लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत अधिकार मित्र को अवगत कराकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। इसके बाद प्राधिकरण सचिव ने जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। जिसमें अनुरक्षित पंजिकाओं को देखा गया। जिसमें विधिक सहायता प्राप्त करने वाले बन्दियों का विवरण उचित रूप से जेल अधिकार मित्रों द्वारा अंकन किया गया था। अन्तिम प्रवृष्टि बीती 30 जून की पायी जाने पर जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि पंजिका में सम्पूर्ण प्रवृष्टि दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कुश कुमार सिंह अधीक्षक जिला कारागार, सुनील कुमार वर्मा जेलर, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह, कौशलेन्द्र मिश्रा, प्रमोद कुमार कनौजिया, बृजकिशोरी आदि मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पूरे राष्ट्र में मध्यस्थता अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें छोटे-छोटे मामले, जो वैवाहिक प्रकृति, घरेलू हिंसा, चेक बाउन्स, भरण पोषण, आदि से सम्बन्धित हो को, आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। यदि कोई विचाराधीन बन्दी अपने ऐसे मामलों का सुलह के आधार पर समझौता कराना चाहते हैं, तो लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित कर सकते हैं।

# द्विवार्षिक अधिवेशन में परिषद के अध्यक्ष चुने गए संदीप श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन गुरुवार को जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित रामलीला भवन में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हुए चुनाव में संदीप श्रीवास्तव को अध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम में परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष ई हरि किशोर तिवारी ने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ कर्मचारी व उसके आश्रित परिवारों को दिया जाना चाहिए ताकि गंम्भीर बीमारियों के इलाज में कर्मचारियों की सारी जमापूंजी खर्च न हो। प्रांतीय महामंत्री शिववरन सिंह यादव ने कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करें ताकि कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा हो एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो। संरक्षक वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों मांगे पूरी करनी होगी। इस दौरान कर्मचारियों की समास्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन भी दिया गया। इस दौरान परिषद को मजबूत बनाने के लिए मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें सर्व सम्मति से वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी को संरक्षक, संदीप श्रीवास्तव को अध्यक्ष, अशोक कुमार यादव को उपाध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह को जिला महामंत्री, ब्रजेश कुमार यादव को कोषाध्यक्ष तथा सुरेन्द्र पाण्डेय को चुना गया।

इस मौके पर परिषद के रूपेश कुमार पाण्डेय, सुजीत, कृष्ण पाल सिंह, अनिल कुमार, अजय कुमार पाण्डेय, जगबलि सिंह, अखिलेश कुमार पाण्डेय, अनुराग द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# साहित्य सम्मान के लिए 18 अगस्त तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिए 10 बाल साहित्य सम्मानों सुभद्रा कुमारी चैहान महिला बाल साहित्य सम्मान, सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान, निरंकार देव सेवक बाल साहित्य इतिहास लेखक सम्मान, अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान, शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान, लल्ली प्रसाद पाण्डये बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान, डॉ रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान, आचार्य कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान, जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान एवं उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान के लिए साहित्यकारों व साहित्यिक संस्थाओं से संस्तुतियॉ आमंत्रित की गयी है। बताया कि इस योजना के तहत 10 सम्मानों के लिए संस्तुतिकर्ता अपनी संस्तुति नाम, पता, दूरभाष सहित तथा जीवनवृत्त संस्तुति प्रपत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर डाक द्वारा संस्थान को भेज सकते है। बताया कि प्रत्येक सम्मान की धनराशि इक्यावन हजार रूपये होगी, जिसकी अन्तिम तिथि 18 अगस्त है।

# पुलिस ने लाखों के खोए हुए मोबाइल फोन किए बरामद

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक लाख 20 हजार रुपये कीमत के सात खोए हुए मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए। खोए हुए मोबाइल पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

कोतवाली में संचालित सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) है। यह एक केंद्रीकृत प्रणाली है जो मोबाइल उपकरणों को उनके आईएमईआई (इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी) नंबरों का उपयोग करके मोबाइल को ट्रैक करती है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह व चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह के साथ ट्रेसर आनंद कुमार सचान ने पुलिस पोर्टल का उपयोग करते हुए कोतवाली क्षेत्र से खोये हुए सात मोबाइल फोन को बरामद किया गया था। इनकी कीमत लगभग एक लाख 20 हजार रुपये है। पुलिस ने बरामद हुए मोबाइल उनके स्वामी नीरज कुशवाहा जालौन, अर्जुन अकोढ़ी दुबे, दीपक सिंह सेंगर जालौन, अदनान सैयागेट झांसी, प्रवेंद्र उर्फ गोलू सेंगर कुरसेडा गोहन, छत्रपाल सिंह लोधी नारायणपुरा टीकमगढ़ मध्य प्रदेश, कन्हैयालाल जायघा रामपुरा को बुलाकर उन्हें सौंप दिए। खोए हुए मोबाइल फोन पाकर उनके स्वामियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक में लगी आग, सूचना पर पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के एसपी आवास के पीछे मोहल्ला लहरियापुरा में घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लग गई। जिससे वह जलकर पूरी तरह स्वाहा हो गई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नजरपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र जगमोहन वुधवार को बाइक से जालौन रोड़ स्थित पर्वत हाउस के पीछे अपने मकान पर आया था। बताया गया कि देर रात्रि अपने दरवाजे के सामने बाइक ख़डी करके अन्दर आ गया। तभी देर रात को उसे टायर फटने की आवाज सुनाई दी, आवाज सुनकर उसने घर के बाहर आकर देखा तो बाइक धूं-धूंकर जल रही थी। उसका आरोप है कि उसकी बाइक को किसी अराजकतत्व द्वारा जलाया गया है। खबर मिलते ही जेल चौकी प्रभारी शीलबन्त सिह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। फिलहाल चौकी प्रभारी ने घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत, शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम उसरगांव के पास हाईवे पर अज्ञात व्यक्ति हादसे का शिकार हो गया। पुलिस के मुताबिक गुरूवार सुबह हाईवे उसरगाव से आगे एक व्यक्ति के घायल पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुंची ज्ञान भारती चौकी पुलिस ने उसे गम्भीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाली प्रभारी परमहँस तिवारी ने बताया कि दुर्घटना के दौरान उक्त व्यक्ति पैदल जा रहा होगा, तभी पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिसकी अधिक रक्तरिसाव होने से मौत हुई होगी। मृतक के पास से महज एक मोबाइल मिला है, जिसमे सिम भी नहीं है, इसलिए उसमे किसी का फोन भी नहीं आ रहा है।

# मुख्य मण्डल प्रभारी मान सिंह कुशवाहा का जनपद आगमन पर हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर बसपा नेता मान सिंह कुशवाहा को पार्टी का चित्रकूट धाम मण्डल का मुख्य मण्डल प्रभारी बनाया गया है। गुरुवार को उनके चित्रकूट आगमन पर पार्टी कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया।

जिला मुख्याालय स्थित कार्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि नवनियुक्त मुख्य मण्डल प्रभारी मान सिंह कुशवाहा अब तक चित्रकूट के जिला प्रभारी थे। अब बसपा मुखिया के निर्देश पर संगठन द्वारा उनकी जिम्मेदारी बढ़ा दी गई है। उम्मीद है कि नवनियुक्त मुख्य मण्डल प्रभारी पूरे क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को बढ़ाते हुए संगठन मजबूत करेंगे।

इस दौरान नवनियुक्त मुख्य मण्डल प्रभारी मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, कार्यकर्ताओं के सहयोग से वह निष्ठापूर्वक काम करते हुए बसपा मुखिया के विश्वास पर खरे उतरेंगे। इस मौके पर वामसेफ के जिला संयोजक बृजमोहन वर्मा, रोहित सिंह पटेल, नत्थू प्रसाद वर्मा, चैतूराम वर्मा, सुरेश सिंह कुशवाहा फौजी आदि मौजूद रहे।

# हाईवे किनारे सूखे तालाब में गिरी कार, दम्पति व पुत्र घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**




कुठौंद थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के मासूम सहित कई लोग घायल हो गए।

जिला औरैया के दिबियापुर कस्बा निवासी आशीष मिश्रा गुरुवार की सुबह अपने परिवार को कार से लेकर जालोनी माता मंदिर दर्शन कराने लाए थे। बताया गया कि वह दर्शन करने के बाद अपनी कार से वापस लौट रहे थे। इस दौरान कार सवार लोग जालौन-औरैया स्टेट हाईवे पर इटहा कालपी गांव के पास पहुंचे थे। तभी अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर कई पलटे खाते हुए सीधे सूखे तालाब में जा गिरी। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार फंसकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में कार सवार 11 वर्षीय तेज मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य परिजनों को हल्की चोटें आई हैं। जो प्राथमिक उपचार के बाद अपने रिश्तेदारों के साथ घर लौट गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या हादसे का कारण तेज रफ्तार का प्रतीत होता है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में फिर से अव्वल बना जालौन

## लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रृंखला में जनपद की प्रशासनिक दक्षता को मिला नया मुकाम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मासिक रैंकिंग में जनपद जालौन ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रशासनिक दक्षता, योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और पारदर्शी कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह सफलता माह जून 2025 की रैंकिंग में दर्ज की गई, जो दर्शाती है कि जनपद लगातार विकास कार्यों और राजस्व प्रगति में अग्रणी बना हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रदेश के समस्त जनपदों के लिए एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन प्रणाली बन चुका है, जिसके अंतर्गत शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकास गतिविधियों तथा राजस्व वसूली की स्थिति का आंकलन किया जाता है। जनपद जालौन का प्रदर्शन पिछले एक वर्ष से लगातार सराहनीय रहा है।जनवरी 2024 में जहाँ जालौन की रैंक 18 थी, वहीं फरवरी और मार्च में लगातार प्रथम स्थान पर पहुंचकर जनपद ने प्रशासनिक मजबूती का परिचय दिया। इसके बाद अप्रैल में छठा, मई में दूसरा और जून 2024 में फिर से पहला स्थान मिला। जुलाई से अक्टूबर तक जालौन शीर्ष चार में बना रहा। हालांकि नवंबर में कुछ गिरावट के साथ रैंक 15 रही, लेकिन दिसंबर में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद ने शानदार वापसी की। इसके बाद जनवरी, मार्च और जून 2025 में जालौन पुनः प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जबकि अप्रैल में छठा और मई में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। यह लगातार सफलता दर्शाती है कि जनपद में प्रशासनिक तंत्र न केवल योजनाओं को समय से लागू कर रहा है, बल्कि नागरिकों तक उनके लाभ भी पारदर्शिता के साथ पहुंचा रहा है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी विभागों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी, कड़ी मेहनत और जनसेवा के प्रति ईमानदार प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रेरित किया कि आगामी महीनों में भी इसी उत्साह और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए जनपद को राज्य में एक आदर्श के रूप में स्थापित किया जाए।

जालौन जनपद की यह निरंतर प्रगति मंडलायुक्त महोदय के मार्गदर्शन, तथा शासन-प्रशासन के मध्य समन्वय, अनुश्रवण और जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का भी परिणाम है। इसके साथ ही, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का सतत सहयोग भी इस उपलब्धि का अभिन्न भाग रहा है, जिसने जालौन को प्रदेश के अग्रणी जनपदों में स्थान दिलाया है।

### एक सितम्बर तक भेजे प्रविष्टियां

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 18 ये 30 वर्ष के युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन लखनऊ द्वारा कहानी, कविता, निबन्ध प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गयी है। जिसमें लेखकों को नई कहानी, कविता व निबन्ध तीन प्रतियों में फोटोकापी पेपर में कम्प्यूटर टाइपिंग कराकर भेजनी होगी। जिसमें कहानी व निबंध अधिकतम 2500 शब्द तथा कविता अधिकतम 500 शब्द की होगी। निबंध भारतीय संस्कृति और कुम्भ विषय पर तथा कहानी व कविता भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों पर केन्द्रित होनी चाहिए। इसके अलावा दूसरे पृष्ठ पर कहानी, कविता व निबन्ध के शीर्षक के साथ प्रतिभागी का नाम, पता, दूरभाष संख्या सहित हाईस्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि एक सितम्बर निर्धारित है। इसमें विजेजा लेखकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में सात हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में चार हजार एवं दो सांत्वना पुरस्कार दो-दो हजार रुपये के दिए जाएंगे।

# एक दर्जन डीजे संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

मोहर्रम के अवसर पर नगर में निकाले गए ताजिया जुलूस के दौरान ध्वनि नियंत्रण मानकों का उल्लंघन करने पर 11 डीजे संचालकों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि मोहर्रम के पर्व पर नगर में जुलूस के दौरान कई डीजे साथ में चल रहे थे। पूर्व में सभी ताजियादारों और डीजे संचालकों को थाना परिसर में आयोजित गोष्ठी में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया था कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न्यायालय और शासन द्वारा निर्धारित सीमा में ही किया जाएगा। बावजूद इसके ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों द्वारा कई बार समझाने के बाद भी डीजे संचालकों द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाया गया। जिससे सार्वजनिक शांति, सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुई। ऐसे में चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह द्वारा न्यू मिलन डीजे, अंशू डीजे, कान्हा डीजे, बादशाह डीजे, मेहदी डीजे, मनोज डीजे, नीलम डीजे, सतेंद्र डीजे, कामांक्षा डीजे, आकाश डीजे, एवं अवधेश डीजे के संचालकों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि न्यायालय और शासन के निर्देशों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जिन डीजे संचालकों ने निर्देशों की अवहेलना की है, उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# हमीरपुर की अदालतों में लम्बित पड़े मामलों को सुलह समझौता से निपटाने का आदेश: मनोज कुमार राय

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली सहित मीडियेशन, कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तहत 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक पूरे मुल्क में सुलह समझौता अभियान के तहत दीवानी अदालत कैंपस हमीरपुर में मनोज कुमार राय जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर की सदारत में सुलह समझौता अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सुलह समझौता अभियान के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि इस अभियान के जरिये हमीरपुर जिले में कार्यरत सभी अदालतों में पैन्डिग पड़े शादी के मामले , दुर्घटना दावे से जुड़े मामले, जमीन अधिग्रहण, दाण्डिक शमनीय मामलों सहित दीवानी झगड़ों के मामलों का निपटारा दोनों पार्टियों की मरजी से सुलह समझौता के जरिये से किया जायेगा। जिसके चलते वादकारियों के वक्त और रुपये की बचत होगी साथ ही दोनों पार्टियों के बीच आपसी नाराजगी और दुश्मनी में भी भारी कमी आयेगी। इस मौके पर जिला जज ने सभी पीठासीन अधिकारियों से आपसी सुलह समझौते के जरिये ज्यादा से ज्यादा मामलों को निपटने की अपील की है। इस मौके पर खासतौर से फर्स्ट अपर जिला, सत्र जज प्रहलाद सिंह सेकेंड, स्थाई लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी प्रमोद कुमार-ढ्ढ्ङ्क, लोक अदालत के नोडल अधिकारी व स्पेशल जज (आ0व0अधि0), अनिल कुमार खरवार, अपर जिला, सत्र जज व स्पेशल जज (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) उदय वीर सिंह, अपर जिला जज व स्पेशल जज (द0प्र0क्ष0), रनवीर सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विनय कुमार सिह-ढ्ढ्ङ्क, सिविल जज (सी0डि0), निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अभिषेक त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सिविल जज(सी0डि0)/एफ0टी0सी0, श्रीमती वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू0डि0)/ एफ0टी0सी0, कीर्ति मिश्रा व सिविल जज (जू0डि0), अंकित पाल व लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के डिप्टी, असिस्टेंट, जिला के सभी सरकारी वकील मौजूद रहे।



### पांच देशों की यात्रा के बाद भारत लौटे पीएम...

पीएम नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के बाद वापस लौट आए हैं। उनका विमान गुरुवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर उतरा। पीएम मोदी ने अपने आठ दिवसीय दौरे के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया सहित पांच देशों की यात्रा की... पढ़ें पेज 12 पर...

# जेपी आंदोलन के सेनानी और छात्र राजनीति के पितामह सुरेंद्र विक्रम सिंह से भावपूर्ण भेंट, लखनऊ विश्वविद्यालय एलुमिनाई फाउंडेशन ने किया सम्मान



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जो महज छात्रनेता नहीं, बल्कि आंदोलन की जीवित चेतना रहे हैं। उन्हीं में से एक हैं सुरेंद्र विक्रम सिंह, जो 1961-62 में छात्रसंघ के महामंत्री रहे और आगे चलकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण ÷जेपी÷ के निजी सचिव एवं सहयोगी के रूप में देशव्यापी छात्र-जनांदोलनों का अभिन्न हिस्सा बने। बीते दिनों, लखनऊ विश्वविद्यालय एलुमिनाई फाउंडेशन की ओर से एक भावुक और गरिमामयी पहल करते हुए, विश्वविद्यालय के इन गौरव-पुरुष से उनके निवास मानस सिटी, इंदिरा नगर में एक शिष्टाचार भेंट की गई। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व छात्रसंघ महामंत्री अनिल सिंह वीरू, पूर्व जूनियर लाइब्रेरियन एवं समाजसेवी प्रदीप सिंह बब्बू, तथा पूर्व छात्र जितेंद्र सिंह शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सुरेंद्र विक्रम सिंह ने 29 मार्च 2025 को विश्वविद्यालय एलुमिनाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम महफ़िल-ए-जज़्बात 2025 में भी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर, युवाओं को अपने विचारों और अनुभवों से प्रेरित किया था।

### सम्मान की गई जीवित विरासत

भेंट के दौरान प्रतिनिधियों ने सिंह जी को विश्वविद्यालय छात्रावास की ऐतिहासिक पत्रिका युगांतर, शाल, स्मृति चिह्न, वृक्ष (पौधा) और श्रीमद्भागवत गीता की एक प्रति भेंट कर उनके योगदान को नमन किया। यह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उस आंदोलन की स्मृति का पुनर्संवेदन था जिसने एक पूरी पीढ़ी को दिशा दी थी। सिंह न केवल एक छात्र नेता थे, बल्कि जेपी आंदोलन की बौद्धिक रीढ़ भी माने जाते हैं। उन्होंने 1964 से लेकर जयप्रकाश नारायण के अंतिम समय तक उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। वह उन चंद लोगों में हैं जो राजनीति को सेवा, आंदोलन को विचार और छात्र राजनीति को संस्कार मानते थे।

### एलुमिनाई फाउंडेशन का नया संकल्प

अनिल सिंह वीरू ने इस अवसर पर कहा, हमारा उद्देश्य केवल पूर्व छात्रों को जोड़ना नहीं, बल्कि उस विरासत और विचार को फिर से जीवित करना है जो कभी छात्रसंघ के मंच से देश की संसद तक गूंजती थी। सिंह जी हम सबके प्रेरणा-स्तंभ हैं। प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा, आज की युवा पीढ़ी को यह जानना जरूरी है कि छात्र राजनीति कभी सामाजिक बदलाव की प्रयोगशाला हुआ करती थी। सिंह जी उसी दौर की ज़िंदा किताब हैं।

### एक पौधा, एक विचार

प्रतिनिधियों ने उन्हें एक पौधा भेंट करते हुए कहा, यह पौधा आपके विचारों और मूल्यों का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि यह पीढ़ी दर पीढ़ी पनपता रहे, जैसे आपका संघर्ष और नेतृत्व।

### समापन में एक संकल्प

लखनऊ विश्वविद्यालय एलुमिनाई फाउंडेशन ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि ऐसे ऐतिहासिक योगदानकर्ताओं को समय-समय पर सम्मानित कर, विश्वविद्यालय की विरासत को सहेजने और वर्तमान पीढ़ी को जोड़ने का कार्य जारी रखा जाएगा। यह मात्र एक भेंट नहीं थी, यह इतिहास के साथ संवाद था एक ऐसी पीढ़ी से मिलने का अवसर, जिसने विचारों से इंकलाब लिखा और संघर्षों से नेतृत्व गढ़ा।

# गुरु पूर्णिमा पर नैमिष धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, युवा नेता नरेंद्र गौतम ने लिया गुरु आशीर्वाद, बोली जनता, अब आएगा असली सेवक



जन एक्सप्रेस। नैमिषारण्य

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नैमिष शरण्य धाम की पवित्र धरती आस्था से गूंज उठी। हजारों श्रद्धालु जहां गुरु भक्ति में लीन दिखे, वहीं माल विकासखंड के वार्ड संख्या 06 से जिला पंचायत सदस्य पद के युवा प्रत्याशी नरेंद्र कुमार गौतम की उपस्थिति ने धार्मिक समागम को सामाजिक चेतना का नया आयाम दे दिया। जहां एक ओर नरेंद्र गौतम ने पूरे परिवार संग गुरु चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया, वहीं दूसरी ओर जनसंपर्क की ये ख़ास घड़ी जनविश्वास की परीक्षा भी बन गई। दहियाताली ढोलबजा (पोस्ट बीरपुर, माल) निवासी गौतम ने बड़ी विनम्रता से कहा, गुरु का आशीर्वाद मेरे लिए शक्ति है, और क्षेत्र की सेवा मेरा धर्म।

### जनता में भरोसा विरोधियों में बेचैनी

गुरु दर्शन के इस आध्यात्मिक आयोजन में रामदयाल भारतीय, रामासरे भारत प्रसाद, लियाकत हुसैन, नंदकिशोर, राधेलाल और अजय बाबू जैसे सहयोगियों की उपस्थिति ने यह साफ़ कर दिया कि नरेंद्र गौतम अब सिर्फ़ प्रत्याशी नहीं, जनभावनाओं के प्रतिनिधि बन चुके हैं। जहां श्रद्धालु उनकी सादगी और सेवा भाव के कायल दिखे, वहीं क्षेत्रीय समीकरणों में तेजी से बढ़ती उनकी स्वीकार्यता विरोधी खेमे में बेचैनी का कारण बन चुकी है।

### धार्मिक भाव से राजनीतिक ऊर्जा का संचार

यह स्पष्ट है कि नरेंद्र गौतम का यह सार्वजनिक दर्शन सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि चुनाव पूर्व जनता के दिलों तक पहुंचने की एक सशक्त पहल है। जब धर्म, सेवा और जनभावना एक साथ खड़ी हो जाए—तो बदलाव की बयार को कोई रोक नहीं सकता।

# हज आवेदन के लिए पासपोर्ट पर उपनाम की अब नहीं होगी जरूरत, सरनेम की अनिवार्यता हुई खत्म

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



हज की ख्वाहिश रखने वाले आजमीन अब हज आवेदन से महरूम नहीं होंगे। उन्हें आवेदन के लिए पासपोर्ट पर उपनाम की जरूरत नही पड़ेगी। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने पासपोर्ट पर उपनाम (सरनेम) होने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। हज के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक किया जा सकता है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने बीती सात जुलाई को हज 2026 की घोषणा कर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की थी। आवेदन की प्रकिया शुरू होने के साथ ही हज कमेटी ऑफ इंडिया ने आवेदन के लिए पासपोर्ट पर आवेदक के नाम के साथ उपनाम होना अनिवार्य कर दिया था। नए नियम के मुताबिक पासपोर्ट पर उपनाम न होने की स्थिति में आवेदक ऑनलाइन आवेदन नही कर सकता था। हज कमेटी ने हज आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की है। ऐसे में हज आवेदक काफी परेशान थे। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के नए नियम से हजारों की संख्या में लोग हज के लिए आवेदन करने से महरूम रह जाते। गांव, कस्बे के अलावा शहरों में रहने वाले तमाम लोग अपने नाम के आगे उपनाम नही लिखते हैं। ऐसे हजारों लोग आवेदन नहीं कर सकते थे। वहीं, नया पासपोर्ट बनवाने वाले भी अपने आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड में इतने कम समय में उपनाम नहीं जुड़वा सकते थे। इन समस्याओं को देखते हुए हज कमेटी ने पासपोर्ट में उपनाम की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पासपोर्ट पर उपनाम नही है अब वो भी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले आवेदकों के पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसंबर 2026 तक होना जरूरी है।

# लखनऊ से प्रयागराज जा रही जनरथ बस में किन्नरों का उत्पात, अश्लील हरकतों की मनाही पर यात्रियों को पीटा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ से प्रयागराज जा रही एसी जनरथ बस में बृहस्पतिवार को किन्नरों ने जमकर उत्पात मचाया। यात्रियों से मारपीट व गालीगलौज तक की। किन्नरों ने बस को रुकवाया और यात्रियों को नीचे उतारा। मामले में एफआईआर के लिए चालक, परिचालक ने आलमबाग थाने में तहरीर दी है। यात्रियों को दूसरी बस से भिजवाया गया। मामला रोडवेज की अवध डिपो की बस का है। बस संख्या यूपी 33 एटी 4029 एसी जनरथ बस है। यह बस बृहस्पतिवार सुबह 10:20 बजे आलमबाग बस अड्डे से प्रयागराज के लिए रवाना हुई। बस में चालक जगदीश चंद्र यादव और परिचालक शीला गौतम थे। इसके अतिरिक्त करीब 30 यात्री सवार थे। आलमबाग बस अड्डे से कुछ दूर आगे बढ़ने पर आलमबाग थाने से थोड़ी दूर पहले बस में दर्जनभर किन्नर चढ़ गए। किन्नरों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया। यात्रियों से जबरन वसूली करने लगे। जब यात्रियों ने पैसे देने से इनकार किया तो कुछ किन्नरों ने अश्लीलता की हदें पार कर दीं। किन्नरों ने यात्रियों से मारपीट व गालीगलौज भी की। किन्नरों ने बस को रुकवाया और यात्रियों को उतरवा दिया। आलमबाग थाने में परिचालक व चालक की ओर से शिकायत दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। यात्रियों के उतर जाने के बाद बस खाली वापस लौट आई।

### ...बस रोको, थाने लेकर चलो

बस के अंदर उत्पात करने के बाद किन्नरों ने जबरन बस को रुकवाया। बाहर आकर ईंट व पत्थर उठा लिए तथा शीशा तोड़ने की धमकी देने लगे। इसी बीच और किन्नरों को भी बुला लिया तथा यात्रियों को नीचे उतरवा दिया। परिचालक व चालक ने बताया कि बस रुकवाकर उसे थाने लेकर चलने का दबाव भी किन्नरों ने बनाया। ऐसे में पुलिस व किन्नरों की मिलीभगत के भी कयास यात्रियों ने लगाए।

### साधारण से एसी बसों तक किन्नरों का आतंक

ट्रेन में किन्नरों के आतंक की खबरें आम बात हैं। लेकिन अब बसों में भी किन्नरों ने यात्रियों का सफर मुहाल कर दिया है। खास बात यह है कि आलमबाग, कैसरबाग, कमता सहित सभी बस अड्डों से चलने वाली साधारण बसों में किन्नर यात्रियों के लिए मुसीबत बने हुए थे। लेकिन अब एसी बसों में भी आतंक का पर्याय बन रहे हैं।

### किन्नरों ने की है अभद्रता

बसों में किन्नरों के आतंक को लेकर पुलिस को कई बार चिट्ठियां लिखी गई हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। आलमबाग बस अड्डे पर एसी जनरथ बस में किन्नरों ने यात्रियों से अभद्रता की है, जिसकी तहरीर चालक व परिचालक की ओर से आलमबाग थाने में दी गई है।

# प्रदेश में 17 से 19 जुलाई तक बिजली बिल सुधारने का चलेगा अभियान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के हर खंड में 17 से 19 जुलाई तक बिल सुधार महाभियान चलेगा। इसके तहत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गलत बिल को ठीक करने, नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। पॉवर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि उपभोक्ताओं की हर समस्या का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी के तहत मेगा शिविर का आयोजन हो रहा है। प्रदेश के सभी खंड में 17, 18 और 19 जुलाई को लगने वाले शिविर में उपभोक्ताओं की बिल संबंधी समस्या का समाधान किया जाएगा। मेगा शिविर में प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्प डेस्क पर सुनिश्चित किया जाएगा। बिल रिवीजन के लिए कार्यवाही एक सप्ताह में पूरी की जाएगी।

### महंगी बिजली खरीद और निजीकरण पर परिषद ने खोला मोर्चा

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने महंगी बिजली खरीद और निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बिजली दर की सुनवाई के दौरान बिजली दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने के लिए परिषद विधिक तथ्य रखेगा। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव ही असांविधानिक है। पहले उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ रुपया लौटाया जाए फिर बढ़ोतरी पर बात की जाए। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को निजीकरण के जरिए तीन हिस्से में बांटने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जबकि 11 जुलाई को सुनवाई हो रही है। ऐसे में अप्रैल 2026 तक निजीकरण पर बात करना भी असांविधानिक है। इसी तरह वर्ष 2025-26 के लिए करीब 162130 मिलियन यूनिट बिजली खरीदने का प्रस्ताव है, जिस पर 86952 करोड़ खर्च होगा। प्राइवेट सेक्टर से करीब 64805 मिलियन यूनिट बिजली खरीदी जा रही है, जिसकी लागत 35121 करोड़ प्रस्तावित है। जबकि राज्य विद्युत उत्पादन निगम से 38878 मिलियन यूनिट बिजली करीब 20670 करोड़ में खरीदने का प्रस्ताव है।

# मुकुंद दास धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का धूमधाम से समापन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रणामी संप्रदाय के विश्व प्रसिद्ध मुकुंद दास धाम, मुंशीगंज में एक दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का गुरुवार को गुरु पूजन के साथ धूमधाम से समापन हो गया। धाम के महंत ब्रह्मा ज्योति महाराज ने यह जानकारी दी। महंत ब्रह्मा ज्योति महाराज ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण पीलीभीत के आचार्य पं. शिवदत्त शर्मा द्वारा कही गई श्रीमद्भागवत कथा और श्रद्धालुओं द्वारा किया गया तारतम सागर पाठ पारायण रहा। इसके अतिरिक्त गुरुवार को हुए गुरु पूजन कार्यक्रम ने भी भक्तों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस अवसर पर नेपाल सहित देश के कई राज्यों से भक्त सपरिवार मुकुंद दास धाम पहुंचे।

# राजनाथ सिंह का जन्मदिन बीकेटी में धूमधाम से मनाया गया, कार्यकर्ताओं ने की दीर्घायु की कामना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह का 74वां जन्मदिन बृहस्पतिवार को राजधानी लखनऊ बीकेटी में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। बता दें कि बीकेटी स्थित श्रीपति लॉन में भारतीय जनता पार्टी के बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला एवं भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों और क्षेत्रीय जनों के साथ बड़े ही धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया हैं।इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला ने भाजपा कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर जन्मदिन की खुशी मनाई। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। वहीं कार्यक्रम में मौजूद सभी ने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की, कि वें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्र सेवा की शक्ति प्रदान करें। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में जन्मदिन को लेकर उत्साह और खुशी की लहर दिखाई दी।

# चोरों का आतंक, दुकान के सामने खड़े इलेक्ट्रॉनिक डाला की बैटरी हुई चोरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना अन्तर्गत बीते 6 तारीख को बीती रात चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक डाला को निशाना बनाया। बता दें कि चोरों ने डाले से उसकी बैटरी चोरी कर लीं। वहीं इटौंजा निवासी व्यापारी अनूप मिश्रा पुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने इटौंजा थाने में एक प्रार्थना पत्र देकर इसकी जानकारी दीं। उन्होंने बताया कि उनका इलेक्ट्रॉनिक डाला मार्केट में खड़ा था, जहाँ से चोरों ने उसकी बैटरी चुरा लीं। यह घटना दुकान के पास लगे सीसीटीवी के कैमरे में कैद हुई है, वीडियो में साथ देखा जा सकता है चोर इलेक्ट्रॉनिक दल से बैटरी निकाल कर बगल में खड़ी कर में रख रहे हैं जिसमें तीन से चार लोग दिखाई दे रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है, कि चोरी सुनियोजित तरीके से की गईं हैं। वहीं इस घटना से स्थानीय लोगों ने पुलिस से चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# बीकेटी के ढिलवासी में उच्चीकृत राजकीय हाईस्कूल का शिलान्यास



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के ढिलवासी गाँव में एक महत्वपूर्ण समारोह में उच्चीकृत राजकीय हाईस्कूल शिक्षण संस्थान के निर्माण कार्य का बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्राचीन महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन भी किये, और राजा टीकन नाथ पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वृक्षारोपण किया। विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण को क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है,क्योंकि यह कदम क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में उठाया गया है, इस बहुप्रतीक्षित विद्यालय के निर्माण से स्थानीय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस संस्थान की स्थापना से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होंगी और यह गाँव तथा आस-पास के क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान पर विधायक योगेश शुक्ला,इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र लोधी, प्रधान सुचिता सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अनुज सिंह, विक्रम राम राजेश ,संतोष, जिला पंचायत सदस्य दिनेश लोधी, अंशु त्रिवेदी , ललित सिंह, राम शंकर, आशीष शुक्ला, विनोद बीडीसी, बल्ला महाराज, ज्ञानेंद्र सिंह , राजेश मास्टर, सोमनाथ प्रताप सिंह, सुयेश शुक्ला, पुत्तू मिश्रा, देवनारायण सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद रहें।

# राजनाथ सिंह का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

- डिप्टी सीएम, महानगर अध्यक्ष, विधायक समेत कई भाजपा नेताओं पदाधिकारी ने जन्मदिन की दी बधाई शुभकामनाएं
- लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में किया गया सुंदरकांड का पाठ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



केंद्रीय रक्षा मंत्री,भारतीय जनता पार्टी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह जी का जन्मदिन बृहस्पतिवार को संसदीय क्षेत्र लखनऊ में भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। बता दें कि जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए पूजा अर्चना की गई। वहीं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर द्वारा भी हनुमान सेतु मंदिर में सुंदरकांड पाठ सहित विभिन्न आयोजन किये गये। वहीं हनुमान सेतु मंदिर पार्किंग स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, डॉ महेंद्र सिंह, कमलेश मिश्रा, मुकेश शर्मा,विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव द्वारा सुंदरकांड पाठ व आरती पूजन के उपरांत अतिथियों द्वारा विशेष रूप से बनवाए गए 74 किलो के बड़े लड्डू का केक काटा गया और प्रसाद वितरण किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अतिथियों को तुलसी की माला, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह के रूप में तलवार भेंट की। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता और हमारे जैसे लाखों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक का आज जन्मदिन है और उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं की ओर से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं ।भारत माता की सेवा करने का जो उन्होंने संकल्प लिया है उस संकल्प के साथ सेवा में अनवरत आगे बढ़ते रहे प्रभु से प्रार्थना है। कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ता के साथ कार्य करने की अद्भुत क्षमता है। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा मंत्री के रूप में नकल अध्यादेश लाकर उत्तर प्रदेश के युवाओं की शिक्षा को एक नई दिशा दी। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के रूप में ऐसा रत्न प्राप्त हुआ जिनकी सेवाओं से पूरा विश्व अवगत है। ऑपरेशन सिंदूर और अन्य मिशनों के माध्यम से आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करने का कार्य किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटल जी ने लखनऊ में विकास का जो सपना देखा था उसे आदरणीय राजनाथ सिंह जी पूरा करने का कार्य कर रहे है। लखनऊ में दर्जनों की संख्या में फ्लाई ओवर निर्माण, रिंग रोड,एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण शाहिद अनेकों कार्यों से लखनऊ मॉडल के रूप में उभरा है।हम सभी उनके शतायु जीवन के लिए प्रार्थना करते है। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अत्यंत वरिष्ठ 70 वर्ष आयु से अधिक के 11 कार्यकर्ताओं, और 11 स्वतंत्रता सेनानियों, का सम्मान व अभिनंदन भी किया गया। चार धर्म गुरुओं का भी सम्मान व अभिनंदन किया गया। वहीं सम्मानित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में मनोहर सिंह, संयुक्ता भाटिया, ब्रजकिशोर द्विवेदी,सुशील भट्ट, विनोद सोनकर, श्री रामचंद्र चौरसिया, जी एन सेठ , राजेंद्र श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम पुरी, बिंदेश्वरी जायसवाल प्रेम सिंह रावत को सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, पार्षद गणों और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा 74 बड़े दीप जलाए गए और आरती पूजन करके एवं ईश्वर से राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

# ट्रैक्टर धोने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, तीन गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के महिगवां थाना क्षेत्र के बाजपुर गंगौरा गांव में मंगलवार को मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया। बता दें कि ट्रैक्टर धोने को लेकर शुरू हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी महेंद्र रामसिंह अपने ट्रैक्टर को छोटे लाल के घर के सामने धो रहे थे। छोटे लाल द्वारा आपत्ति जताए जाने पर कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि महेंद्र व उसके साथियों ने लोहे की रॉड, चाकू व बांका से छोटे लाल, रामकुमार और उषा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद हमलावर ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और पीड़ित की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।महिंगवां थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# धूमधाम से मना रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का 74वां जन्मदिन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह का 74वां जन्मदिन बृहस्पतिवार को राजधानी लखनऊ में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और अन्य भाजपा नेताओं ने मिलकर केक काटा और उपस्थित सभी लोगों को लड्डू वितरित कर खुशियाँ मनाईं। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए देश सेवा में उनके निरंतर योगदान की सराहना की।

### सालों पुराने पेड़ों वाली जमीन का विवाद

# चकबंदी में घोटाले की बू: गूंगेमऊ गांव में अधिकारियों पर रिश्वतखोरी और अनियमितता का आरोप

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले के मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के गूंगेमऊ गांव में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संजय चौहान को शिकायती पत्र सौंपकर चकबंदी अधिकारियों पर एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने और अनियमित तरीके से जमीन का आवंटन करने का गंभीर आरोप लगाया है।ग्रामीणों का कहना है कि गांव की कुछ पुरानी बागवानी भूमि बिना सूचना और सहमति के दूसरे लोगों को बांट दी गई है। यह भूमि खाता संख्या 126 की गाटा संख्या 447 व 508 तथा खाता संख्या 128 की गाटा संख्या 509 व 510 में दर्ज है।ग्रामीणों ने इन गाटों को चक से बाहर रखने की मांग की है।शिकायती पत्र में बताया गया कि इन बागों में लगभग सौ साल पुराने छ महुआ,एक नीम और दो चिलबिल के पेड़ मौजूद हैं।बावजूद इसके संबंधित भूमि का विवरण आकार पत्र-5 और आकार पत्र-23 में दर्ज नहीं किया गया।इससे जमीन की कानूनी स्थिति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने अधिकारियों से इस गलती की शिकायत की तो उनसे एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई और पैसा न देने पर उन्हें परेशान करने की धमकी दी गई।कई बार शिकायत के बावजूद अब तक उनकी बात नहीं सुनी गई।इस पूरे प्रकरण पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा है,कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं।और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उम्मीद जताई है कि उन्हें न्याय मिलेगा और उनकी पुश्तैनी जमीन की रक्षा की जाएगी।



# गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा उत्सव सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । अमेठी



गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।इस अवसर पर परिव्राजक सच्चिदानंद तिवारी ने चान्द्रायण कल्प साधना का संकल्प दिलाया। और साधकों को 40 दिन के गायत्री महापुरश्चरण में भाग लेनेका आह्वान किया।गुरु वंदन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।भक्तों ने गायत्री मंत्र के नियमित जप का संकल्प लिया।तथा जीवन में संयम, सेवा एवं साधना को अपनाने की प्रेरणा ली।शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा कि गुरुदेव का युग निर्माण आंदोलन केवल एक मिशन नहीं,बल्कि मानवता को दिशा देने वाली चेतना है।हर घर में गायत्री साधना का वातावरण बनना चाहिए ताकि समाज में नैतिकता और संस्कारों की पुनर्स्थापना हो सके। उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु से ही जीवन में आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता है।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देते हुए श्रद्धालुओं ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में कन्या पूजन व कन्या भोज का भी आयोजन हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।गुरु पूर्णिमा उत्सव में कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं साधक उपस्थित रहे।शक्तिपीठ परिसर दिनभर श्रद्धालु गतिविधियों और भजन-कीर्तन से गूंजता रहा। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ किया गया।

# जनपद में 117 स्कूलों का हुआ विलय,अब 1453 स्कूलों में पढ़ेंगे 1.24 लाख से अधिक छात्र

### बीएसए बोले बच्चों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, 5951 शिक्षकों का होगा समायोजन



जन एक्सप्रेस । अमेठी

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे स्कूल मर्जर अभियान के तहत अमेठी जिले में भी 117 प्राथमिक विद्यालयों का अन्य स्कूलों में विलय कर दिया गया है।अब जिले में स्कूलों की कुल संख्या घटकर 1570 से 1453 रह गई है।अमेठी के प्राथमिक विद्यालयों में फिलहाल 1 लाख 24 हजार से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं।इनकी शिक्षा के लिए वर्तमान में 4159 अध्यापक, 1523 शिक्षा मित्र और 269 अनुदेशक कार्यरत हैं।कुल मिलाकर 5951 शिक्षक इन विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं।

#### बीएसए बोले बच्चों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जानकारी दी कि स्कूलों के विलय से कुछ स्थानों पर छात्र संख्या में कमी आई है,तो कुछ विद्यालयों में शिक्षक आवश्यकता से अधिक हो गए हैं।ऐसे में इन शिक्षकों का समायोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि समायोजन की प्रक्रिया का पहला चरण पूरा हो चुका है।और एक महीने के भीतर इसे पूरी तरह संपन्न कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि स्कूल विलय से छात्रों को बेहतर सुविधाएं,संसाधन और पढ़ाई का वातावरण मिल सकेगा।जरूरत से ज्यादा शिक्षक वाले विद्यालयों से शिक्षकों को अन्य जरूरतमंद स्कूलों में भेजा जाएगा,जिससे हर विद्यालय में शिक्षक संतुलन बना रहे।शिक्षा विभाग का मानना है कि इस कदम से न केवल संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा,बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी सुलभ हो सकेगी।

## आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्यवाही: डीएम के निर्देश पर पकड़ी गई अवैध कच्ची शराब, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार रायबरेली के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण मेंअपराध निरोधक क्षेत्र 1के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। क्षेत्र-1 आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार क्षेत्र-2 आबकारी निरीक्षक रॉबिन आर्या क्षेत्र-3 आबकारी निरीक्षक रमेश यादव क्षेत्र-6 आबकारी निरीक्षक खगेन्द्र सिंह वर्मा मय हमराही की संयुक्त टीम द्वारा थाना मिलएरिया के अन्तर्गत सिद्धा का पुरवा, मालिन का पुरवा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों व संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# बस चालकों की भारी कमी से तीस से अधिक बसें खड़ी, ग्रामीण क्षेत्रों में ठप हुई सेवाएं

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद में परिवहन निगम की बस सेवाएं इन दिनों बुरी तरह प्रभावित हैं।चालकों की भारी कमी के कारण डिपो की 30 से अधिक बसें खड़ी हैं।जिससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही बाधित हुई है,बल्कि निगम को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।परिवहन निगम के अमेठी डिपो में फिलहाल कुल 58 बसें हैं,जिनमें 55 निगम की और 3 अनुबंधित हैं। इन बसों के संचालन के लिए कुल 84 चालकों की आवश्यकता है,जबकि वर्तमान में 15 नियमित और 69 संविदा चालक ही तैनात हैं।

चिंताजनक बात यह है कि नियमित चालकों में से छ चालक किसी न किसी कारणवश बस संचालन के योग्य नहीं हैं।चालकों की भारी कमी के चलते तिलोई,बाजार शुक्ल,बहादुरपुर,त्रिसून्दी,बड़गांव और विशेषरगंज जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में बसें नहीं पहुंच पा रही हैं।इससे गांवों में दैनिक यात्रियों,खासकर विद्यार्थियों और मजदूरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार निगम ने दो माह पूर्व संविदा चालकों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे थे।कुल 65 पदों के लिए प्रक्रिया शुरू हुई थी,लेकिन अब तक मात्र 14 चालकों का चयन हो सका है।एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि चालकों की संख्या बढ़ाने के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।अब सामान्य वर्ग से केवल 100 रुपए,ओबीसी से 50 रुपए शुल्क लिया जा रहा है,जबकि एससी-एसटी वर्ग के लिए यह पूरी तरह निशुल्क है।निगम द्वारा चयनित चालकों को प्रति किलोमीटर 2.06 रुपए मानदेय दिया जाता है। ए आर एम ने बताया कि इस सप्ताह 25 नए आवेदकों को चयनित कर कानपुर में टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है।फिर भी अभी 51 चालकों की तत्काल जरूरत बनी हुई है।स्थिति और गंभीर तब हो सकती है, जब अगले माह 20 नई मिनी बसें अमेठी डिपो को मिलेंगी।यदि समय पर चालकों की व्यवस्था नहीं की गई,तो नई बसों का संचालन भी संकट में पड़ सकता है।

# तम्बाकू रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन के कार्यालय कक्ष में तम्बाकू नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति (डी0एल0सी0सी0) की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में तम्बाकू सेवन के कारण उत्पन्न होने वाले विभिन्न रोगों एवं दुष्परिणामों पर संक्षिप्त चर्चा की गई। तम्बाकू नियंत्रण हेतु गठित सचल दल द्वारा सयुक्त रूप से की जाने वाली छापेमारी की गतिविधियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात निर्देश दिए गए कि तंबाकू दुष्प्रभाव से लोगो को जागरूक किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू/ धूम्रपान निषेध परिसर के अंतर्गत वैधानिक चेतावनी के बोर्ड समस्त कार्यालयों में लगाए जाए, साथ ही कोटपा अधिनियम-2003 सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनिमय) अधिनियम का यदि कोई व्यक्ति उल्लंघन करता है तो विभाग उस पर जुर्माने की कार्यवाही कर सकता है। एक अभियान चलाकर शिक्षण संस्थानों के 100 गज के घेरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए तथा समस्त सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू विक्रेताओं/दुकानों, तम्बाकू उत्पाद निर्माण स्थलों आदि का भौतिक निरीक्षण किया जाए एवं कोटपा अधिनियम-2003 में विहित व्यवस्था के अनुरूप जांच/छापा मारने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध जुर्माना एवं अवधारित कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए तथा प्रत्येक माह की गई कार्यवाही का विवरण भी उपलब्ध कराया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## फिरोज गांधी कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली में शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कराया गया। इसमें छात्र छात्राओं के साथ कॉलेज के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हम सबको अपने अपने हर घर पर कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरूर लगाना चाहिए जिससे हमको शुद्ध ऑक्सीजन और शांतिपूर्ण वातावरण मिल सकें, हमको नीम, पीपल, बरगद और आम जैसे पेड़ो को लगाना चाहिए जिनका जीवनकाल बहुत लंबा हो। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ0 अजय सिंह चौहान, सुशील मौर्या, दिनेश सिंह, संतोष पांडेय, निशिकांत आदि ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया।

# अधूरी सीसी रोड से ग्रामीणों में नाराज़गी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अमेठी




संग्रामपुर विकास खंड के शनिचरा डेहरा गांव में अधूरी पड़ी सीसी रोड से नाराज़ ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को अमेठी तहसील पहुंचकर विरोध दर्ज कराया।उन्होंने उपजिलाधिकारी आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में करीब 200 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू हुआ था,लेकिन बीच में ही कुछ लोगों के हस्तक्षेप के चलते कार्य रुकवा दिया गया।इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बरसात के मौसम में अधूरी सड़क कीचड़ और पानी से भर जाती है,जिससे बच्चों,महिलाओं और बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ व्यक्तियों ने निजी स्वार्थवश निर्माण कार्य को रुकवा दिया है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ,तो गांव वाले मजबूर होकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि शेष सड़क निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए।उन्होंने कहा कि सीसी रोड गांव के लिए बेहद जरूरी है।और इसे जानबूझकर रोकना दुर्भाग्यपूर्ण है।एसडीएम आशीष सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत, कार सवार फरार

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी

मोहनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली अयोध्या राजमार्ग पर अलाईपुर गांव के पास बृहस्पतिवार पूर्वान्ह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।दोनों युवक जिला फतेहपुर के रहने वाले थे,और टीबी की दवा लेने जगदीशपुर जा रहे थे। सामने से तेज़ रफ्तार में आ रही कार से हुई आमने-सामने की भिड़ंत में यह भीषण दुर्घटना हुई।टक्कर के बाद कार सड़क किनारे खड्ड में जा गिरी,और कार सवार मौके से फरार हो गए।मृतकों की पहचान सर्वेश कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र रामसनेही तथा आकाश उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी जिला फतेहपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आकाश अपने मित्र सर्वेश के साथ मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर जा रहा था।वह टीबी की दवा के लिए नियमित रूप से आता था।जब वे अलाईपुर गांव के पास पहुंचे,उसी समय सामने से आ रही तेज़ रफ्तार कार ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी,लेकिन चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे,पर टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उनकी जान नहीं बच सकी।घटना की सूचना मिलते ही मोहनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पुलिस ने मौके से मिली कार को कब्जे में ले लिया है।और वाहन स्वामी की तलाश शुरू कर दी गई है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अलाईपुर गांव के पास का यह मोड़ अत्यंत खतरनाक है।और यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस क्षेत्र को दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है।

## केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व श्रमिक महासंघों द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व श्रमिक महासंघों द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आम हड़ताल के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए आज जिलाधिकारी कार्यालय पर भाकपा ( माले) और आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (ऐक्टू) कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिवाद प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) जिला कमेटी सदस्य हनुमान अम्बेडकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संसद से पारित चार श्रम संहिताएं (लेबर कोड) मजदूर वर्ग के ऐतिहासिक संघर्षों और अकूत बलिदानों से हासिल अधिकारों पर हमला हैं। ये कोड मजदूर-विरोधी और कारपोरेट व मालिकों के हित में हैं। सरकार इन्हें टुकड़ों में लागू कर रही है। ये चारों श्रम संहिताएं संपूर्णता में वापस लेकर और जिन पुराने श्रम कानूनों की जगह ये लाई गई हैं, उन श्रम कानूनों को पुनर्स्थापित किए जाने और %काम के घंटे आठ% की पुनर्बहाली आज की राष्ट्रीय हड़ताल के केंद्र में हैं। सरकार इन 4 श्रम संहिताओं के जरिए मजदूरों ,कर्मचारियों को कॉरपोरेट का गुलाम बनाने में आमदा है। उन्होंने कहा कि देश की सारी सार्वजनिक संपत्तियों को अपने चहेते पूंजीपतियों को उपहार ने सौंपा जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार बिजली का निजीकरण कर रही है। पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को निजी हाथों में सौंपने का काम हो रहा है। यह घोर जनविरोधी कदम है। निजीकरण से बिजली मंहगी होगी, कर्मियों की सेवा व आरक्षण प्रभावित होगा और फायदा निजी कंपनियों को होगा। लिहाजा उत्तर प्रदेश सरकार बिजली के निजीकरण का फैसला फौरन वापस ले। तथा गरीबों को दो सौ यूनिट प्रति माह बिजली मुफ्त दी जाए और अनाप-शनाप बढ़े हुए फर्जी बिजली बिल पर रोक लगे। स्मार्ट मीटर योजना रद्द हो। ऐक्टू जिला सचिव राम गोपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कक्षा एक से आठ तक के 27000 सरकारी प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद कर रही है। छात्रों की कम संख्या होने को आधार बता कर इसे मर्जर व पेयरिंग का नाम दिया गया है।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एनटीपीसी में व्रहद वृक्षारोपण



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

वन महोत्सव, जिसे ÷पेड़ों का त्योहार÷ के रूप में जाना जाता है। इसको आत्मसात करते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी वन महोत्सव मनाया गया। व्रहद वृक्षारोपण अभियान के तहत किए गए आह्वान ÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0÷ थीम के अनुरूप एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा सामाजिक वानिकी विभाग रायबरेली उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण आयोजित किया गया। यह वृक्षारोपण अरखा ऐश डाइक के पास किया गया। एनटीपीसी ने इस साल पैंतालीस हज़ार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया हैं।

परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण आशुतोष विश्वास, महाप्रबंधक प्रचालन दिलीप कुमार साहू, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर रामबिहारी शुक्ला एवं एनटीपीसी ऊंचाहार के अन्य विभागाध्यक्ष ने पौधारोपण के कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्ष आरोपित किए।

अपर महाप्रबंधक तकनीकी तथा पर्यावरण प्रबंधन विभाग, प्रीति सिन्हा द्वारा सभी का स्वागत किया गया। पर्यावरण विभाग के उप-महाप्रबंधक आनंद लोहकरे ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है की विद्युत उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदन शील बने रहना एनटीपीसी की कॉरपोरेट नीति है और उसी के तहत हर साल एनटीपीसी विद्युत गृह के आस पास के क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने के लिए हजारों पेड़ों का वृक्षारोपण करती है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में गुरु पूर्णिमा पर याद किये गए महर्षि वेदव्यास

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास को श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:। गुरु: साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:॥ 卐 श्लोक को परिलक्षित करते हुए विद्यालय के छात्र अविरल, पावस और अभिनव ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश की भूमिका तथा अक्षय ने गुरु और अदिति एवं अभिराज ने छात्र की भूमिका में सभी का मन मोह लिया और छात्रा अंजली, आस्था, जाह्नवी और धनवी ने गुरु गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि आज सभी आध्यात्मिक और शैक्षणिक गुरुओं को सम्मान देने का एक धार्मिक त्योहार है, गुरु का महत्व ईश्वर से भी बढ़कर है, क्योंकि गुरु के द्वारा ही हमें ईश्वरीय सत्ता का भान होता है।

कानपुर नगर एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025




### जौनपुर की बेटी ने बढ़ाया मान...

जिले की दो प्रतिभाशाली बेटियों को समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने सम्मानित किया। दोनों प्रतिभाओं को उन्होंने अंगवस्त्र और... शेष पेज 10 पर...

# कानपुर पुलिस ने निलंबित सीएमओ को ऑफिस से बाहर निकाला

- कुर्सी को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा, मेरी कुर्सी - मेरी कुर्सी का खेल हुआ खत्म

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





सीएमओ डॉक्टर हरिदत्त नेमी एक बार फिर अपनी कुर्सी से बेदखल हो गए हैं। लगातार दूसरे दिन चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने डॉक्टर हरिदत्त नेमी को समझाया। हाईकोर्ट का आदेश लेकर कानपुर सीएमओ की कुर्सी पर खुद ही काबिज हो गए डॉ. हरिदत्त नेमी 24 घंटे बाद भी फिर बेदखल हो गए। गुरुवार शाम को आखिरकार पूर्व सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी को कुर्सी छोड़नी पड़ी और बाहर जाना पड़ा। इस पूरी कवायद में तकरीबन एक घंटा लगा जिसके बाद आखिरकार हरिदत्त नेमी अपने घर चले गए। हालांकि उन्होंने जाते वक्त कहा कि फिर लौटकर आऊंगा। इस दौरान उन्होंने दबाव का भी आरोप लगाया। वहीं इसके बाद डॉ. उदयनाथ फिर से सीएमओ की कुर्सी पर काबिज हो गए हैं। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे वर्तमान सीएमओ डॉ. उदयनाथ ऑफिस पहुंचे। उनके साथ एसीपी और एडीएम भी थे। दोनों अफसरों की मौजूदगी में करीब आधे घंटे तक मीटिंग चली। इस दौरान अंदर पुलिस फोर्स मौजूद रहा और ऑफिस का मेन गेट लॉक कर दिया गया। निलंबित सीएमओ डॉ. नेमी को पुलिस अफसरों ने समझाया कि आपने कोर्ट से अपने ट्रांसफर पर स्टे लिया है, लेकिन शासन से कोई पत्राचार नहीं हुआ है। डॉ. उदयनाथ के लिए शासन का आदेश है। इसलिए जब तक आपको शासनादेश नहीं आता, तब तक आप कुर्सी छोड़ दें। इसके बाद पुलिस डॉ. नेमी को लेकर ऑफिस से बाहर आई। बाहर थोड़ी देर किसी से फोन पर बात करने के बाद डॉ. नेमी कार से वहां से चले गए। उधर, प्रमुख सचिव चिकित्सा पार्थ सारथी ने बताया कि डॉ. हरिदत्त नेमी को कानपुर से हटाकर महानिदेशक ऑफिस से अटैच किया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

### कानपुर में नये सीएमओ ऑफिस नहीं आये, सीधे घर से निरीक्षण पर निकले, फिर पहुंचे ऑफिस

कानपुर में शासन की तरफ से तैनात किये गये सीएमओ उदयनाथ ऑफिस नहीं पहुंचे। वह हरजेंद्र नगर में बनी सीएचसी निरिक्षण को पहुंच गये। पूर्व सीएमओ के ऑफिस पहुंचने की जानकारी मिलने पर वह सीधे निरीक्षण पर निकल गये। 10 बजते ही डॉ. उदयनाथ कार्यालय पहुंचे। मगर वहां पहले से डॉ. नेमी बैठे हुए थे। उन्होंने टेबल के दूसरी तरफ रखी एक कुर्सी खींचकर डॉ. उदयनाथ के बगल में लगा ली। डॉ. नेमी ने कहा- मैं स्टे लेकर आया हूं, उसमें आपका भी स्टे है। अब आपकी जहां पर जॉइनिंग थी वहीं पर जाना पड़ेगा। आप चाहे तो शासन से एक बार बात कर लीजिए। डॉ. उदयनाथ ने कहा- मुझे शासन ने भेजा है, तो वहीं बात कर लूंगा। करीब 10-25 बजे तक उन्होंने फोन पर बात की। माना गया कि वह लखनऊ में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को पूरा घटनाक्रम बता रहे थे। इसके बाद 10-40 बजे चकेरी थाने की फोर्स ऑफिस पहुंची। उनके समझने पर डॉ. नेमी कुर्सी छोड़ कर बाहर आ गये। नए सीएमओ डॉ. उदयनाथ ने कहा- उन्हें शासन स्तर से कानपुर भेजा गया है। इसके बाद मैंने ज्वाइन किया है। स्टे लाने के बाद आपको (डॉ. नेमी) प्रमुख सचिव को अवगत कराना था। मेरे पास अभी कोई लेटर कोर्ट से या शासन स्तर से नहीं आया है। इसलिए सीएमओ का काम देख रहा हूँ।

### कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ बकाया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** प्रदेश के बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ रुपये सरप्लस है। ऐसे में सबसे पहले बिजली दरों में करीब 45 फीसदी कमी होनी चाहिए न कि वृद्धि। विद्युत नियामक आयोग ने 2001-17 के बीच की ऑडिटर बैलेंस शीट की जांच कर यह आंकड़ा जारी किया था। ये बातें आर्यनगर स्थित टीएसएच में हुई उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की बैठक में उद्यमियों, आम लोगों और उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहीं। यूपी में बिजली की दरों में वृद्धि करने के यूपीपीसीएल के प्रस्ताव को लेकर हुई बैठक में उपभोक्ताओं-उद्यमियों ने निजीकरण और केस्को की प्रस्तावित 30-40त्न टैरिफ वृद्धि का पुरजोर विरोध किया। उद्यमियों ने कहा कि बेवजह टैरिफ में नौ से दस रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी और इसका सीधा प्रभाव उद्योगों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

# भाजपा कार्यकर्ता ने गरीब बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा देने का लिया संकल्प

- चाचा नहेरू भारतीय बाल मंदिर शिक्षण संस्था के उप प्रधानाचार्य बनें गिरजेश निगम

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



भाजपा नेता व समाजसेवी गिरजेश निगम ने अब गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की पहल की है इसी विचारधारा के चलते फीलखाना स्थित चाचा नेहरू भारतीय बाल मंदिर शिक्षण संस्थान ने गिरजेश निगम को उप प्रधानाचार्य बनाया गया है एवं साथ ही सम्मानित कर भविष्य में गरीब बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए आशा व्यक्त की है।
भाजपा से लगातार 10 वर्षों से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता रहकर भाजपा पार्टी के द्वारा दिए गए दायित्वों को भी पूरा करते जा रहे हैं, उच्च पदाधिकारियों के निर्देशों पर पार्टी के प्रति समर्पित रहकर समाज में न्याय के प्रति आवाज उठाने के लिए क्रांतिकारी नेता के रूप में गिरजेश निगम जी जाने जाते हैं वही गिरजेश निगम ने बताया कि जिस तरह से भाजपा पार्टी का कार्यकर्ता रहकर समाज के लिए कार्यकर्ता आया हूं तो वहीं अब हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने गरीब बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा में उत्तम व्यवस्था बनाने रखने के लिए पहल शुरू कर दी है।
आज जहां गरीब बच्चों को उचित शिक्षा पैसे के अभाव में नहीं मिल पा रही है तो वहीं अब मेरे द्वारा गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का विचार किया है और भविष्य में भी गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के लिए लोगों को जगाने का काम करेंगे। देश के प्रति समर्पित होकर देश के उन बच्चों को शिक्षा प्राप्त करवाने का काम किया जाएगा जिससे उनका जीवन सफल हो सके और मजबूती के साथ अपने आप को स्थापित कर सके।

# उप्र आशा वर्कर्स यूनियन की जिला अध्यक्ष आशा कुशवाहा ने सीएससी अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को आशा वर्कर्स ने एक बार फिर शासन से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक डॉ दिलीप कटियार को सौंपा। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के द्वारा बीते लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आशा वर्कर्स ने एक बार फिर संगठन की जिलाध्यक्ष आशा कुशवाह के नेतृत्व शासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आशा वर्कर्स ने सरकार सभी को परमानेंट करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार उनका मानदेय वेतन अठारह हजार रुपए कर पचास लाख रुपए का दुर्घटना बीमा करे। जिससे दुर्घटना दौरान मृतकों को पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिल सके।, साथ ही प्रदेश भर में आशा वर्करों साथ हो रहे अत्याचार रेप जैसी घटनाओं पर रोकथाम लिए कड़े बंदोबस्त किए जाएं। प्रदर्शन के दौरान आशा वर्कर्स ने अभी करो अर्जेंट करो हमको परमानेंट करो, नहीं डरेंगे घुड़की से खींच लेंगे कुर्सी से आदि नारे लगाए। इस दौरान रेखा पाल, ममता, सुषमा वर्मा, पूनम, सुमन, रश्मि, गीता सिंह, आदि सैकड़ों आशा वर्कर मौजूद रहीं।

# उत्तरीपुरा मंडी समिति के समीप हार्डवेयर की दुकान से चोर लाखों रुपए का जेवर ले उड़े

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत मंडी समिति के पास बुधवार रात चोरोंने एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान को निशाना बनाया। चोर दुकान के गेट का कुंडा तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखी नकदी व सोने की तीन अंगूठियां चुरा ले गए।दुकान के मालिक प्रहलाद कुमार शुक्ला लक्ष्मणपुर मिश्रान गांव ने बताया उनकी दुकान भड़िया रोड पर स्थित है। बुधवार शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे सुबह आकर देखा कुंडा टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा था और वह खुली पड़ी थी। अलमारी में रखी कई दिनों की बिक्री की राशि और सोने की तीन अंगूठियां गायब थीं। प्रहलाद ने तुरंत सथानीय पुलिस को सूचना दी। उत्तरीपुरा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और चोरों को जल्द पकडने का आश्वासन दिया। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि हर एंगल से जांच की जा रही है।

### जल संकट को देखते हुए चेयरमैन ने दिया टैंकर



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**परियर।** सफीपुर चेयरमैन गरिमा बाजपेई ने बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पेय जल टैंकर की व्यवस्था की। जो आगामी भदई अमावस्या मेले तक रहेगी। विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गांव में गंगा तट से तीन किलोमीटर पहले भगवान श्री राम के पुत्र लव कुश द्वारा स्थापित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पिछले 18 माह से पीने के पानी की सप्लाई ठप पड़ी हैं।परिसर में हैंड पाइप का पानी खारा है।सावन माह में दूर दूर से श्रद्धालु यहां आते है। आवश्यकता को देखते हुए सफीपुर की भाजपा नेत्री व चेयरमैन आदरणीय गरिमा बाजपेई जी पत्नी सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा जी के सामने पीने के पानी की समस्या रखी गई।तो उन्होंने तुरंत गुरुवार को एक टैंकर पीने का पानी उपलब्ध कराया और यह टैंकर पूरे भदई अमावस्या तक मंदिर में रहेगा। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति व बाबा बलखंडेश्वर सेना के पदाधिकारियों ने बाजपेई जी के परिवार के लिए मंगल कामना की। मालूम हो कि पिछले वर्ष भी टैंकर से पेय जल उपलब्ध कराया था।

# ट्रक में कपड़ों में छिपाकर पटना ले जाई जा रही शराब पकड़ी गई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



दिल्ली से कपड़ों में छिपाकर ट्रक से पटना ले जाई जा रही शराब एसजीएसटी विभाग की सचल दल इकाई की पकड़ ली। टीम ने गुरुवार को शराब की 1296 शीशियां आबकारी विभाग के अफसरों को सौंप दीं। एसजीएसटी की सहायक आयुक्त शिवानी सिंह ने बताया कि सात जुलाई की सुबह वह वाणिज्यकर अधिकारी अंजना सिंह के साथ पीएसी रोड चकेरी के पास वाहनों की जांच कर रहीं थीं। इस3 बीच ट्रक नंबर एनएल 01 एएच 3728 को रोका तो चालक ने बताया कि गाड़ी में होजरी के कपड़े हैं। कई ई-वे बिल और 50 से ज्यादा बिल्टियां दिखाईं।
कुछ में गड़बड़ी मिलने के बाद वाहन को लखनपुर स्थित कार्यालय जांच के लिए ले गए।
गुरुवार को वाहन में लदे सामान का भौतिक सत्यापन कराते समय शराब की पेटियां मिलीं। इसमें 180 एमएल की स्थानीय शराब की 1296 शीशियां मिलीं हैं। शराब आबकारी अफसरों सौंप दी गई हैं। सामान के सत्यापन के बाद ही कर चोरी का आकलन किया जा सकेगा।

### सलेमपुर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सलेमपुर रूमा स्थित श्री बालाजी वेद विद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य रूप से आयोजन किया गया। समन्वय सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेंद्र कुमार गुप्ता (गोल्डी मसाले) ने दीप प्रज्जवलन कर किया। वेद विद्यालय के वेदमूर्ति आचार्य शुभम मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों के साथ स्वस्तिवाचन कर पूज्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरिजी महाराज को वंदन अर्पित किया। इसके बाद परिसर में मौजूद सैकड़ो भक्तों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। समिति के सदस्यों ने पावन पादुका पूजन किया। कार्यक्रम की मुख्य आरती डॉ. एएस प्रसाद और डॉ. अलका शर्मा ने संपन्न कराई। वहीं, प्रसाद वितरण व्यवस्था में अर्णव गोयल एवं मनोज सेंगर ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### पिकअप से कुचलकर मासूम की मौत का मामला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के डोमनपुर का मजरा बहादुर खेड़ा में बुधवार की सुबह पिकअप चालक की लापरवाही के चलते मासूम अभिनव (3) की कुचलकर मौत हो गई थी। मामले में पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। गुरुवार को अंतिम संस्कार प्रक्रिया के दौरान परिजन अचानक उग्र हो गए। अभिनव के पिता धीरेंद्र ने पुलिस पर आरोप लगाया कि चालक अरुण कुमार का नाम तहरीर में दिया गया था, लेकिन पुलिस द्वारा उसका नाम हटा दिया गया है और अज्ञात में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, प्रकरण में थानाध्यक्ष महाराजपुर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। तहरीर में चालक अज्ञात था। परिजनों की तरफ से नाम मिलने के बाद रात में ही नाम बढ़ा दिया गया है। चालक अरुण की तलाश की जा रही है। परिजनों को जानकारी का अभाव था।

# ओंकारेश्वर मंदिर से भगवान राम की अष्टधातु की मूर्ति चोरी



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रावतपुर थानाक्षेत्र के छपेड़ा पुलिया के पास शिवपुरी मोहल्ला स्थित ओंकारेश्वर मंदिर को चोरों ने बुधवार रात निशाना बनाया। चोर भगवान राम की अष्टधातु की मूर्ति उठा ले गए। साथ ही दानपात्र तोड़कर रुपये पार कर दिए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।
मंदिर के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार रात चोर मंदिर से भगवान राम की अष्टधातु की मूर्ति और दानपात्र ले गए। बताया कि दानपात्र करीब छह महीने से बंद था। उसमें 15 से 20 हजार रुपये तक होंगे।
साथ ही मंदिर के पुजारी की साइकिल भी चोर ले गए। सुबह माली के मंदिर पहुंचने पर वारदात की जानकारी हुई। शैलेंद्र ने बताया कि मंदिर में पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है।
रावतपुर थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। पुलिस टीम कैमरे के फुटेज से आरोपियों की पहचान कर तलाश कर रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# कार की टक्कर से घायल महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल महिला ने बुधवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। साढ़ के परौली गांव निवासी किसान सुनील कुमार ने बताया कि शनिवार को पत्नी पूनम (40) के मायके लखापुर में पारिवारिक सदस्य दयाराम की मौत हो गई थी। वह बाइक से पत्नी के साथ गांव जा रहे थे। महाराजपुर में हाईवे पर बौसर और लखापुर के बीच कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने टक्कर मार दी थी। इससे दोनों लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पत्नी की बुधवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि कार किसी डॉक्टर की है। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि कार की तलाश की जा रही है।

# तीन दिन से लापता सिक्योरिटी गार्ड का शव नदी में मिला, हत्या का आरोप



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



सेनपश्चिम पारा थानाक्षेत्र में तीन दिन से लापता बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड का शव बुधवार को पांडु नदी किनारे मिला। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे बेटों ने पिता की पहचान की। उन्होंने इलाके के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। हनुमंत विहार के राजेनगर गल्लामंडी निवासी वीरेंद्र सक्सेना के मकान में पिछले 20 साल से गिरजाशंकर पांडेय (65) परिवार के साथ रह रहे थे। मकान मालिक के अनुसार छह महीने पहले एक युवक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किराए पर रहने आया था। गिरजाशंकर के बड़े बेटे रामलखन ने बताया कि छोटा भाई दीपक 25 जून को उस युवक की पत्नी को कहीं ले गया। छह जुलाई की रात पिता जब ड्यूटी जाने के लिए निकले तो युवक ने पत्नी के न मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। सात जुलाई को गिरजाशंकर के जूते पांडु नदी किनारे पड़े मिले। नौ जुलाई को उनका शव बिनगवां वाटर प्लांट के पास पांडु नदी किनारे पड़ा मिला तो परिजनों ने उसी युवक पर पिता की हत्या का आरोप लगाया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है।

# बुजुर्ग के सीने में मारा घूमसा, मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



अनवरगंज थानाक्षेत्र के कुलीबाजार में बड़े भाई से मिलने जा रहे बुजुर्ग को गुरुवार सुबह मामूली विवाद में युवक ने वृद्ध के सीने में घूसा मार दिया। हृदयगति रुकने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लाटुश रोड कुलीबाजार बूचड़खाना वाली रोड निवासी शफीक (60) कुछ साल पहले तक बड़े भाई शफी के लोहे की पत्ती बनाने के कारखाने में काम करते थे। शफी के बेटे मोहम्मद जावेद ने बताया कि दादी आमना की तीन साल पहले मौत हो गई थी।
मौत के बाद से शफीक काफी तनाव में रहने लगे थे। कभी घर तो कभी बाहर सो जाते थे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे वह घर के पास स्थित पिता शफी के कारखाने खाने-पीने के लिए रुपये लेने गए थे। लौटते समय कारखाने में काम करने वाला बाबूपुरवा निवासी युवक, उसका साला और अन्य लोग शफीक को तंग करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उन्हें पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान एक युवक ने उनके सीने में घूसा मार दिया। वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगे तो आरोपी भाग निकले। भतीजे का आरोप है कि एक घंटे तक चाचा कारखाने के पास पड़े रहे लेकिन उनकी किसी ने मदद नहीं की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अनवरगंज एसीपी अभिषेक कुमार राहुल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपी युवक घटना के बाद कपड़े बदलकर भागा है। उसकी तलाश की जा रही है।

### आईआईटी का साथी एप जेईई और नीट की करा रहा तैयारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर आईआईटी से विकसित साथी एप दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव के सरकारी स्कूलों में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थी को जेईई और नीट की लाइव तैयारी करा रहा है। इसके लिए सरकारी स्कूलों में स्थापित स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसमें आईआईटी और एम्स के शिक्षक छात्र-छात्राओं को पढ़ा रहे हैं। आईआईटी निदेशक प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को हर विद्यार्थी तक पहुंचाना है, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि या क्षेत्र से हो। साथी एप इसी दिशा में एक कदम है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# नामीबिया में दस्तक देकर मोदी ने चीन की अफ्रीका नीति को कड़ी टक्कर दे डाली है

**यदि यह बंदरगाह चीन की नौसैनिक रणनीति का हिस्सा बनता है, तो यह भारत की हिंद महासागर रणनीति के लिए चिंता का विषय बन सकता है। देखा जाये तो चीन–नामीबिया संबंधों में बढ़ती गहराई भारत के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अफ्रीका में उसकी उपस्थिति को और प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता है। भारत को केवल आर्थिक सहायता या व्यापारिक प्रस्तावों तक सीमित न रहकर, अफ्रीकी देशों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी, सांस्कृतिक संबंध, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रक्षा सहयोग के क्षेत्रों में भी निवेश करना होगा।**

*अफ्रीकी महाद्वीप में चीन की लगातार बढ़ती पैठ और संसाधनों पर उसका वर्चस्व भारत के लिए एक बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि अफ्रीका, विशेष रूप से दक्षिणी अफ्रीका का हिस्सा, खनिज संसाधनों, ऊर्जा स्रोतों और वैश्विक व्यापार मार्गों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन ने पिछले दो दशकों में अफ्रीका में बड़े पैमाने पर निवेश कर वहां की सरकारों और बाजारों पर अपनी पकड़ मजबूत की है। भारत के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह चीन की इस रणनीति का प्रभावी उत्तर दे और अपने पुराने अफ्रीकी साझेदारों के साथ नए संबंधों को सशक्त करे। इस संदर्भ में मोदी की यह यात्रा चीन को एक स्पष्ट संकेत है कि अफ्रीका अब केवल उसकी आर्थिक प्रयोगशाला नहीं रह सकती। भारत 'साझेदारी के माध्यम से विकास' की नीति को आगे बढ़ाते हुए अफ्रीकी देशों को भरोसा दिला रहा है कि वह शोषण नहीं, सहयोग का प्रस्ताव लेकर आया है। भारत की ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ की भावना और विकासोन्मुख दृष्टिकोण चीन की एकपक्षीय रणनीति से अलग है। यदि आप नामीबिया में चीन के प्रभाव पर नजर डालेंगे तो चौंक जाएंगे। हम आपको बता दें कि खनिज संसाधनों से भरपूर और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अफ्रीकी देश नामीबिया चीन की 'नरम साम्राज्यवाद' नीति का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। साथ ही चीन-नामीबिया संबंधों की गहराई भारत के लिए नई भू-राजनीतिक चुनौतियाँ खड़ी कर रही है। हम आपको बता दें कि चीन ने नामीबिया में आधारभूत ढाँचे जैसे सड़क, रेलवे, सरकारी भवनों, बंदरगाहों और अस्पतालों में भारी निवेश किया है। इसके तहत के अंतर्गत नामीबिया चीन से बड़े पैमाने पर ऋण ले चुका है। साथ ही नामीबिया की राजधानी विंडहुक में बना चीनी दूतावास अफ्रीका के सबसे बड़े दूतावासों में से एक है– जो चीन के रणनीतिक इरादों का संकेत देता है। इसके अलावा, नामीबिया यूरेनियम, लिथियम, कोबाल्ट और अन्य दुर्लभ खनिजों का धनी देश है। चीन ने यहां कई खनन कंपनियों में प्रत्यक्ष या परोक्ष हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उदाहरण के लिए चीन की प्रमुख उपस्थिति है। साथ ही चीन ने नामीबिया की सैन्य बुनियादी संरचना को समर्थन देने के साथ-साथ राजनीतिक तंत्र पर भी प्रभाव जमाया है। नामीबिया की सेना को चीनी हथियारों और प्रशिक्षण से लैस किया जा रहा है। भारत के लिए चीन-नामीबिया संबंध क्यों चिंता का विषय हैं, यदि इस सवाल का जवाब ढूँढें तो सामने आता है कि भारत को अपनी हरित ऊर्जा नीति और सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए लिथियम और कोबाल्ट जैसे खनिजों की सख्त आवश्यकता है। यदि नामीबिया पर चीन का नियंत्रण और बढ़ता है, तो भारत को इन संसाधनों की आपूर्ति में बाधा आ सकती है। यह भारत की ऊर्जा और तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए खतरा है। इसके अलावा, भारत लंबे समय से अफ्रीका के साथ ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध रखता आया है। चीन की आक्रामक कूटनीति और आर्थिक लालच के चलते यदि नामीबिया जैसे देशों पर उसका प्रभाव बढ़ता है, तो भारत की साझेदारी आधारित अफ्रीका नीति को झटका लग सकता है। साथ ही नामीबिया जैसे देश यदि चीन के प्रभाव में अधिक आते हैं, तो ब्रिक्स, जी77, अन्य दक्षिणी सहयोग मंचों पर भारत की आवाज़ को चुनौती मिल सकती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 में स्पष्ट प्रावधान है कि खानपान के दुकानदारों को अपना फूड लाइसेंस ऐसी जगह लगाना होगा, जहां आसानी से उसे देखा जा सके। वैसे भी ये मसला हिंदू–मुस्लिम, धार्मिक भेदभाव या किसी की आजीविका की बजाय सीधे तौर भावनाओं और ग्राहक के अधिकार से जुड़ा है। जो करोड़ों की संख्या में कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं, उन सबको रास्ते में भोजन कैसा मिले? कैसा भोजन वो खाएं? ये उनकी स्वतंत्रता है। जब मुसलमान हलाल प्रमाणपत्र देखकर ही कोई सामान खरीदता है, तब हिंदू भी ऐसा क्यों नहीं कर सकता है।**

# अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म!



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी–देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं। लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है। इन ढाबों और होटलों में काम करने वाले लोगों के नाम राजू, विक्की, गुड्डू, सोनू जैसे होते हैं। ये लोग तिलक भी लगाते हैं और कलावा भी बांधते हैं।**

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरुआत 11 जुलाई से है। सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त नंगे पांव हाथ में कांवड़ लेकर लंबी दूरी तय करके शिवलिंग या ज्योतिर्लिंग में जाते हैं और पवित्र नदियों के जल से उनका अभिषेक करते हैं। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। कांवड़ यात्रा का विराट रूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिखता है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं। इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है। असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवडियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं। ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था- पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा। यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भड़का। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने



**यह धोखा नहीं तो क्या है? मुजफ्फरनगर के पंडित वैष्णो ढाबे पर काम करने वाले तजमुल ने खुद को गोपाल बताया था। हरिद्वार में गुप्ता चाट भंडार में स्कैनर से पेमेंट गुलफाम नाम के अकाउंट में जाने का मामला बीते दिनों प्रकाश में आया है।**

वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया? उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। लेकिन प्रकरण को सांप्रदायिक मोड़ दे दिया गया। पहलगाम एक सुनियोजित आतंकी कृत्य था। इन दोनों घटनाओं की तुलना करना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह समाज में धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने का प्रयास भी है। और जहां तक बात पहचान छुपाने या धोखा देने की है तो यह धंधा लंबे समय से चल रहा है। जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुसलमान दुकानदारों का पता चला था, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे। इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है न्यू अग्रवाल पनीर भंडार। इस दुकान का मालिक है मंजूर अली। दूसरी दुकान लालाजी पनीर भंडार के नाम से है। इसका मालिक ताहिर हुसैन है। इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है। यानी ये धंधे के लिए हिंदुओं के साथ धोखा कर रहे थे। इनकी पोल तब खुली जब कुछ लोगों को पता चला कि इनका जीएसटी नंबर इनके असली नाम से है। स्थानीय दुकानदारों ने इनका विरोध किया तो इन लोगों ने अपनी दुकानों के नाम बदल लिए हैं। पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था। उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का संगम शुद्ध शाकाहारी होटल बन गया सलीम ढाबा। मां भवानी जूस कार्नर का नाम हो गया फहीम जूस केंद्र। टी प्वाइंट का नाम हो गया अहमद टी स्टाल। ऐसे ही नीलम स्वीट्स का मालिक निकला मोहम्मद फजल अहमद। अनमोल कोल्ड ड्रिंक्स का मालिक है मोहम्मद कमर आलम। खतौली के चीतल ग्रैंड के बाहर एक बोर्ड लग गया है, जिस पर लिखा गया है- शारिक राणा डायरेक्टर। सहारनपुर में चल रहे जनता वैष्णो ढाबा का मालिक है मोहम्मद अनस सिद्दीकी। मुजफ्फरनगर के बझेड़ी गांव निवासी वसीम अहमद ने पिछले साल पहचान जाहिर होने के बाद अपना गणपति ढाबा बेच दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर 20 से अधिक ढाबे ऐसे हैं, जो हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर हैं, लेकिन इन्हें चलाने वाले मुसलमान हैं। हरिद्वार नजीबाबाद रोड पर चिड़ियापुर और समीरपुर गंग नहर रोड पर भी ऐसे हिंदू नामधारी ढाबे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मेरठ, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मुंडा पांडे हाईवे पर भी दर्जनों ऐसे ढाबे चल रहे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं। लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है। इन ढाबों और होटलों में काम करने वाले लोगों के नाम राजू, विक्की, गुड्डू, सोनू जैसे होते हैं। ये लोग तिलक भी लगाते हैं और कलावा भी बांधते हैं। यह धोखा नहीं तो क्या है? मुजफ्फरनगर के पंडित वैष्णो ढाबे पर काम करने वाले तजमुल ने खुद को गोपाल बताया था। हरिद्वार में गुप्ता चाट भंडार में स्कैनर से पेमेंट गुलफाम नाम के अकाउंट में जाने का मामला बीते दिनों प्रकाश में आया है। अहम सवाल यह है कि पहचान छुपाकर व्यापार करने के पीछे कोई मजबूरी है या षडयंत्र? मुस्लिम व्यक्ति को अपने नाम से दुकान या ढाबा खोलने में क्या दिक्कत है? अपने-अपने धर्म के हिसाब से नाम लिखकर लोग दुकान खोलेंगे या व्यापार करेंगे तो ग्राहक अपनी मर्ज़ी से दुकान पर जाएगा और जिसे जहां से जो खरीदना होगा, वो वहां से ख़रीदेगा। लेकिन पहचान छुपाकर व्यापार या कोई अन्य कार्य करना कानून और नैतिक तौर पर गलत और अपराध है। ऐसी घटनाएं और प्रकरण प्रकाश में आने के बाद संदेह और अविश्वास का माहौल बनता है। जो सामाजिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर दिक्कतें पैदा करता है। बात जब खाने पीने की हो तो मामला गंभीर और संवेदनशील हो जाता है। खानपान के पीछे व्यक्तिगत रूचि, संस्कार, धर्म-कर्म और आस्था की पृष्ठभूमि और भूमिका होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि शासन-प्रशासन के नेम प्लेट के आदेश से किसी की भावनाएं आहत नहीं होतीं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 26:06 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 05:48 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | वैधृति, 20:32 |
| सूर्योदयः | 05:35 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:43-12:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### फिर कैसे उत्कर्ष ?

*जो सूची मतदाता है ।*
*लेकर उसे बवाल ।।*
*कोई उससे है खुश ।*
*और कुछ करें बवाल ।।*
*ना मिलती जब सत्ता ।*
*करना पड़ता काम ।।*
*भले राह में रोड़े ।*
*और मुश्किलें तमाम ।।*
*पाने को अधिकार ।*
*है करना संघर्ष ।।*
*बस केवल सवाल तो ।*
*फिर कैसे उत्कर्ष ?*
*गड़बड़ी का है यदि शक ।*
*मशविरा पर जोर ।।*
*ना कुछ मिलने वाला ।*
*जब केवल पुरजोर ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# महिलाओं में प्रजनन क्षमता बढ़ा सकते हैं अलसी के बीज?

**अलसी** के बीज महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। पुराने समय से ही महिलाओं को इसे भूनकर, भिगोकर, दही के साथ या फिर चटनी के रूप में खाने को कहा जाता था। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें आयरन की अच्छी मात्रा होती है जो कि शरीर में खून की मात्रा बढ़ाने के साथ कई बीमारियों से बचाव में मददगार है। लेकिन, आज हम बात करेंगे कि महिलाओं का प्रजनन स्वास्थ्य बढ़ाने में अलसी के बीज कैसे फायदेमंद है। अलसी के बीज महिला प्रजनन क्षमता और अंडे की गुणवत्ता के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। ये छोटे-छोटे बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड, लिग्नान , एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट है और फाइबर से भरे होते हैं, जो सभी हार्मोनल संतुलन और समग्र प्रजनन स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। अलसी के बीज के फायदे को जानने के लिए सबसे पहले बीज की संरचना को देखते हैं। ये प्रोटीन, फाइबर, पोटेशियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और कार्ब्स से भरपूर होते हैं। सामान्य तौर पर वे पोषण का अच्छा स्रोत हैं। यह स्वस्थ शरीर को विकसित करने और बनाए रखने के लिए पोषक तत्व प्रदान करते हैं। यह एक ऐसा बीज है जो ज्यादातर समशीतोष्ण जलवायु वाले देशों और भारत में भी उगाया जाता है। खासकर महिलाओं के शरीर में, उन्हें अपने



नियमित चक्रों से निपटने के लिए एंटीऑक्सीडेंट के अच्छे स्रोतों की जरूरत होती है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइटोएस्ट्रोजेन के प्रोडक्शन को बढ़ाते हैं, जो प्राथमिक और द्वितीयक प्रजनन विशेषताओं को बेहतर बनाने में मदद करते हैं जैसे कि यह एंटीएजिंग गुणों से भरपूर है जो पाचन में मदद करता है और चक्रों को नियमित करता है।

**अंडे की क्वालिटी बढ़ाने के लिए अलसी के फायदे:** ओमेगा-3 सूजन को कम करने और प्रजनन अंगों में रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, जो अंडे के विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। अलसी के बीजों में मौजूद लिग्नान प्रजनन क्षमता में महत्वपूर्ण कारक एस्ट्रोजन के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसके सभी एंटी स्ट्रेस और एंटी-इंफ्लेमेटरी उपयोग हैं, जो महिला प्रजनन क्षमता के साथ अंडे की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा की रिपोर्ट बताता है कि अलसी से निकलने वाला तेल या कहें कि हेल्दी फैट डिम्बग्रंथि प्रतिक्रिया यानी ओवेरियन रिफ्लेक्स को तेज करता है और अण्डाणुओं और भ्रूणों की गुणवत्ता में सुधार करता है, जिससे फर्टिलिटी अच्छी होती है।

**फीमेल फर्टिलिटी के लिए अलसी के बीज कैसे खाएं?:** अलसी के बीजों को भाप में पकाने, उबालने, तलने सहित कई तरीकों से पकाया जा सकता है और यह भारतीय व्यंजनों के साथ बहुत अच्छा लगता है। महिलाएं इसे भूनकर खा सकती हैं दही या सूप में मिलाकर खा सकती हैं। इसके अलावा आप दूध में भी इसे उबालकर पी सकती हैं जो कि फर्टिलिटी बढ़ाने में मददगार है। अपने दैनिक आहार में एक चम्मच पिसे हुए अलसी के बीजों को स्मूदी, सलाद या दलिया में मिलाकर शामिल करना प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक सरल, प्राकृतिक कदम हो सकता है। हालांकि, अकेले अलसी के बीज कोई जादुई उपाय नहीं हैं। ध्यान रखें इसका सेवन संयमित मात्रा में करें। एक स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित पोषण, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन सभी प्रजनन क्षमता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी स्वास्थ्य विकल्प की तरह, महत्वपूर्ण आहार परिवर्तन करने से पहले डॉक्टर या प्रजनन विशेषज्ञ से परामर्श करना सबसे अच्छा है।

## एक्सप्रेस विशेष

# जीएसटी की 12 प्रतिशत स्लेब में बदलाव से उद्योग और आमजन को मिलेगी राहत



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने वाला और आम जन के हित का निर्णय होगा। क्योंकि इस स्लेब के अधिकांश एमएसएमई सेक्टर द्वारा ही तैयार किए जाते हैं और स्लेब में बदलाव होने से इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और इससे सेक्टर में ग्रोथ के साथ ही लोगों को राहत मिल सकेगी।**

**स्लेब पर विचार निश्चित रुप से सकारात्मक संदेश देता है। बैसे भी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जो बहस छिड़ी है उसमें सकारात्मक पक्ष ही खुलकर सामने आया है और विशेषज्ञों ने इस स्लेब में किसी तरह के बदलाव को लेकर नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसे में आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12 प्रतिशत की स्लेब में बदलाव करते हुए देश के बड़े वर्ग को राहत दी जाती है।**

**वस्तु** एवं सेवा कर यानी कि जीएसटी की चार स्लेबों में से दूसरी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जिस तरह की चर्चाएं आम हो रही है उससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लेब से ही हो रहे हैं। इन वर्गों से जुडी वस्तुएं या सेवाओं पर लगने वाला कर सीधा सीधा इन्हें प्रभावित करता है। इसका कारण भी साफ है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लेब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लेब में आते हैं। हांलाकि विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत की स्लेब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा पर यह भी माना जा रहा है कि बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। हालांकि इस निर्णय के भी बिहार सहित अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर राजनीतिक अर्थ निकाले जाएंगे पर इस तरह के निर्णयों पर राजनीति करना उचित नहीं कहा जा सकता। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाली स्लेब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लेब के दायरें में लाया जा सकता है। 12 प्रतिशत की स्लेब को विलोपित किया जाता है तो इसके दायरें में आ रही वस्तुएं या सेवाएं 5 प्रतिशत की स्लेब दायरें में आने की अधिक संभावना हैं। यदि विलोपित भी नहीं की जाती है और आज की प्रचलित चार स्लेबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को नीचे वाली और शेष को अन्य स्लेबों में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देश में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब तक जीएसटी काउंसिल की 57 बैठके हो चुकी है और इनमें अनवरत रुप से सुधार व बदलाव किया जाता रहा है। 12 प्रतिशत के बदलाव की चर्चा छेड़कर बैठक से पहले ही बहस छेड़ दी गई है। इसे सकारात्मक भी माना जाना चाहिए क्योंकि जीएसटी स्लेबों के निर्धारत में राज्यों की भी प्रमुख भूमिका होती है। जीएसटी काउंसिल में राज्यों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेते हैं और उसी में निर्णय किया जाता है। जीएसटी से संग्रहित होने वाली राशि राज्यों को भी मिलती है तो समूचे देश में एक वस्तु पर एक ही दर लगने से अदायगी राशि एक ही होती है। जीएसटी यानी कि एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में सामने आई थी। डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन हुआ। समान कर की बात तो सभी सरकारों द्वारा की जाती रही पर 1 जुलाई 2017 को यह व्यवस्था लागू हो सकी। हांलाकि आमनागरिकों की भारी मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरें में नहीं लाया जा सका है और इसका कारण भी बड़ा साफ है कि इसमें केन्द्र राज्यों की सभी सरकारों के हित जुड़े हुए हैं। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने और इस पर कितना कर लग रहा है इस पर तो पक्ष विपक्ष हल्ला तो बोल लेते हैं पर कभी जीएसटी के दायरें में लाने के सार्थक प्रयास नहीं कर पाये हैं। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाये और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। हमारे देश में 12 प्रतिशत की स्लेब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरें में आती है। एक हजार रु. से अधिक के कपड़े जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद, सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैण्ड बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरें में आती है। सीधी सी बात यह है कि यह वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो है नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरिदता है।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सवः बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किया ब्रह्म साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पूरे जिले में आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति की अभूतपूर्व छटा देखने को मिली। बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद अक्रिय हरि जी महाराज ने इस अवसर पर श्रीपरम अक्रियधाम स्थित श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर में परम पूज्य गुरुदेव ब्रह्मश्रोत्रीय ब्रह्मनेष्ठीय अवधूत शिरोमणि ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 स्वामी अलखानंद अक्रिय महाराज जी को श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर व्यास पूजन किया। उन्होंने गुरुदेव की शिक्षाओं पर चलने और देश, धर्म, समाज व संस्कृति की सेवा हेतु जीवनपर्यंत समर्पण का संकल्प लिया। भक्तों की विशाल उपस्थिति में आयोजित सत्संग समारोह में स्वामी प्रवक्तानंद जी ने ब्रह्म साक्षात्कार के रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा, मैं ही ब्रह्म हूं, और यही मैं प्रत्येक प्राणी में विद्यमान है। मनुष्य शरीर नश्वर है, परंतु उसके भीतर विद्यमान है, अमर परमात्मा है। उन्होंने जीवन को सत्यमार्ग पर चलने और परमानंद की प्राप्ति का साधन बताया।

### आध्यात्मिक सत्संग में दिए गूढ़ ज्ञान

स्वामी जी ने कहा, बकरी तो एक बार में करती है, लेकिन मनुष्य बार-बार 'मैं' करता है। यह मैं ही परमात्मा है जिसे पहचानना ही ब्रह्म साक्षात्कार है। शरीर भगवान नहीं है, लेकिन शरीर में भगवान जरूर है। उन्होंने समझाया कि पत्नी, पति, माता-पिता, सभी में परमात्मा ही है। जैसे शराब बोतल में होती है, बोतल में नहीं, वैसे ही परमात्मा शरीर में है, शरीर नहीं।सत्संग में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूजन कर व्यास पूजा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने अपने गुरुदेव को तिलक व माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया, और स्वामी जी ने भी शिष्यों को तिलक व प्रसाद देकर सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### नगर में विभिन्न स्थलों पर भी गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

गोपीनाथ राधा रमन मंदिर, चौक बाजार में वैष्णवाचार्य गोपी जीवन गोस्वामी द्वारा व्यास पूजा समारोह संपन्न हुआ। कालिया मंदिर, चोर गली में राम आश्रम सत्संग केंद्र के तत्वावधान में नन्हे भैया के नेतृत्व में गुरु पूजन, तिलक व भंडारा हुआ।मां यशवंतरी देवी मंदिर पर देवी भक्तों ने आषाढ़ी एकादशी के साथ जात लगाकर पूजा-अर्चना की।

### समापन भंडारे के साथ

श्रीपरम अक्रियधाम में आयोजित मुख्य समारोह का समापन भजन, कीर्तन और विशाल भंडारे के साथ हुआ। शिष्यों ने मेरे गुरुदेव सब संशय मिटाया आपने, जीव से शिव के कर दिया& जैसे भजनों के साथ गुरुदेव के चरणों में कृतज्ञता अर्पित की इस अवसर पर प्रेम शंकर, नंदलाल वर्मा, हरेंद्र वर्मा, अशोक कुमार, बलवीर सिंह गुलाबो, डॉ. बांकेलाल गंगवार, सोनी, कोकिला देवी, काजल, संध्या मंडल, सुनीता, शांति देवी सक्सेना सहित जिले के सैकड़ों ग्रामों से आए भक्तों ने श्रद्धापूर्वक गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा का यह आयोजन न केवल भक्तों के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का केंद्र बना, बल्कि स्वामी प्रवक्तानंद जी के द्वारा दिए गए गूढ़ संदेशों ने श्रद्धालुओं को जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर प्रेरित किया। जनमानस में गुरु भक्ति की यह ज्योति देर तक जलती रहेगी।

# समाजवादी युवाजन सभा ने किया वृक्षारोपण

- वरिष्ठ पत्रकार आमिर रज़ा रहे मुख्य अतिथि, कब्रिस्तान में किया गया 100 पेड़ों रोपण



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

समाजवादी युवाजन सभा की खीरी नगर इकाई द्वारा कब्रिस्तान में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें खीरी विकास समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार आमिर रज़ा पम्मी मुख्य अतिथि रहे। युवाजन सभा के नगर अध्यक्ष जावेद निसार खान की तरफ से आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पत्रकार आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि पेड़ हमारी जिंदगी में परिवार के सदस्यों की तरह अहमियत रखते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पेड़ न सिर्फ लगाने चाहिए बल्कि उनकी परवरिश भी परिवार के सदस्यों की तरह करना चाहिए।नगर अध्यक्ष अध्यक्ष जावेद निसार खान ने कहा आज मीरा ताल कब्रिस्तान में सौ पेड़ लगाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी युवाजन सभा कार्यकर्ता निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए नायक अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर संगठन द्वारा जो वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुरू किया गया है वह लगातार जारी है। पहले मोहल्ला कटरा के कब्रिस्तान में और अब यहां वृक्षारोपण का कार्य किया गया है व भविष्य में भी कई कब्रिस्तान में बाउंड्री पर छायादार वृक्ष के पेड़ लगाए जाएंगे।इस मौके पर साफी अहमद अंसारी,मोबीन खान, रिजवान खान, हम्ज़ा खान, मुस्ताक खान आरिफ खान, जालीस खान, अहमद खान, अयान खान, अमन खान सहित भरी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

## सरयू का जलस्तर 20 सेमी बढ़ने से तटवर्ती गांवों में दहशत

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। रामपुर। सरयू का जलस्तर बुधवार को 20 सेमी बढ़कर 117.30 मीटर पर पहुंच गया। खतरे के निशान 119 मीटर से पानी 1.70 मीटर नीचे बह रहा है। उधर, गिरिजापुरी बैराजों से बुधवार को 2.07 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो मंगलवार को छोड़े गए पानी की तुलना में 1.04 लाख क्यूसेक ज्यादा है। इससे तटवर्ती गांवों में दहशत बढ़ गई है। हालांकि पानी अभी नदी के दायरे में है। पहाड़ों पर बारिश और गिरिजापुरी बैराजों से छोड़े जाने वाले लाखों क्यूसेक पानी से हर साल सरयू नदी उफना जाती है। बेकाबू लहरें जब नदी से बाहर निकलती हैं तो तटवर्ती गांवों में तबाही मचाती हैं। बाढ़ व कटान से तराई में बसे 60 से अधिक गांव प्रभावित होते हैं।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

### बंटवारे को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

पीलीभीत- दुकान के बंटवारे को लेकर चल रही रंजिश के चलते परिवार के लोगों ने युवक को रास्ते में घेर लिया और उसके ऊपर बांके से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। इस मामले में पीड़ित के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम धनकुना निवासी लालबहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता धर्मेंद्र कुमार और चाचा रामलाल और नन्हेंलाल के बीच दुकानों के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। दो जुलाई को उसके दोनों चाचा ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। छह जुलाई को दोपहर एक बजे वह अपने भाई अमित के साथ धनकुना स्थित अड्डा पर दुकान पर बैठा हुआ था। तभी उसके चाचा रामपाल नंदलाल और नन्हेंलाल के पुत्र संतोष व अवधेश मौके पर आ गए। आरोपियों ने उसके भाई के ऊपर बांके से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रास रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सुस्वार निवासी छेदालाल पुत्र बाबूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात जुलाई की रात नौ बजे उसके पुत्र सुरेश को शराब के नशे में गांव के ही भीमसेन ने गाली गलौज की। विरोध करने पर भीमसेन ने सतीशपाल,रोहित निवासी ग्राम सुस्वार के साथ मिलकर उसे लाठी,डंडो से पीटा। जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर, दूसरे पक्ष के भीमसेन ने थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि सात जुलाई को रात करीब सात बजे उसका चचेरे भतीजे सुरेश ने अपने भाई यशपाल व अपनी मां मुन्नी देवी,पिता छेदालाल के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी,डंडो से पीटा। जब उसकी पत्नी पार्वती देवी बचाने आई। तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। पत्नी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अपनी बेटी से ससुराल मिलने पहुंचे पिता से मारपीट, पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

पीलीभीत। बेटी से मिलने उसकी ससुराल पहुंचे पिता को देखकर ससुरालियों ने विवाहिता के संग मारपीट शुरु कर दी। जब पिता ने बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस मामले में पीड़िता ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम औरैया निवासी मीनाक्षी पुत्री नन्हेंलाल ने थाना अमरिया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी ससुराल थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम मंडलिया गौसू में है। आठ जुलाई को वह अपनी ससुराल में थी। तभी उसके पिता उसके पास आए। जिस कारण उसके ससुराल में उसके पति भूपेंद्र, उमेश,राजो देवी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जब उसके पिता ने बचाने का प्रयास किया। तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बाइक और रुपयों की मांग कर रहे हैं। रुपये न देने पर उसको घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तीन चिकित्सकों का पैनल गठित, शुरू कराई जांच

- निजी अस्पताल में युवक की मौत का मामला, मृत को जिंदा बताकर रुपये ऐंठने का है आरोप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

> युवक की मौत के मामले में अभी तक कोई भी शिकायती पत्र नहीं मिला है। विभाग अपने स्तर से इस प्रकरण की जांच करा रहा है। जिला अस्पताल से संबद्ध तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दी गई है। जो जांच करने के बाद अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
>
> डा. आलोक कुमार सीएमओ

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित किया गया है। फिलहाल परिवार की ओर से किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है। अगर तहरीर मिलती है। तो नियमानुसार तरीके से जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी
>
> पवन कुमार पांडेय इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। बिना ऑपरेशन के मोटी रकम वसूलने के परिजनों के आरोपों के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। सीएमओ के निर्देश तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की एक जांच टीम गठित की गई है, जो न सिर्फ डॉक्टर से पूछताछ करेगी, बल्कि परिजनों से भी बयान लेकर सच्चाई जानने की कोशिश करेगी। इधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित कर दिया है।बता दें कि माधोटांडा रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप बने पीलीभीत न्यूरोकेयर एंड सर्जिकल हॉस्पिटल में भर्ती पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांट फिरोजपुर के रहने वाले 30 वर्षीय विष्णु पुत्र प्रेमराज की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद मंगलवार शाम को परिवार ने जमकर हंगामा किया था। मृतक के राजेंद्र के भाई का कहना था कि मृत होने के बाद भी जिंदा बताकर मरीज के इलाज के नाम पर रुपये ऐंठे जाते रहे थे। इतना ही नहीं परिवार को मरीज से मिलने नहीं दिया गया। तीमारदारों से स्टाफ अभद्रता करता रहा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने के चलते बिसरा सुरक्षित कर दिया गया है, लेकिन परिवार की ओर तहरीर नहीं दी गई है। मगर स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से जांच करने में जुटा हुआ है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के निर्देश पर सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर ने तीन सदस्यीय पैनल गठित किया है। जिसमें डॉ. अमित कोहली, डॉ.राधेश्याम और डॉ. संजीव सक्सेना को शामिल किया है। जबकि जांच के नोडल डॉ. एस के सिंह को बनाया गया है। अब पैनल अस्पताल प्रबंधन से मरीज से जुड़े इलाज के अभिलेख तलब करने के साथ ही डॉक्टर से भी पूछताछ करेंगे। साथ ही परिजनों से भी वार्ता कर जांच रिपोर्ट तैयार करेंगे। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है। इधर, गुरुवार को सोशल मीडिया पर बिना हस्ताक्षर एक शिकायती पत्र वायरल हुआ। जिसमें परिवार वालों ने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर विधानसभा के बाहर आत्मदाह कर लेगा। हालांकि अफसर किसी भी तरह का शिकायती पत्र न मिलने की बात कह रहे हैं।


# सावन मेले में व्यापारियों की समस्याओं पर व्यापार मंडल ने की प्रेस वार्ता

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर के उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक अहम प्रेस वार्ता सभासद आशीष अवस्थी के आवास पर आयोजित की गई।इस दौरान नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्र ने सावन मेले के चलते छोटे व्यापारियों को हो रही समस्याओं पर गहरी चिंता जताई और इनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही।अध्यक्ष मिश्र ने कहा कि सावन मेले की शुरुआत के साथ ही नगर के छोटे व्यापारियों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि व्यापारियों के शोषण पर रोक लगाने के लिए एक विशेष सकरी ट्रेड यूनियन का गठन किया जाएगा। यह यूनियन व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगी और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाएगी। प्रेस वार्ता में यह भी चर्चा हुई कि सावन माह के दौरान नगर में आने वाले भारी संख्या में श्रद्धालुओं से व्यापार व्यवस्था प्रभावित होती है, जिस पर गंभीरता से विचार कर रणनीति तैयार की जा रही है ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके।व्यापार मंडल ने यह भी स्पष्ट किया की आने वाले समय में यदि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन जैसे कदम भी उठाया जा सकते है।इस अवसर पर नगर महामंत्री संजय अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण गुप्ता, सचिन गुप्ता, हरिओम वर्मा, सभासद आशीष अवस्थी सभासद सहित पदाधिकारी एवं संगठन से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम की आवंटित जमीन पर पर निर्माण कार्य शुरू




जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी

सरकार की अंत्येष्टि स्थल निर्माण योजना के अंतर्गत नगर पंचायत की ओर से भेड़ौरा में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बन जाने से बारिश के सीजन में चार वार्ड के लिए अंत्येष्टि के लिए, सुविधा रहेगी। नगर पंचायत के हिंदुओं की अंत्येष्टि लेकर दो स्थल है। बाजार सहित करीब आठ वार्डो का अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत सिंगाही देहात स्थित निघासन रोड के मुक्तिधाम पर होता है। इस मुक्तिधाम पर दो टीन शेड और बैठने की व्यवस्था है। इसके अलावा मोहल्ला भेड़ौरा और छावनी के अंतिम संस्कार ग्राम भेड़ौरा में जौराहा नदी के किनारे होते हैं। यहां पर किसी अंत्येष्टि के लिए टीन शेड और बैठने की व्यवस्था नहीं है। ग्राम पंचायत भेड़ौरा में इसको लेकर काफी समय से मांग की जा रही थी। इस पर नगर पंचायत चेयरमैन मो.कयूम ने पैरवी करते हुए सरकार की ओर अंत्येष्टि स्थल निर्माण योजना के अंतर्गत सरकार की ओर 28 लाख की धनराशि स्वीकृत कराई। ग्राम पंचायत की एनओसी के बाद नगर पंचायत का फंड मिलाकर करीब 32 लाख की लागत से भेड़ौरा के मोहल्ले से लगी मुक्तिधाम की आवंटित जमीन पर पर निर्माण कार्य शुरू दिया है। चेयरमैन ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल में अंत्येष्टि के लिए एक छायादार चबूतरा , परिजनों के लिए एक बरामदा, नहाने के लिए एक बोरिंग और सड़क का निर्माण होना है। इसके बाद बारिश के समय अंतिम संस्कार और उसमें शामिल होने वालों लोगों को काफी सहूलियत रहेगी।

## पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मुक्तिधाम एवं गौशाला में किया वृक्षारोपण



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

शासन की मंसा के अनुरुप बुधवार 09 जुलाई को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पालिका प्रशासन के साथ नगर के मुक्तिधाम एवं ग्रांट लंदनपुर के प्रसादपुर में नगर पालिका की बन रही स्थाई गौशाला में नीम, आम, जामुन, सागौन, बरगद, पकरिया आदि के पेड़ लगाकर सरकार के एक दिन में 37 करोड़ से अधिक पेड़ लगाने के लक्ष्य में अपना योगदान दिया। वृक्षारोपण अभियान में अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा व नगर पालिका परिवार ने अतुलनीय कार्य किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, वृक्ष हमें प्राणवायु देते है। इसके साथ ही वृक्षों की लकड़ी, पत्ते, छाल आदि का जीवनपर्यन्त उपयोग करते है इस अवसर पर ई ओ सुरेन्द्र कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, शत्रोहन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार ने मनाया गुरुपूर्णिमा का पर्व

### शक्तिपीठ पर संपन्न हुआ इको फ्रेंडली भंडारा



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुरु पूर्णिमा का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः कालीन सामूहिक गायत्री महामंत्र जप के साथ हुआ। प्रातः 8 बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने कई पालियों में यज्ञ कर सबके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। यज्ञ का संचालन राम खेलावन निषाद, अजय वर्मा, राज कुमार, सुगंधा शुक्ला ने संपन्न करवाया। गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद ने कहा वर्ष 2026 गायत्री परिवार की गुरुमाता वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी और पावन अखण्ड ज्योति का जन्म शताब्दी वर्ष है इस उपलक्ष्य में गायत्री परिवार द्वारा 29 अक्टूबर से लखीमपुर में होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह की सफलता के लिए, संकल्पित होकर जुटना है। यह गुरुपूर्णिमा पर गुरु कार्य और मिशन के विचार क्रांति अभियान के लिए, सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यज्ञीय वातावरण में पुंसवन सहित अन्य संस्कार भी संपन्न हुए।मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं ने डिस्पोजल बर्तन रहित माता भगवती देवी इको-फ्रेंडली भोजनालय में भोजन प्रसाद (भंडारा) प्राप्त किया। इस दौरान उदय सिंह, उमा शंकर, यज्ञदेव वर्मा, सर्वेश वर्मा, प्रिंस रंजन बरनवाल, दुर्गेश वर्मा, मनीषा वर्मा, शुभम गुप्ता, शैलेश बरनवाल, नीलम पटेल आदि सक्रिय रहे।

## बस की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, साथी घायल

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कोतवाली के अंतर्गत गांव चौरासिया से बाइक से निकले दो छात्रों शाहनवाज व शाकिब को लखीमपुर रोड पर बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से गोला सीएचसी भेजा जहां पर डॉक्टरों ने 18 वर्षीय शाहनवाज पुत्र नौशाद अली को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी शाकिब को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा गुरवार सुबह करीब 9:00 बजे हुआ। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसे के दौरान बस के नीचे बाइक फंस गई, जिससे वह कुछ दूर घिसटती चली गई। फिर चालक बस को लेकर वहां से भाग गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।शाहनवाज अपनी बाइक से गोला के कृषक समाज इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं का एडमिशन कराने जा रहा था। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। शाहनवाज तीन भाई हैं, शहनवाज, जुल्फकार, नावेद अली। उसके पिता नौशाद अली कश्मीर में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। पिता ने बताया कि वह मुहर्रम पर कश्मीर से वापस अपने घर पर आए थे। बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न हुई

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला बैठक जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के निज निवास मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य सावन की तैयारियों को लेकर रहा। जिला अध्यक्ष कनौजिया ने बताया कि कल से सावन शुरू हो रहा है जिसमें दूर- दूर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में पौराणिक शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ जी पर जलाभिषेक व कावड़ चढ़ाने आते हैं। जिनकी सहायता को लेकर गोला नगर की मोहम्दी रोड पर स्थित राधे पेट्रोल पंप के सामने सहायता केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा ने हिंदू हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी कि अगर किसी हिंदू भाई-बहन को किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर हिंदूहेल्पलाइन नंबर 02066803300 व राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया जी ग्रुप ज्वाइन मिस कॉल नंबर 9825323408 पर संपर्क करें। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा, सुनील बाजपाई, आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## श्रीव्यास पूजन एवं ब्रम्हलीन पूज्यपाद सद्गुरुदेव भगवान का पूजन अर्चन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। गुरु पूर्णिमा एवं व्यास पूर्णिमा के पावन पर्व पर चन्द्रकला आश्रम/संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल लखीमपुर खीरी में आयोजित श्रीव्यास पूजन एवं ब्रम्हलीन पूज्यपाद सद्गुरुदेव भगवान का पूजन अर्चन सम्पन्न हुआ। दूर दराज से आए पूज्य सद्गुरुदेव भगवान के हजारों शिष्यों ने व्यास पूजन, पूज्य सद्गुरुदेव भगवान का पूजन, समाधि स्थल का पूजन कर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। प्रमोद जी महराज,प्राचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य सत्यम मिश्र, आचार्य प्रमोद अवस्थी एवं बटुक ब्रह्मचारियों ने श्री व्यास जी एवं गुरुदेव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# एक्सप्रेस खबरें...

### गढ़वा खेड़ा पुल पर ट्रक व डीसीएम की आमने-सामने टक्कर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गढ़वा खेड़ा पुल के पास गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीसीएम चालक नियामत अली निवासी पूरनपुर रजागंज देहात सहारनपुर से आम लेकर खुटार की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गढ़वा पुल के समीप पहुंचा, सामने से अचानक एक साइकिल सवार आ गया। उसे बचाने के प्रयास में डीसीएम खुटार से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। जोरदार टक्कर में डीसीएम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद लोगों ने घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं, ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।सूचना पाकर पुलिस चौकी गढ़वा खेड़ा की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। स्थानीय लोगों का कहना है कि गढ़वा पुल पर अकसर तेज रफ्तार वाहनों की वजह से हादसे होते रहते हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं।

### राहुल नगर मजदूर बस्ती कीचड़ व जलभराव से बेहाल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती में बुनियादी सुविधाओं के अभाव और जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे लोगों ने पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के बाद से गांव में एक भी विकास कार्य नहीं कराया गया।ग्रामीणों ने बताया कि हल्की बारिश होते ही गांव की मुख्य गलियां जलमग्न हो जाती हैं, जिससे न केवल चलना मुश्किल हो जाता है बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी खासी परेशानी झेलनी पड़ती है। गंदगी और दुर्गंध ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।विरोध कर रहे ग्रामीणों में आक्रोश भारती, अक्षय अली, राजकुमारी, पार्वती, पुष्पा, विद्यावती, रूपाली, गायत्री देवी, गोलू, सिंधाम, अशोक कुमार आदि लोग शामिल रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे तहसील स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

### महिला अस्पताल में एग्जॉस्ट फैन से लगी आग

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे महिला अस्पताल में अचानक उस समय हड़कंप मच गया जब एक एग्जॉस्ट फैन में शॉर्ट सर्किट से खिड़की में आग लग गई। आग लगते ही मरीजों और अस्पताल कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी होते ही अस्पताल स्टाफ मौके पर दौड़ा और सुरक्षा गार्ड ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। इसके बाद मरीजों और उनके तीमारदारों ने राहत की सांस ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल में अचानक उठे धुएं को देखकर सड़क से गुजर रहे राहगीर भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि आग से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इससे अस्पताल प्रशासन की विद्युत व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में बिजली उपकरणों की समय-समय पर जांच की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र के गांव पटेहरा निवासी एक ग्रामीण की देर रात तबीयत खराब होने पर परिजन उसे अमृता गंज बाजार के एक मेडिकल स्वामी से पास दवा दिलाने ले गए। आरोप है कि मेडिकल स्वामी ने उसके बेटे को गलत इंजेक्शन लगा दिया। करीब 20 मिनट बाद युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना खीरी क्षेत्र के गांव पटेहरा निवासी 50 वर्षीय तीर्थ पांडे की बुधवार की रात करीब 11 बजे अचानक तबीयत खराब हुई। परिजन पास की बाजार अमृतागंज स्थित एक मेडिकल स्वामी से दवा लेने पहुंचे।परिजनों का आरोप है कि मेडिकल स्वामी के कहने पर उसके बेटे ने तीर्थ पांडे को इंजेक्शन लगा दिया। बताते है कि इंजेक्शन लगने के बाद तीर्थ पांडे की तबीयत और खराब होने लगी। इसपर मेडिकल के स्वामी ने कहा कि आप इन्हें जिला अस्पताल लेकर जाओ। परिजन तीर्थ पांडे को जिला अस्पताल ले जाने की तैयारी ही कर रहे थे कि करीब 20 मिनट बाद तीर्थ पांडे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# समिति पर खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

ठूठीबारी कस्बे स्थित साधन सहकारी समिति पर गुरुवार को उर्वरक यूरिया लेने के लिए क्षेत्र के किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खेती-किसानी के इस व्यस्त मौसम में खाद की मांग बढ़ गई है, जिस कारण समिति पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।



जानकारी के मुताबिक साधन सहकारी समिति पर खाद वितरण की सूचना मिलते ही ग्रामपंचायत ठूठीबारी, रामनगर, किशुनपुर, नौनिया, तुर्कहिया, चटिया सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों किसान पहुंच गए, जिससे व्यवस्था थोड़ी देर के लिए अस्त-व्यस्त हो गई। हालांकि, समिति के कर्मचारियों ने किसी तरह से व्यवस्था को संभाला और किसानों को लाइन में लगाकर खाद का वितरण करने का कार्य शुरू किया। इस संबंध में समिति अध्यक्ष जय शंकर सिंह उर्फ इंटू सिंह ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है और सभी किसानों को खाद देने का प्रयास किया जा रहा है। वही किसान संजय भुज, गुड्डू यादव, हीरा साहनी, ओंकार विश्वकर्मा का कहना है कि खेतों में धान की रोपाई का समय चल रहा है, और यूरिया की सख्त जरूरत है। समय पर खाद न मिलने से खेती पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण के लिए अतिरिक्त काउंटर लगाए जाएं ताकि भीड़ कम हो और सभी को समय पर खाद मिल सके।


## मानदेय न मिलने से आउटसोर्सिंग कर्मी परेशान, प्रधानाचार्य से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

मेडिकल कॉलेज में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी दो माह से मानदेय न मिलने से परेशान है। उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर बुधवार को कर्मचारी प्रशासनिक भवन पहुंचे और प्रधानाचार्य से मिलकर अपनी समस्या रखी। उन्होंने जल्द से जल्द भुगतान का आश्वासन दिया। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित मानदेय न मिलने से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें मई और जून माह का मानदेय अब तक नहीं मिला है, जबकि जुलाई माह शुरू हो गया है। कर्मचारी ओपीडी का समय समाप्त होने के बाद प्रशासनिक भवन पहुंचकर प्रधानाचार्य से मिले।

कर्मचारियों का कहना था कि लगातार दो महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई व अन्य जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। कहा कि जल्द भुगतान न होने पर कार्य बहिष्कार को बाध्य होंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर संतों का सम्मान विधायक ने किया चरण वंदन



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर और गायत्री मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने साधु-संतों को अंगवस्त्र और माला अर्पित कर सम्मानित किया। उनके साथ प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियर विवेक गुप्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल सहित अन्य नेताओं ने भी संत समाज का स्वागत किया। विधायक कन्नौजिया ने कहा कि भाजपा गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी-मोदी सरकार न केवल आर्थिक विकास कर रही है, बल्कि देश की सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को भी मजबूती दे रही है। उन्होंने काशी, अयोध्या और उज्जैन जैसे तीर्थस्थलों के पुनरुद्धार को इसका प्रमाण बताया। उन्होंने संत समाज से आशीर्वाद लेते हुए आग्रह किया कि राष्ट्र निर्माण में वे अपना सहयोग निरंतर देते रहें। साथ ही बताया कि सरकार धार्मिक पर्यटन को भी प्राथमिकता दे रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला, राकेश अग्रहरी, वीरेंद्र लोहिया आदि मौजूद रहे।

# नशीली इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

### प्रतिबंधित नशीली दवा की खेप भारतीय सीमा से नेपाल राष्ट्र ले जाने की थी तैयारी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी और नौतनवां पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की। गुरुवार को संयुक्त टीम ने डांडा नदी पुल के पास से लाखों रुपये मूल्य की प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बड़ी खेप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक नशीली दवाओं की तस्करी कर नेपाल ले जाने की फिराक में था। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



जानकारी के अनुसार, एसएसबी और नौतनवा की पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर के सूचना पर टीम ने एक संदिग्ध युवक रोककर पूछताछ करते हुए उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन की खेप बरामद हुई। जिसमें ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन 245 एम्पुल, डायजेपाम इंजेक्शन 245 एम्पुल, प्रोमेथाजिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन 245 एम्पुल व स्पशमों कैप्सूल बरामद हुई है। बरामद दवाओं की अंतराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है। मामले में प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि नशीली दवा की खेप नेपाल राष्ट्र में ले योजना थी। गिरफ्तार युवक की पहचान श्याम देव (30 वर्ष) पुत्र विधा गुप्ता, निवासी सिरौली, थाना निचलौल, जनपद महाराजगंज के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नौतनवा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पुलिस अब इस तस्करी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

## 18 केंद्रों पर 27 जुलाई को होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के 18 केंद्रों पर 27 जुलाई को समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी केंद्रों पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 8208 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के लिए 8208 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। 8:45 पर सभी परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर उप प्रधानाचार्य व परीक्षा कार्य में अनुभवी शिक्षक को सह केंद्र व्यवस्थापक और स्वयं के विद्यालय के 50 फीसदी शिक्षक परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए जाएंगे।

# ईटहिया शिवालय सज कर तैयार, आज से होगा जलाभिषेक

- सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से होगी मेले की निगरानी, चप्पे चप्पे पर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी
- कई थाने की पुलिस फोर्स के साथ ट्रैफिक, पीएसी व फायर ब्रिगेड के जवान रहेंगे तैनात

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

हिंदू धर्म का पवित्र पर्व सावन शुक्रवार से शुरु हो रहा है। इसको लेकर भारत नेपाल बॉर्डर के करीब स्थित ईटहिया के सुप्रसिद्ध पंचमुखी शिव मंदिर सज धजकर तैयार हो गया है। मंदिर के गर्भ में स्थित पंचमुखी शिवलिंग पर श्रद्धालुओं का जलाभिषेक और मेले के लगने वाली भीड़ के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। चप्पे चप्पे पर पुलिस की कड़ी निगेहबानी होगी। तीसरी नजर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे मेले के हर एक गतिविधियों पर पैनी नजर रहेगी। मंदिर के मुख्य पुजारी मुन्ना गिरी ने बताया कि शुक्रवार से सावन का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। श्रावण मास में शिव पूजन का विशेष महत्व होता है इसलिए प्रत्येक सोमवार को व्रत, पूजा और जलाभिषेक से भगवान शिव प्रसन्न होते है। श्रावण सोमवार को विल्व पत्र, गाय का दूध, दही, घी, शहद, गन्ने का रस, फूल, भांग, धतूरा और गंगाजल से जलाभिषेक अति उत्तम और लाभप्रद माना जाता है। जबकि श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए मंदिर के उत्तर धर्मशाला भी पहले से बना हुआ है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक पुस्तकालय की भी व्यवस्था की गई है।



### सीसीटीवी कैमरे से होगी मेले की निगरानी

पंचमुखी इटहिया शिव मंदिर में श्रावण मास में लगने वाले भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा मंदिर गर्भगृह से लेकर मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, राम जानकी मंदिर, मंदिर के पूर्वी, उत्तरी और पश्चिमी गेट सहित अन्य जगहों पर कुल 28 सीसीटीवी कैमरे सहित ड्रोन कैमरे से निगेहबानी होगी। मंदिर परिसर में महिला और पुरुष के प्रवेश और निकासी के साथ कुल 09 बैरीकेटिंग बनाए गए है, वही गर्भवतियों और दिव्यांगों के लिए दो व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की टीम भी तैनाती और मंदिर परिसर में ही खोया पाया केंद्र भी स्थापित होगा।

### मंदिर की सुरक्षा मे कई थानों के पुलिस फोर्स तैनात

निचलौल क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 250 की संख्या पुलिस फोर्स की तैनाती की जा रही है। जिसमें ठूठीबारी कोतवाली पुलिस सहित बरगदवा व निचलौल थानाध्यक्ष, महिला व पुरुष आरक्षी, ट्रैफिक पुलिस दमकल कर्मी, पीएसी बल ड्यूटी लगाई गई है।

# हैंडओवर होते गिरने लगी थी दीवारें, वर्षों से दबी थी भ्रष्टाचार की फाइल, डीएम ने लिया संज्ञान

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सूत्र बताते हैं कि उस दौरान हुए जांच में बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों के अलावा भवन का निर्माण कराने वाली फर्म दोषी मिली थी, लेकिन कार्रवाई के बजाए इस फाइल को बीएसए कार्यालय में दबा दिया गया। डीएम के निर्देश पर जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है। अब फाइ को दोबारा तलब किए जाने और टीम बनाए जाने से हड़कंप मचा है।

मोतीचक ब्लॉक के मथौली नगर में बना कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भवन में भ्रष्टाचार का ऐसा घुन लगा कि बनते ही जर्जर हो गया। आरोप है कि पूर्व में हुई जांच के बाद भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ तो बीएसए कार्यालय में इसकी फाइल दबा दी गई। निर्माण कराने वाली फर्म को नोटिस जारी कर जिम्मेदार अपना बचाव करते रहे और यहां के छात्रों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट कर दिया गया।

संज्ञान में आने के बाद भवन निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का दोबारा जांच कराने के लिए डीएम ने फाइल तलब कर ली है। सीडीओ के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम जांच के लिए गठित की गई है। निष्पक्ष तरीके से इसकी जांच हो जाए तो फर्म मालिक के साथ-साथ कई जिम्मेदारों की गर्दन फंस सकती है।

विज्ञापन

मोतीचक ब्लॉक में कस्तूरबा विद्यालय वर्ष 2008-2009 में 36 लाख रुपये की लागत से बनाया गया था। भवन दो अक्टूबर 2010 को बेसिक शिक्षा विभाग को हैंडओवर किया गया था। पांच साल बाद ही भवन का फर्श टूटने लगा। दीवारों के प्लास्टर गिरने और छत में कंपन होने लगा।

इससे बच्चे डर गए और शिक्षक भी भवन के अंदर जाने से कतराने लगे। पूर्व विधायक रामानंद बौद्ध ने तत्कालीन डीएम से इसकी शिकायत की तो इसकी जांच टेक्निकल टीम की मदद से की गई। टीम ने विद्यालय भवन को जर्जर बताते हुए इस भवन में बच्चों को पढ़ाना खतरनाक बताया। आनन-फानन में इसे खाली कर मोतीचक बीआरसी परिसर स्थित विद्यालय भवन में शिफ्ट करा दिया गया। सूत्र बताते हैं कि उस दौरान हुए जांच में बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों के अलावा भवन का निर्माण कराने वाली फर्म दोषी मिली थी, लेकिन कार्रवाई के बजाए इस फाइल को बीएसए कार्यालय में दबा दिया गया। डीएम के निर्देश पर जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है, लेकिन टीम अभी जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंची है।

कुछ दिन बाद में वहां से बच्चों को कसया व रामकोला विद्यालय में शिफ्ट किया गया। इसके बाद बच्चों की संख्या बढ़ी तो मोतीचक ब्लॉक के गांव नरायनपुर के राजकीय जूनियर हाईस्कूल के भवन में शिफ्ट कर दिया गया।

इन दिनों बाद मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में छात्राओं के रहने के लिए एक नया भवन का निर्माण कराया गया है। इसमें बालिकाएं रहती हैं और पढ़ाई भी उसी भवन में होती है।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि जांच टीम बनाई गई है। रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

## बथुआ रिवर फंट पर लगेगा 100 फुट लंबा तिरंगा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्थानीय नगर पंचायत बोर्ड की बुधवार को हुई बैठक में सभासदों की सहमति से 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर मुहर लगी। नगर पंचायत बोर्ड की बैठक अध्यक्ष सुधा निगम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बथुआ रिवर फ्रंट पर 100 फुट लंबा तिरंगा लगाने, एक करोड़ 90 लाख की लागत से लोकनाथ मंदिर का सुंदरीकरण कराने, मल्लाह टोली वार्ड में दो करोड़ 60 लाख की लागत से बरात घर बनाने, 70 लाख की लागत से पश्चिमी तिवारी टोला वार्ड में पार्क का निर्माण, दुग्धेश्वरनाथ वार्ड में एमआरएफ सेंटर के सामने एक करोड़ 58 लाख की लागत से इनडोर स्टेडियम का निर्माण का प्रस्ताव पारित हुआ। इसी तरह बस स्टेशन पर एलईडी आउटडोर डिस्प्ले लगवाने का प्रस्ताव पास हुआ। सभासदों के प्रस्ताव पर हर वार्ड में नाली, सड़क व बिजली सप्लाई के लिए पोल लगाने का निर्णय लिया गया।

# बैंककर्मियों की हड़ताल से 200 करोड़ का व्यवसाय प्रभावित

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में बुधवार को एसबीआई को छोड़कर जिले के विभिन्न बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इन्होंने बाइक जुलूस निकालकर नारेबाजी की। बीमाकर्मियों ने भी हड़ताल का समर्थन किया और इसमें शामिल हुए। बैंक शाखाओं व बीमा कार्यालयों में कामकाज बाधित होने से 200 करोड़ के लेन देन के प्रभावित होने का अनुमान है। यूपी बैंक इम्पलाइज यूनियन की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इसमें बैंक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेलवे स्टेशन रोड स्थित पीएनबी मुख्य शाखा पर इकटठे होकर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपना विरोध जताया। इसके बाद बाइक जुलूस निकालकर विभिन्न शाखाओं में होते हुए हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया।




# सीएम योगी बोले, डॉ. लोहिया के वर्तमान चेले भले न मानते हों, पर राम विरोधी की दुर्गति ही होनी है

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

मुख्यमंत्री ने दुर्गति से बचने के लिए आचार और विचार में समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राम को भजते-भजते हनुमान जी भी पूज्य हो गए। अनपढ़ व्यक्ति भी हनुमान चालीसा जानता है,उसका पाठ करता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शंकर और उनसे जुड़ी कथाएं हमारी आस्था की प्रतीक हैं, हमारी विरासत हैं।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है। प्रखर समाजवादी डॉ. राम मनोहर लोहिया भी कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं

सीएम योगी गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में विगत 4 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ के चित्र पर पुष्पार्चन करने तथा व्यासपीठ का पूजन करने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम कथा और देवी-देवताओं से जुड़ीं अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं।

उन्होंने रामायण मेलों की शुरुआत करने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया का उल्लेख कर सनातन धर्म पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. लोहिया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी और कांग्रेस के प्रखर विरोधी थे। आजादी के बाद जब भारतीयों की एकजुटता को लेकर कुछ लोगों ने शंका जताई थी तब उन्होंने जवाब दिया था कि राम, कृष्ण और शंकर की पूजा होने तक भारत की एकजुटता का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता। प्रखर समाजवादी लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं। सीएम ने कहा कि उच्चकुल में पैदा होने के बावजूद मारीच की दुर्गति सबको पता है। उसका जन्म मनुष्य रूप में होता है जबकि पशु रूप में मारा जाता है।

## हादसे में पोस्ट ऑफिस कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पोस्ट ऑफिस कर्मचारी को ट्रक ने मंगलवार शाम शहर के कसया रोड पर ठोकर मार दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बघौचघाट थाना क्षेत्र के विशुनपुरा बजार निवासी सोनू मद्धेशिया 34 पुत्र लखीचंद देवरिया पोस्ट ऑफिस में नौकरी करते थे। मंगलवार शाम को काम करने के बाद वह अपने घर जा रहे थे। अभी शहर के कसया मार्ग पर पहुंचे थे कि ट्रक चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे सोनू की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही घर में चीख पुकार मच गई। पत्नी रानी देवी और दो बेटियों व एक बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रेमी युगल हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा, पंचायत में दी थी धमकी, नहीं माने तो कर दिया दोनों का कत्ल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कुशीनगर में हुए ऑनर किलिंग के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पंचायत में आरोपियों ने धमकी दी थी। प्रेमी युगल नहीं माने तो हत्या कर दी। आरोपियों ने आत्महत्या का रूप देने के लिए रस्सी के फंदे से दोनों के शव लटका दिए थे।



कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थाना इलाके के एक गांव में प्रेमी युगल की हत्या के मामले का बुधवार को पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ऑनर किलिंग में शामिल किशोरी के चचेरे भाई, भाभी, पिता और चचेरे भाई के मृतक के दो नाबालिग दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि चचेरे भाई ने पहली बार दोनों साथ पकड़ा। इसके बाद पंचायत में युवक को दोबारा साथ दिखने पर जान से मारने की धमकी दी थी। घर पर आकर किशोरी को पीटा भी।

बावजूद इसके एक साथ जीने-मरने की जिद पर अड़े प्रेमी युगल को घटना से दो दिन पूर्व गांव के एक मांगलिक कार्यक्रम में चचेरा भाई ने फिर एक साथ देख लिया। इसकी जानकारी परिजनों को दी तो वह भी आक्रोशित हो गए।

किशोरी को लोहे की रॉड से मारकर हत्या कर शव घर में छिपा दिया। इसके बाद धोखे से युवक को बुलाकर ईंट से प्रहार कर मौत की नींद सुला दी। स्कूटी से अपने नाबालिग दोस्तों की मदद से देर रात घर से कुछ देरी पर ले जाकर आत्महत्या का रूप देने के लिए रस्सी के फंदे से दोनों का शव लटका दिया था।

### काफी दिनों से युवक और किशोरी के बीच था प्रेम

पुलिस ने दो बाल अपचारी समेत पांच लोगों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एएसपी निवेश कटियार ने बताया कि युवक और किशोरी के बीच काफी दिनों से प्रेम संबंध था।

पिछले महीने दोनों एक साथ दिखे तो दोनों परिवार के बीच पंचायत हुई और किशोरी के घर वालों ने उन्हें दूरी बढ़ाने को कहा। पंचायत में किशोरी के चचेरे भाई ने युवक को दोबारा साथ नजर आने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

### किशोरी मानने को नहीं हुई थी तैयार

30 जुलाई की रात को गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम था। आरोपी चचेरे भाई ने दोनों को एक साथ मिलते हुए देख लिया। इस पर घर वालों ने एक जुलाई को किशोरी को दिन में डांट फटकार लगाई और युवक से नहीं मिलने को कहा।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में जप एवं यज्ञ का आयोजन

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के गायत्री शक्तिपीठ पर गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के उपलक्ष मे जप एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रातः काल से ही सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गायत्री महायज्ञ कर यज्ञ भगवान को अपनी आहुतियां समर्पित की।

जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यज्ञ का संचालन मुख्य परिव्राजक राम भारती गोस्वामी व मुस्कान जयसवाल के सहयोग द्वारा संपन्न हुआ। यज्ञ के मध्य करुणेश कुमार एवं कुमारी आंचल पाल का विधि विधान से जन्मदिन भी मनाया गया। मंदिर परिसर में प्रातः 6¬00 बजे से सायं 6¬00 बजे तक अनवरत अखंड जप का कार्यक्रम श्रद्धालुओं द्वारा चलता रहा। सायंकाल 6¬30 बजे से दीप महायज्ञ का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम मातृ वंदना ÷वेद माता देव माता विश्व माता को नमन ÷से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संगीत की टोली में नीरज गुप्ता, प्रदीप कुमार गोयल, कन्हैयालाल वर्मा ,राम भारती गोस्वामी ,बेचन लाल मौर्य का विशेष सहयोग रहा । गुरु पर्व पूजन के साथ ही कार्यक्रम में ÷आओ गुरु को करें हम नमन ÷ गीत का गायन हुआ। परिवार जिला संयोजक सत्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि गुरु व्यक्ति नहीं शक्ति है। उन्होंने अपने जीवन काल में 3200 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया है। साथ ही आर्ष ग्रंथों का हिंदी में भाष्य व विशाल गायत्री परिवार नामक संगठन का निर्माण किया। उनका संकल्प था ÷मनुष्य में देवत्व व धरती पर स्वर्ग का अवतरण ÷ इसी हेतु उन्होंने युग निर्माण योजना की शुरुआत की । कार्यक्रम के मध्य भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब चंद्र भारती ने अखंड दीपक की प्राकट्य के 100 वर्ष एवं वंदनीय माताजी के जनशताब्दी वर्ष पर बृहद चर्चा कर कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व का बोध कराया। उन्होंने बताया की माह सितंबर में जन्म शताब्दी रथ जिला बलरामपुर में प्रवेश करेगा, जिसका उद्देश्य जन-जन को गायत्री व अध्यात्म से जोड़ना है। इस हेतु उन्होंने एक संकल्प पत्र भी भरवाया। जिसमें साधक अपने जप, अनुष्ठान एवं समय दान का संकल्प ले और मिशन की गतिविधियों में अपना पूरा-पूरा योगदान तन मन धन से समर्पित करें। कार्यक्रम का समापन दीप प्रज्वलन के बाद विशाल भंडारे से हुआ।

कार्यक्रम में विशेष रूप से अशर्फीलाल, आलोक कसौंधन, संजय गुप्ता, राजकुमार सोनी, सुमित कसौंधन, सत्य प्रकाश गुप्ता ,जीवनलाल, विजय गुप्ता, अशोक अग्रवाल, मीरा मिश्रा, मीनू गुप्ता, मंजू जायसवाल, सुषमा गुप्ता, तृप्ति गोयल, सुमित कसौंधन, राजीव गोयल, काशी प्रसाद तिवारी व रामदीन वर्मा का सहयोग रहा।

# दिलीप गुप्ता होंगे बस समाज के नए जिला अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का पुनर्जन्म दिवस मनाया जाएगा। इस विशेष दिन को ÷व्यापारी साहस दिवस÷ के रूप में भी मनाया जाएगा। बैठक में नए जिला अध्यक्ष के रूप में दिलीप गुप्ता को मनोनीत किया गया।

बैठक का आयोजन श्री राम जानकी मंदिर, सेखुआ परमेश्वरी बलरामपुर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृष्ण गोपाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष वैश्य समाज बलरामपुर ने की। संचालन रूपचंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष ने किया, जबकि बैठक का नेतृत्व पूर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने किया।

बैठक में वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिश्चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष वैश्य समाज बहराइच मौजूद रहे। सभी अतिथियों का भव्य स्वागत स्मृति चिन्ह और बुके देकर किया गया।



### नई नियुक्तियां घोषित

बैठक में वैश्य समाज के संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। दिलीप कुमार गुप्ता (तुलसीपुर) को बलरामपुर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कृष्ण गोपाल गुप्ता* को नगर अध्यक्ष, बलरामपुर बनाया गया । पूर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि मंत्री नंदी जी 15 वर्ष पूर्व एक साजिश में ऋङ्ग विस्फोट का शिकार हुए थे, और कई महीनों तक ढ्रष्ट में जीवन-मृत्यु से संघर्ष करते रहे। उनकी वापसी को समाज ने एक पुनर्जन्म माना, और अब हर वर्ष 12 जुलाई को इस दिन को पुनर्जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### विशेष आयोजन की रूपरेखा

12 जुलाई को बलरामपुर में पूजन कार्यक्रम और सामाजिक एकजुटता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में वैश्य समाज की एकता और शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा।

दिलीप कुमार गुप्ता, नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष ने सभी समाज बंधुओं से इस आयोजन को भव्य बनाने की अपील की। बैठक में प्रमोद चौधरी (जिला प्रभारी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल), सुशील कुमार साहू बंटी (सभासद), मनोज साहू (सभासद), सर्वजीत गुप्ता, रामगोपाल, विशाल गुप्ता, राजन गुप्ता, अमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, अभय कुमार कसेरा, श्याम किशोर गुप्ता, राजकुमार, राम कुमार, शुभम गुप्ता, ज्ञान प्रकाश, सुनील सिंह कसेरा, घनश्याम चौहान, दिलीप कुमार वैश्य, श्याम बिहारी अग्रहरि, प्रदीप गुप्ता, राधेश्याम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# बीएड की मुख्य परीक्षा में पहले ही दिन पकड़ा गया एक नकलची

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को बीएड की मुख्य परीक्षा प्रारंभ हुई। पहले दिन बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 01 नकलची पकड़ा गया।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य व केंद्राध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि 10 जुलाई से केन्द्र पर बीएड की मुख्य परीक्षा प्रारंभ हुई है। केन्द्र पर महाविद्यालय के अतिरिक्त विमला विक्रम,शक्ति स्मारक,चौधरी लालता प्रसाद,हाजी इस्माइल, फैसल महाविद्यालय व सत्यनारायण शिक्षण संस्थान के परीक्षार्थी भी सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए परीक्षा प्रभारी डॉ लवकुश पाण्डेय व सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल के साथ साथ अन्य शिक्षकों की विशेष आंतरिक सचल दस्ता बनाया गया है जो महाविद्यालय के मुख्य द्वारों व परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों पर नज़र रख रहे हैं। परीक्षा के पहले दिन प्रथम वर्ष की परीक्षा के दौरान विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा के एक परीक्षार्थी को परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। नकलची के विरुद्ध नकल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। पहले दिन पंजीकृत 227 परीक्षार्थियों में से 224 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 03 अनुपस्थित पाये गए।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिल कराई पति की हत्या, सीने में दागी दो गोलियां, हत्यारा पहुंचा थाने, पत्नी पकड़ी

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

एसपी ग्रामीण ने बताया कि पत्नी ने ही अपने प्रेमी से पति की हत्या कराई है। हत्या के बाद प्रेमी खुद थाने पहुंचा है। इसके बाद महिला को भी पकड़ा गया। बाकी कार्रवाई की जा रही है। जांच में अन्य कोई साक्ष्य मिलेगा, उसके आधार पर भी कार्रवाई की जाएगी।

अलीगढ़ में बरला कस्बे के मोहल्ला कोठी में पत्नी के प्रेम संबंधों में बाधा बन रहे 32 वर्षीय सुरेश की 10 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात को सुरेश की पत्नी के इशारे पर उसके प्रेमी मनोज ने अंजाम दिया है। वारदात के बाद आरोपी खुद तमंचा लेकर थाने जा पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने जांच व साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने जुर्म भी कबूल कर लिया है।



सीओ बरला गर्वित सिंह के अनुसार मोहल्ला कोठी का सुरेश दिल्ली में रहकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।

उसकी पत्नी बीना तीन बच्चों को लेकर गांव में ही रहती थी। परिवार वालों से पूछताछ में पता चला है कि करीब आठ वर्ष पहले सुरेश की पत्नी के पड़ोस में ही परचून की दुकान करने वाले अविवाहित युवक मनोज से प्रेम संबंध हो गए। इन संबंधों की भनक पर सुरेश व उसके पूरे परिवार ने विरोध किया। मगर बीना व मनोज ने साथ रहने की ठान ली। अभी तीन दिन पहले सुरेश दिल्ली से गांव आया था। 10 जुलाई को उसे वापस जाना था। उससे पहले वह बाजार से सब्जी लेकर घर आया।

इसके बाद आरोपी वहां से तमंचा लिए सीधे थाने पहुंच गया और सुरेश की हत्या करना स्वीकारते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। इस खबर पर सीओ, एसएचओ फॉरेंसिक टीम सहित घटनास्थल पर पहुंच गए। घायल को छर्रा सीएचसी व शव को पोस्टमार्टम केंद्र भिजवाया। जांच व पूछताछ के आधार पर मृतक की पत्नी बीना को भी गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई विजय की तहरीर पर मनोज व बीना पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार के सुपुर्द कर दिया है।

पत्नी ने ही अपने प्रेमी से पति की हत्या कराई है। हत्या के बाद प्रेमी खुद थाने पहुंचा है। इसके बाद महिला को भी पकड़ा गया। बाकी कार्रवाई की जा रही है। जांच में अन्य कोई साक्ष्य मिलेगा, उसके आधार पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# देर रात तक चला गुरु पूर्णिमा महोत्सव,भक्तों ने किये गुरु दर्शन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में गुरु शिष्य की परंपरा को समेकित किये जाने वाले महापर्व गुरु पूर्णिमा अथवा व्यास पूर्णिमा को बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया,भारी मात्रा में उपस्थित भक्तों की भीड़ ने न केवल पिछले वर्ष के रिकार्ड तोड़े बल्कि देर रात तक गुरु दर्शन को भक्त आते रहे।

गुरुवार प्रातः कालीन बेला में स्वर्ण जयंती नगर सीजन्स अपार्टमेंट स्थित वैदिक ज्योतिष संस्थान कार्यालय पर संस्थान प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के दर्शन को उनके अनुयायियों ने ताँता लगा दिया। और उनके दीक्षित शिष्यों ने पादुका पूजन किया। आचार्य गौरव शास्त्री,ऋषि शास्त्री,रवि शास्त्री,शिवम शास्त्री,माधव शास्त्री,ऋषभ शास्त्री आदि विद्वान ब्राह्मणों ने वेदमंत्रो के साथ पूजन अर्चन करवाया।वहीं शहर के विधायक श्री अनिल पाराशर ने अपने परिकर के साथ पूज्य गुरु जी से आशीर्वाद लिया।

सांय कालीन बेला में मैरिस रोड स्थित धर्मपुर कोर्टयार्ड में चार बजे से गुरु जी के आगमन के साथ ही रूष्ट श्री ऋषिपाल चौधरी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और सामूहिक रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया,गुरुदेव के जयघोष के साथ इत्र और पुष्प की वर्षा करते हुए मंच पर विराजित किया। मंचासीन अतिथियों,जिनमें महिला शक्ति श्रीमती हर्षा चौधरी,श्रीमती कृतिका चौधरी,श्रीमती पारुल जिंदल,श्रीमती शालू अग्रवाल आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर गुरु वंदना की।कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त श्री प्रेम प्रकाश मीणा,श्री मृगांक शेखर पाठक (स्कसिटी) तथा वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्री वृजेंद्र यादव आदि ने सामूहिक रूप से गुरु जी का माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया।

स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस अवसर पर गुरु के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि युग युगांतर से गुरु की महिमा का वर्णन वेद वेदांत में है स्वयं भगवान श्री राम और कृष्ण ने गुरु के माध्यम से अपने जीवन को धन्य किया। उन्होंने बताया कि गुरु का महत्व व्यक्ति के जीवन में अत्यंत महत्व रखता है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। सही और गलत का भेद बताने का कार्य भी गुरु के बिना संभव नहीं है।गुरु के महत्व का वर्णन करते हुए विश्व विख्यात संत गोस्वामी बाबा तुलसीदास ने राम चरित मानस में लिखा है कि गुरु बिन भवनिधि तरहिं न कोई यानि गुरु के बिना कोई भी व्यक्ति भवसागर अर्थात संसार के दुखों और जन्म मृत्यु के बंधन को पार नहीं कर सकता,भले ही वह ब्रह्मा या शंकर के समान ही क्यों न हो। सांय 7 बजे से भंडारे प्रसादी का आयोजन भी प्रारंभ हो गया जो कि अनवरत मध्य रात्रि तक चला। देर रात तक भक्तों ने गुरु दर्शन को कतारों में लगकर किया। इस अवसर पर रजनीश वार्ष्णेय,कालू प्रेमी,तेजवीर सिंह,नवीन चौधरी,धीरू ठाकुर,अभिषेक शर्मा,संदीप शर्मा,हर्ष शर्मा,लव भारद्वाज सुमित वर्मा,पवन तिवारी,शीलू ठाकुर समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया साधु संतों का स्वागत अभिनंदन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील उतरौला मुख्यालय स्थित जनेश्वर हनुमानगढ़ी मंदिर पर बृहस्पतिवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा सहित भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के कई साधु संतों को अंग वस्त्र व मुद्रा देकर उनका सम्मान किया। मंदिर के पुजारी ने कहा ÷ करता करे न कर सके, गुरु करे सो होय। तीन लोक नौ खंड में गुरु से बड़ा न कोय।। गुरु ज्ञान का खजाना लिए हुए कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि स्वयं प्रकाश की तरह हैं। साधक के लिए गुरु जीवन शक्ति के समान हैं। जैसे एक बीज पहले एक कली और फिर फूल बनता है, ठीक वैसे ही गुरु भी हमें बड़ी सुंदरता के साथ अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ाते हैं। ÷गुरु को पारस जानिए कर लोगों को स्वर्ण शिष्य और गुरु जगत में केवल दो ही वर्ण÷। गुरु का जीवन में होना हम में सुरक्षा के भाव को जगाता है। गुरु एक तत्त्व हैं, हमें



गुरु को शारीरिक स्तर पर ही महसूस नहीं करना चाहिए। गुरु पूर्णिमा का पावन दिन गुरुओं को समर्पित होता है। इस दिन व्यक्ति को अपने-अपने गुरु महाराज का अधिक से अधिक ध्यान करना चाहिए और अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखने के लिए धन्यवाद देना चाहिए। इस अवसर पर फरिंद्र गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अशोक सोनी, देवा नंद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विजयपाल वर्मा, विष्णु गुप्ता सभासद, राजकुमार कौशल सभासद, रामप्रकाश गुप्ता, रोहित राज, अंकुर गुप्ता, दीपक गुप्ता, संजय गुप्ता सहित दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टचपॉइंट्स के तेजी से बढ़ते नेटवर्क द्वारा समर्थित

जन एक्सप्रेस । आगरा

महिंद्रा ग्रुप की इकाई, महिंद्रा ट्रक एंड बस (एमटीबी) ने आज अपने आधुनिक हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) रेंज महिंद्रा फुरिओ 8 को औपचारिक रूप से बाजार में लॉन्च किया। यह ट्रक एक अनूठी गारंटी के साथ आता है - सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ग्राहक ट्रक वापस कर सकते हैं। चाकण (महाराष्ट्र) स्थित महिंद्रा की अत्याधुनिक निर्माण इकाई में निर्मित फुरिओ 8 दो वेरिएंट में उपलब्ध है - 4-टायर कार्गो और 6-टायर कार्गो, जो एलसीवी श्रेणी में विभिन्न व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करते हैं। अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह ट्रक सर्वोत्तम माइलेज, अधिक पेलोड क्षमता और उन्नत केबिन के साथ आता है, जो ड्राइवर को आराम, सुविधा और सुरक्षा प्रदान करता है। अपने शानदार फ़ायदे के पैकेज के साथ फुरिओ 8 को इस श्रेणी में सबसे अधिक मुनाफा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है - इसीलिए इसका संदेश है¬ ट्रक बदलो, तक़दीर बदलेगी। लॉन्च अवसर पर महिंद्रा ग्रुप के प्रेसिडेंट - ट्रक, बस, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, और समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य श्री विनोद सहाय ने कहा, महिंद्रा फुरिओ 8 की यह नई रेंज सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ट्रक वापस कर दें की गारंटी के साथ आती है। यह रेंज हमारे ग्राहकों को इस श्रेणी में सबसे अधिक ऑपरेटिंग प्रॉफिट कमाने में मदद करेगी। यह ट्रक बेहतरीन गुणवत्ता और ग्राहकों को केंद्र में रखने के नए मापदंड स्थापित करेगा, जो हमारे इस सेगमेंट में समर्पण और हमारे प्रोडक्ट पर विश्वास को दर्शाता है। महिंद्रा ट्रक एंड बस एवं कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के बिजनेस हेड डॉ. वेंकट श्रीनिवास ने कहा, महिंद्रा फुरिओ 8 को इस तरह इंजीनियर किया गया है।

# ब्लॉक प्रमुख ने पौधा लगाकर किया वृक्षारोपण का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । आगरा

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत ब्लॉक खंदौली की ग्राम पंचायत हाजीपुरखेड़ा, ब्लॉक कार्यालय परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर एवं राजकीय विद्यालय परिसर मे बतौर मुख्य अतिथि आशीष शर्मा ब्लॉक प्रमुख ने पौधा लगाकर शुभारंभ किया इस वर्ष अभियान के अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हाजीपुरखेड़ा , कुबेरपुर, मदनपुर, मुड़ी जहांगीरपुर मे मियाबाकी पद्धति पर पौधारोपण कराया गया , शासन द्वारा दिए लक्ष्य के सापेक्ष्य ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों मे आज लगभग 137000 पौधे जैसे नीम , बरगद, अमरूद, सहजन को लगाते हुए लक्ष्य को प्राप्त किया , पौधों के साथ ट्री गार्ड भी लगाए गए, पौधों की उपलब्धता उद्यान विभाग व वन विभाग द्वारा की गई इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजय अग्रवाल, प्रभारी चिकित्सक डॉ सुनील , एडीओ पंचायत पंकज यादव , सुरेश बाबू, एपीओ अजय कुमार, सचिव गौरव पाठक, वीरेंद्र सिंह , बीपीएम कयामुद्दीन, डॉ वैभव, डॉ महेंद्र कुमार, लेखपाल महादेव चौधरी , डॉ अरुणा प्रधानाचार्या, मुकेश सोनी , मूलचंद , मनोज कुमार उपस्थित रहे।



# अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी

जन एक्सप्रेस । आगरा

मॉनसून में त्वचा बेजान हो जाती है और इसमें कोई ग?लो नहीं दिखता। लोग अक्सर बाहरी उपाय अपनाते हैं, जो थोड़ी देर राहत देते हैं, लेकिन बार-बार इस्तेमाल से दाने, काले धब्बे या खुजली हो सकती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन सलाह देती हैं कि त्वचा और पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाएं। वे कहती हैं कि स्वस्थ खाना खाएं और बादाम, हर्बल चाय और हल्दी जैसे प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें। आयुर्वेद के मुताबिक, सही खानपान शरीर के तीन दोषों-वात, पित्त और कफ-को संतुलित करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, क्योंकि अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी है।

### बादाम को डाइट में शामिल करें

बादाम वात दोष को संतुलित करने की क्षमता रखते हैं। यह मौसम के असंतुलन को ठीक करते हैं और शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे सभी ऊतकों को ऊर्जा और ताजगी मिलती है। आयुर्वेद की पारंपरिक तैयारियों में बादाम का महत्वपूर्ण स्थान है, जो पूरे भारत में लोग अपनाते हैं। त्वचा के स्वास्थ्य के लिए, डॉ. मधुमिता रोजाना नाश्ते में बादाम शामिल करने की सलाह देती हैं ताकि स्वस्थ, चमकदार त्वचा मिले। आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी ग्रंथों में भी बादाम खाने से त्वचा को होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया गया है, जो त्वचा की चमक बढ़ाने में मदद करते हैं।

### हर्बल चाय को डाइट में शामिल करें

अदरक, तुलसी और कैमोमाइल जैसी हर्बल चाय शरीर को साफ करती हैं और पाचन को बेहतर बनाती हैं, जिससे त्वचा साफ और स्वस्थ रहती है। ये चाय वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित करती हैं और सूजन कम करके मुंहासों जैसी समस्याओं को रोकती हैं।

# जौनपुर की बेटी ने बढ़ाया मान, अखिलेश यादव ने सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

- नम्रता व शिवांगी को शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला एक एक लाख रुपये का पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



### जौनपुर की बेटियों की चमक

- नम्रता यादव ने एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।
- वहीं शिवांगी यादव, जिन्होंने बीएड प्रवेश परीक्षा 2025 में पूरे प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल कर जौनपुर को गौरवान्वित किया है।

जिले की दो प्रतिभाशाली बेटियों को समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने सम्मानित किया। दोनों प्रतिभाओं को उन्होंने अंगवस्त्र और आशीर्वाद के साथ एक एक लाख रुपये का चेक भी प्रदान कर प्रदेश की बेटी होने पर गर्व जताया।

लखनऊ से लौटते ही दोनों बेटियों को पार्टी पदाधिकारियों ने बधाई देकर उनका हौसला बढ़ाया।

यह सम्मान युवा प्रतिभा सम्मान समारोह में जौनपुर की दोनों होनहार बेटी नम्रता यादव, शिवांगी यादव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जब दिया तो जिले के लोगों में खासा उत्साह बढ़ गया।

### सपा के दो सांसदों ने पहले भी किया है सम्मान

जौनपुर। इन प्रतिभाओं को पहले भी सांसद बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज सहित कई नेताओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या, पूर्व अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने भी दोनों होनहारों को शुभकामनाएं दी हैं। ये बेटियां आज हर गांव, हर घर की प्रेरणा बन गई हैं — जो न केवल सपने देखती हैं, बल्कि उन्हें पूरा करके इतिहास रच देती हैं।

यह कार्यक्रम पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नाहिद लारी खान की पहल पर आयोजित किया गया था, जिसमें शिक्षा और खेल के क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर नम्रता के प्रशिक्षक को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवांगी की माता, अशोक नायक (जिलाध्यक्ष, सपा युवजन सभा), उमेश दिलेर, शिवम छोटू, अभिषेक यादव, जयन्ती देवी, शुभम कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम से लौटकर ऋषि यादव एडवोकेट, संस्थापक समाजवादी कुटिया, ने बताया कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा– पढ़ोगे तो बढ़ोगे, खेलोगे तो फिट रहोगे – यह सम्मान उन्हीं शब्दों की सच्ची मिसाल है।

## धर्मेंद्र गौतम गुड्डू बसपा के जिला प्रभारी बनाए गए

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खम्भौरा गांव निवासी बसपा के सदर विधानसभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गौतम गुड्डू बसपा के जौनपुर जिला प्रभारी बनाए गए। यह मनोनयन बसपा की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के आदेश पर किया गया। धर्मेंद्र कुमार गौतम मेहनत और कर्मठता को देखकर यह दायित्व को सौपा गया है। इसके पहले वह खम्भौरा गांव के प्रधान रह चुके हैं और काफी मिलनसार हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी को बढ़ाने के लिए लगातार काम करने में जुटे हैं। जिला प्रभारी बनने पर धर्मेंद्र कुमार गौतम गुड्डू को लोगों ने मिलकर बधाई दी है। इस बारे में धर्मेंद्र कुमार गुड्डू ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है वह पूरी निष्ठा जिम्मेदारी लगन से निर्वहन करूंगा, पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करूंगा। हर कार्यकर्ताओं को जोड़कर चलूंगा। इनके अलावा जौनपुर जिला के सोमनाथ चौधरी भी प्रभारी बनाए गए हैं।



# मर्जर के खिलाफ संगठन ने विधायक रमेश मिश्रा को सौंपा ज्ञापन



### ये भी रहे उपस्थित

जौनपुर। मांग पत्र देते समय संगठन के संरक्षक शैलेंद्र सिंह बक्शा ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह, जिला प्रचार मंत्री सुनील प्रजापति, ब्लॉक मंत्री संतोष उपाध्याय, उपेंद्र उपाध्याय, मनोज सिंह, जिला मंत्री मनीष सिंह, धर्मवीर सिंह, रोहित सिंह, निर्भय सिंह, भोला यादव, प्रवीण कुमार सिंह, शशांक सिंह अन्य उपस्थित रहे।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर परिषदीय विद्यालयों में कम छात्र संख्या को आधार मानकर विद्यालयों के किए जा रहे मर्जर के विरोध में प्रांतीय उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह व तहसील प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष बक्शा सरोज सिंह के नेतृत्व में शिक्षक पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बदलापुर विधायक रमेश मिश्र को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने इसके माध्यम से पेयरिंग की कार्यवाही को शिक्षा के अधिकार कानून का हनन बताया है। कहा इस अदेश से सबसे ज्यादा प्रभावित हमारे गांव के गरीब घरों की बेटियां हो रही हैं। जिनका विद्यालय बंद कर उन्हें दूर दूसरे गांव के विद्यालय में पढ़ने जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

इससे बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार को भी छीना जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करना उसका मौलिक अधिकार है। आप एक महिला नेत्री हैं इसलिए आपसे हम सभी को अत्यधिक उम्मीद है कि सदन में इस बात को मजबूती से उठाते हुए इस काले आदेश के खिलाफ इन बच्चों की आवाज बनेंगी।

इस अवसर पर विधायक रमेश मिश्र ने कहा कि पेयरिंग मुद्दे को उचित मंच पर उठाएंगे जिससे समस्या का समाधान सुगम हो सके।

आंदोलन के दूसरे चरण में तीन जुलाई से 15 जुलाई तक सभी जनप्रतिनिधियों को पेयरिंग के विरोध में ज्ञापन देकर इसको निरस्त करने के लिए समर्थन लेने का अभियान चल रहा है, उसी कड़ी में आज विधायक बदलापुर रमेश मिश्रा को ज्ञापन दिया गया।

# दैनिक बस्ती न्यूज टाइम्स के स्थापना दिवस पर पत्रकारिता के विविध आयामों पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




समाज को पत्रकारिता की जरूरत सदैव रहेगी। पत्रकारों को नये तकनीकी युग में सूचनाओं, समाचारों के साथ मानवीय पक्ष को सबल बनाना होगा। यह विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बनकटी नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि अरविन्द पाल ने प्रेस क्लब सभागार में आयोजित ‘ नये सन्दर्भो में पत्रकारिता की दशा दिशा विषयक संगोष्ठी में व्यक्त किया। कहा कि जन सरोकारों से ही पत्रकारिता सबल होगी। वे बीएनटी लाइव के सम्पादक राजेश पाण्डेय के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर दैनिक बस्ती न्यूज टाइम्स के तीन वर्ष पूर्ण होने पर विभूतियों को सम्मानित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा कि समाज की जिम्मेदारी है कि पत्रकारिता की मजबूती के लिये योगदान दें जिससे पत्रकारिता की धार और धारा सबल हो। पत्रकार ही हमें बताते हैं कि देश समाज में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डा. रामकृष्ण लाल ‘जगमग‘ और संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने किया।

‘नये सन्दर्भो में पत्रकारिता की दशा दिशा विषयक संगोष्ठी’ युग में वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि समय के साथ माध्यम बदलेंगे किन्तु हमें जन सरोकारों से जुड़े रहना होगा। पत्रकार राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि पत्रकारों को जन सरोकारों से जुड़ना होगा। उन्हें और अधिक पारदर्शी होना होगा, समाचारों के त्वरित प्रेषण में सावधानी आवश्यक है। पत्रकार प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, विनोद उपाध्याय, अभयदेव शुक्ल, अखिलेश सिंह आदि ने कहा कि पत्रकारिता त्याग का क्षेत्र है। उन्होने कहा कि बिना सहयोग के पत्रकारिता संभव नहीं है। आचार्य सूर्य प्रकाश शुक्ला ने कहा कि डिजिटल मीडिया ने भारतीय पत्रकारिता को विश्व व्यापी बना दिया है ऐसे में समाचारों के प्रेषण का स्तर बेहतर बनाना होगा। वरिष्ठ कवि डा. रामकृष्ण लाल जगमग ने विस्तार के साथ पत्रकारिता के विविध रूपों पर चर्चा करते हुये कहा कि अभिव्यक्ति का माध्यम चाहे जो हो हमें विश्वसनीयता बनाये रखना होगा। संगोष्ठी को जयन्त कुमार मिश्र, त्रिभुवन प्रसाद मिश्र, अशोक कुमार श्रीवास्तव, डा. नवीन सिंह, जीत यदुवंश, जे.पी. तिवारी, कैलाशनाथ दूबे, राहुल सिंह, विनय शुक्ल, सन्तोष सिंह, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, विजय तिवारी आदि ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सांसद राम प्रसाद चौधरी, पूर्व सांसद अरविन्द चौधरी, अंकुर वर्मा, डा.वी.के. वर्मा, रामकृष्ण लाल ‘जगमग’ प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, बसंत चौधरी, डा. दीनानाथ पटेल, जगदीश्वर प्रसाद ‘ओम जी’ राना दिनेश प्रताप सिंह, अरविन्द पाल, महेन्द्र तिवारी, रियाज अहमद, अशोक श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, जीशान हैदर रिजवी, रीता पाण्डेय, संध्या दीक्षित, नीलम श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, एल.के. पाण्डेय, डा. प्रमोद चौधरी, मो. आरिफ, ई. वीरेन्द्र कुमार मिश्र, शिखा चतुर्वेदी, संजीव पाण्डेय, शानू एन्टोनी, दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, जे.पी. तिवारी, राजेश कुमार चौधरी, सुष्मिता शानू, ड. अरूणा सिंह पाल, सन्तोष सिंह, महेन्द्र श्रीवास्तव, राघवेन्द्र मिश्र, अभय पाण्डेय, मुस्लिमा खातून, अरूण कुमार, वशिष्ठ पाण्डेय, शकील खान, प्रशान्त पाण्डेय, वकील सिद्दीकी, अखिलेश यादव, तबरेज आलम, मनीष मिश्रा, विजय चौधरी, वृजेश पाण्डेय, उमंग प्रताप सिंह, लवकुश सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार पाण्डेय, मनीष कुमार, रामप्रीत वरूण, ओंकार चर्तुवेदी, सरिता त्रिपाठी, सरोज आर्य, गरिमा सिंह, वी.पी. लहरी, सरदार गुरमीत सिंह, गोविन्द सिंह, ग्राम प्रधान प्रशान्त पाण्डेय, सन्तोष तिवारी, डा. हेमन्त पाण्डेय, विनोद उपाध्याय, प्रकाश चन्द्र गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश शर्मा, वशिष्ठ पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, संजय विश्वकर्मा, राजेन्द्र उपाध्याय, राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र, सर्वेश श्रीवास्तव, जिशान हैदर रिजवी आदि को अंग वस्त्र, प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। आभार ज्ञापन सम्पादक राजेश पाण्डेय ने किया, कहा कि जन सरोकारों पर केन्द्रित पत्रकारिता उनका लक्ष्य है। कार्यक्रम में संदीप गोयल, अनूप मिश्र, अजय श्रीवास्तव, अमर सोनी, अनिल पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, अरूणेश श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव के साथ ही अनेक समाजसेवी, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# पूर्व जिलाध्यक्ष राम वृक्ष यादव को जान से खतरा, कैविनेट मंत्री पर आरोप



**जन एक्स। बस्ती**

संत कबीर नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष रामवृक्ष यादव ने सनसनीखेज का खुलासा किया है। पूर्व जिला अध्यक्ष ने बताया कि उनकी जान को खतरा है।

जिले के एक होटल में संतकबीरनगर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष राम वृक्ष यादव ने बीजेपी सहयोगी दल के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद पर अपनी हत्या की साजिश का सनसनीखेज आरोप लगाया। राम वृक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन की हत्या के लिए मंत्री और उनकी पार्टी के राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों ने एक करोड़ रुपए इकट्ठा किए हैं, उनकी हत्या की सुपारी देने की साजिश चल रही है।

सपा के संतकबीरनगर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपनी हत्या की साजिश को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखा है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि विगत दिनों राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों की साजिश से हत्या के मामले में मैं 17 सालों तक जेल में बंद था, 17 साल बाद माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा मुझे छोड़ा गया।

विगत दो सालों से मैं पार्टी की नीतियों पर जनहित के ज्वलंत मुद्दों को उठा रहा हूं, विगत दिनों मुझे विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंत्री और कुछ राजनैतिक प्रतिद्वंदी मेरी हत्या की साजिश रच रहे हैं। सपा को जिले में कमजोर करने और मुझे अपने रस्ते का कांटा समझ कर मुझे रस्ते से हटाने की कोशिश की जा रही है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के हौज पोखरा गांव निवासी 18 वर्षीय एक युवती ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक छात्रा बचपन से ही पढ़ने लिखने में काफी मेधावी थी। बेटी की मौत की खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया हैं। ऊक्त गांव निवासी राम मैनेजर चौहान की पुत्री सोनम चौहान रात को खाना खाकर एक कमरे में सोने चली गयी। वह रात में किसी समय पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। राम मैनेजर चौहान के एक पुत्र व तीन पुत्रियां है। बड़े बेटे व बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। बेटा दो दिन से ससुराल में था। घर मे माँ बाप के अलावा दो बहनें ही थी। सोनम दूसरे नम्बर की लड़की थी। वह इंटर की छात्रा थी। घटना के कारण का कभी कुछ पता नही चल सका है। गांव में घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा है। चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद राधेश्याम सिंह ने बताया कि शव को पुलिस ने दरवाजा की अंदर लगी कुंडी को तोड़कर शव को कब्जे में लिया। मौके पर कुछ नही मिला। हालांकि घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम भी आयी।

# इंटरसिटी ट्रेन पर अराजक तत्वों ने की अंधाधुंध पत्थरबाजी

- ट्रेन में सवार यात्रियों में बना दहशत का माहौल, पुलिस पत्थरबाजों की बजाएगी ईंट से ईंट

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बरसठी थाना क्षेत्र के कटवार हाल्ट व सरसरा हाल्ट के बीच जौनपुर से रायबरेली जाने वाली इंटर सिटी ट्रेन पर कुछ अराजक तत्वों ने बुधवार को पत्थर बाजी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पत्थरबाजी में ट्रेन के कई खिड़की का शीशा टूट गया है, इसमें कुछ यात्री भी घायल हुए है। लेकिन उनका नाम नहीं पता चल पाया है। अचानक ट्रेन पर हुई पत्थरबाजी से ट्रेन के यात्रियों में दहशत फैल गयी। आरपीएफ प्रभारी जंघई प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जौनपुर से रायबरेली जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस कटवार हाल्ट स्टेशन पहुंची तभी अचानक चेन पुलिंग कर दिया गया। जैसे ही ट्रेन रुकी करीब 6 लोग ट्रेन पर अंधाधुंध पत्थर चलाने लगे। यह देख कोच में बैठे यात्री में चीख पुकार मच गई। लोग कोच में ही आड़ लेकर छुपने लगे। पत्थर लगने से चोट लग गयी। कोच के कई खिड़की के शीशे टूट गए। कुछ यात्रियों को भी पत्थर लगने से चोट लग गयी है। कुछ देर बाद ट्रेन रवाना हुई। अब पत्थर क्यों चलाया गया यह पता नहीं चल सका। आरपीएफ प्रभारी जंघई प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लिया जा रहा है। उसके आधार पर सभी को चिन्हित किया जा रहा है। इसमें मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# यातायात विभाग का स्कूली बसों को लेकर चल रहा है सघन चेकिंग अभियान



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को स्कूली वाहनो के विरुद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें मानक के अनुरुप बसों के खिड़की, जाली, आपातकालीन द्वार की स्थिति, वाहन का रख- रखाव, यातायात नियमों के पालन, वाहन के समस्त प्रपत्र जैसे- आर0सी0, फिटनेस, बिमा, ड्राइवर का डी0एल0 तथा सीट से अधिक बच्चे तो नही बैठाये गये है, की जाँच की गयी। जिसमें इनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 56 वाहनो को चेक किया गया व 16 वाहन के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी।


साथ ही जनपद के सभी विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को सूचित किया जाता है।

कि प्राइवेट वाहनों का प्रयोग बच्चों को विद्यालय आवागमन में नहीं करेंगे तथा अपने विद्यालय के सभी स्कूली वाहनों का सभी आवश्यक कागजात पूर्ण कराके मानक के अनुरुप ही संचालन कराये, व स्कूली वाहन में सीट से अधिक बच्चों को न बैठाये। उपरोक्त निर्देशों के विरुद्ध पाये जाने पर इनके विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आवश्यक प्रवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

# जौनपुर दोनो पैरों व कमर से विकलांग व्यक्ति के दुकान से सामान लेने के बाद पैसे न देने की धमकी

- हाथ में ईंट लेकर दबंग ने दी गरीब दुकान दार को मारने की धमकी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



रामपुर थाना क्षेत्र स्थानीय धनुहा एक दिव्यांग व्यक्ति की दुकान पर दबंगों ने मुफ्त सामान न देने पर की मार पीट व तोड़ फोड। पीड़ित द्वारा दिए गए तहरीर को पुलिस ने लिया संज्ञान मामले में आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा।

पीड़ित ईश्वचंद जायसवाल ने बताया कि मैं दोनों पैरों व कमर से विकलांग हु किसी तरह अपने परिवार की भरन पोषण के लिए चाट व मिठाई की दुकान चलाता हूँ। बगल गांव के मुकेश यादव पुत्र अशोक यादव ग्राम मई व पुनीत पांडेय पुत्र अनिल पांडेय निवासी प्रगासपुर थाना भदोही का रहने वाला है ये दोनों मेरी दुकान से सामान लेकर जाने लगे मै जब पैसा मांगा तो मुझपे उग्र हो गए बोले दुकान नहीं चलाने दूंगा अगर मुझसे पैसा मांगा तो उसके बाद मारने पीटने की धमकी दी। उसके बाद रात्रि 11¬45 पर वह अपने एक और अज्ञात साथी को साथ लेकर आए मेरे दुकान पर तोड़ फोड कर मिठाई और सामान बाहर फेंक दिए। जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है पुलिस मामले में प्राथमिकता दर्ज कर ली है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जौनपुर केराकत थानागद्दी चौकी का सिपाही ने मांगी 50 हज़ार की रिश्वत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत।** थानागद्दी चौकी क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता हुआ एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव की एक पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि चौकी पर तैनात सिपाही वसीम खान ने उसके जमीन विवाद को सुलझाने के एवज में ?50,000 की रिश्वत की मांग की थी। महिला के अनुसार, उसने पहले 8,000 नकद और फिर ?2,000 ऑनलाइन सिपाही को ट्रांसफर किए

### चेयरमैन सीतामनी दिनेश सोनकर ने सार्वजनिक शौचालय का किया लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के वार्ड संख्या 9 बंजारेपुर उत्तरी में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी दिनेश सोनकर ने लोकार्पण किया। उपडाकघर और यूनियन बैंक की शाखा के पास बने इस सार्वजनिक शौचालय से लोगों को काफी सुविधा होगी। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजनांतर्गत इस सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इस पर 10 लाख 46 हजार 973 रुपये लागत आयी है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मापुर संतोष कुमार मौर्य, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, सभासद प्रतिनिधि सलामुद्दीन अंसारी, अमीक अंसारी, अजीत विश्वकर्मा, अतीक अहमद, अख्तर, अनिल सोनकर, पिंटू सोनकर और सागर साहू आदि उपस्थित रहे।

### मिर्जापुर में चोरों के हौसले बुलंद, ताला तोड़कर घर में घुसे

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के देहात कोतवाली इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यही वजह है कि बीएचयू कैंपस में घुस कर चोर सहायक प्राध्यापक के कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद कमरे की कुंडी लगाकर कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, चोरों ने चेहरे पर नकाब लगाया था, साथ ही हाथ में ग्लव्स लगाकर चोरी की। चोरों का घर में घुसने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कुछ दिन पहले भी बल्हारा मोड़ पर चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा था।

## मिर्जापुर में बंदर के हमले से बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

कोतवाली क्षेत्र के पक्की सराय मोहल्ल में तीन दिन पहले बंदर के हमले से छत से गिरकर घायल व्यक्ति की उपचार के लिए दिल्ली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। क्षेत्र निवासी सुधीर कुमार गुप्ता (49) तीन दिन पहले छत पर टीवी की छतरी लगा रहे थे। तभी बंदर आा गया। बंदर ने हमला कर दिया। भागने में वह दो मंजिला मकान की छत से नीचे गिरकर घायल हो गए। परिजन उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर लेकर आए। जहां से वाराणसी के निजी अस्पताल इलाज के लिए ले गए। इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर डाक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन उपचार के लिए गुरुवार की सुबह दिल्ली लेकर जा रहे थे कि रास्ते में सुधीर की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए। मंडलीय अस्पताल लेकर आए। जहां डाक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। शहर कोतवाल नीरज पाठक ने बताया कि छत से गिरकर घायल व्यक्ति की मौत हो गई। सक्तेशगढ़ आश्रम दर्शन करने जाते समय गुरुवार को अलग- अलग हादसे में चार च श्रद्धालु घायल हो गए।

# होटल के बाथरूम में महिला शर्मसार, चीखते हुए निकली बाहर

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

विंध्याचल स्थित होटल में एक गुरुजी के साथ रुकी टीम की महिला सदस्य गुरुवार की सुबह स्नान करते हुए होटलकर्मी ने वीडियो बनाकर फोटो खींच लिया। महिला ने जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की गई।

परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। काफी देर तक मामले को दबाने का प्रयास किया गया। किसी प्रकार का समझौता न होने पर पुलिस को आरोपी होटलकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करनी पड़ी।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर लखनऊ से एक गुरु अपनी टीम के साथ बुधवार की रात मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने आया थे। गुरु अपनी टीम के साथ विंध्याचल के एक होटल में रुके थे। सुबह दर्शन करने से पहले महिला कमरे के बाथरुम में स्नान करने गई तो होटल के एक कर्मचारी ने बाथरुम के पीछे खिड़की से महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर फोटो खींच लिया।

हल्की आवाज सुनते ही महिला को इसका पता चल गया। शोर मचाते महिता बाथरुम से बाहर आकर इसकी जानकारी दिया। हंगामा करते हुए गुरु की टीम ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस सुबह से मामले को दबाने में लगा रहा। पीड़ित पक्ष के न मानने पर पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर होटल कर्मी आशीष मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ सिटी विवेक जावला ने बताया कि विंध्याचल के एक होटल में एक गुरु और उनके टीम के अन्य सदस्यों द्वारा कमरा बुक किया गया। गुरुवार की सुबह में गुरु की टीम की एक महिला सदस्य द्वारा अपने कमरे के बाथरूम का इस्तेमाल किया गया। उसी समय होटल के एक कर्मचारी द्वारा महिला की आपत्तिजनक फोटो बना ली। तहरीर के आधार पर आरोपी होटलकर्मी आशीष मिश्रा पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# 6 माह बाद ही दूसरे भाई ने की आत्महत्या, एक ही परिवार में हो रही घटना से हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर जफराबाद स्थानीय कस्बे के नासही मोहल्ला निवासी एक 32 वर्षीय एक युवक ने बुधवार की देर शाम को पंखे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सात माह पूर्व उसके भाई ने भी आत्महत्या कर लिया था। घटना से हड़कम्प मच गया। ऊक्त मुहल्ले के निवासी दुर्गेश सोनी पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश सेठ ने अपने मकान के कमरे में अकेले था। उसकी पत्नी 10 दिन पूर्व अपने दोनो बच्चो के साथ मायके चली गयी थी।देर शाम को उसकी माँ उषा कमरे के पास गयी। उन्होंने देखा दुर्गेश पंखे से चादर के सहारे फाँसी लगाकर पड़ा है। उन्होंने तत्काल अपने मकान में रह रहे चिकित्सक को बुलवाकर दिखवाया तो दुर्गेश की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर थानाप्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलवाया। फॉरेंसिक टीम एक घण्टे तक कमरे से तमाम साक्ष्य लिए।उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दुर्गेश का भाई मनोज सोनी भी 24 दिसम्बर 2024 को घर के एक कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। आज की घटना से एक तरफ हड़कम्प मचा हुआ है तो दूसरी तरफ घटना क्यों हुई इसकी चर्चा लगातार हो रही है।

# कोटवाधाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। कोटवाधाम स्थित समर्थ जगजीवन दास साहब बड़े बाबा के दरबार में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही श्रद्धालु ट्राली-ट्रैक्टर और बसों से मंदिर पहुंचने लगे। गुरुवार को सीतापुर, बहराइच, गोंडा, अयोध्या और हरदोई समेत कई जिलों से आए श्रद्धालुओं ने अघहरण सरोवर में स्नान किया। इसके बाद मंदिर में लाइन लगाकर बड़े बाबा को प्रसाद चढ़ाया। श्रद्धालुओं का मानना है कि बड़े बाबा के दर्शन-पूजन से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। दरबार में आये श्रद्धालु अभिषेक कुमार, विशाल, सूरज चंदन, ललित ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का यहां विशेष महत्व है। मेला परिसर में प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली बदोसराय के कोतवाल संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल को मंदिर परिसर में तैनात हैं। श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के दरबार में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत और विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने गुरुदेव जगजीवन दास साहेब की पूजा-अर्चना की। उन्होंने विश्व मानव कल्याण की कामना की। इसके बाद वे बड़ी गद्दी के महंत नीलेंद्र बक्श दास के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने भंडारे का शुभारंभ किया। सतीश चंद्र शर्मा ने उपस्थित लोगों को बड़े बाबा के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने श्रीकोटवाधाम में आए हजारों श्रद्धालुओं का आभार जताया। छोटी गद्दी के महंत विशाल दास साहेब के दरबार में भी भंडारे का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में

### कुन्तेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ भण्डारा

इसी तरह कुंतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दुल्हादेपुर कुटी पर बाबा बलराम दास के द्वारा आयोजित पूजा पाठ एवं विशाल भण्डारा कार्यक्रम में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया कुटी पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा बलराम दास से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# हड़ियाकोल आश्रम में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

बाराबंकी

श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में रोगहरण श्री हनुमान जी की छत्र-छाया में गुरु पूर्णिमा उत्सव बहुत ही उल्लास पूर्वक मनया गया। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष भगवान दास महाराज एवं उपाध्यक्ष विष्णु दास, के द्वारा बाबा बद्री दास आश्रम के संस्थापक स्वामी रामदास महाराज, स्वामी रामज्ञान दास का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुवात की पूरे देश से आये हुए स्वामी जी के शिष्यों ने महाराज जी का पूजन कर मानव सेवा करने का संकल्प लिया आश्रम में संचालित भगवान श्रीराम विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने भी स्वामी जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर आशीर्वाद माँगा। प्रत्येक गुरुवार को चलने वाली स्वामी विवेकानन्द पाली क्लीनिक आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के डॉक्टरों ने वीतरागी संत रामकृष्ण परमहंस एवं माँ शारदा के चित्रो पर फूल अर्पित कर गुरु पूजन किया तथा हजारो लोगो को निःशुल्क ओपीडी कर दवायें वितरीत की रोग हरण हनुमान जी मन्दिर के महंत भगवान दास ने गुरु महिमा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हजारो लोगो ने आश्रम पर प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम में आश्रम के व्यवस्थापक शिवकुमार निगम, शशि निगम, पूजा मेहरोत्रा, अंकित गुप्ता, आस्था गुप्ता, बाबा शिवबरन दास, गोपाल रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

राजकुमार दीक्षित, दुर्गेश दीक्षित, साहेब प्रसाद यादव, नागेंद्र प्रताप सिंह और सरदहा धाम के महंत दीपक दास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों का अनोखा प्रदर्शन, रेठ नदी में खड़े होकर जताया आक्रोश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। कुर्सी क्षेत्र के औद्योगिक फैक्ट्रियों से आ रहा केमिकल युक्त गंदा पानी व अवैध अतिक्रमण ने रेठ नदी के अस्तित्व पर भारी संकट खड़ा कर दिया है। जिसको लेकर किसानों का विरोध अब तेज होता जा रहा है। इस दौरान भाकियू के कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन को नया रूप देते हुए रेठ नदी में खड़े होकर नाराजगी जताते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मालूम हो गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी व उमरा क्षेत्र स्थित रेठ नदी में फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी छोड़े जाने से नदी का जल अब प्रदूषित हो चुका है। इस नदी के किनारे किसानों को लाखों एकड़ कृषि भूमि को मिलने वाला पानी जहां किसानों को कृषि की उपज में सुगमता प्रदान करता था। वहीं वर्तमान समय में गिरते जल स्तर के चलते किसानों की सिंचाई में एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। यही नहीं प्रदूषित पानी ने क्षेत्र के हैंडपंपों के पानी को भी अछूता नहीं छोड़ा हैंडपंप से निकलने वाले पानी में अजीब सी दुर्गंध आने लगी है। स्थानीय लोगों की मानें इस रेठ नदी के बड़े भू-भाग क्षेत्र पर कामर्शियल इंडस्ट्रीज कंपनियों का कब्जा हो जाने से नदी का क्षेत्रफल सिमट कर रह गया है। क्षेत्र के विकास के नाम पर जहां सड़क निर्माण के साथ-साथ व फैक्ट्रिया स्थापित की गई है। वहीं उनके मैन्युफैक्चरिंग को लेकर प्रतिदिन नदी से बड़ी मात्रा में जल दोहन किया जा रहा है। जिससे नदी का जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। रेठ नदी के अस्तित्व को वापस दिलाने के लिए भाकियू गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी ने प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अपने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ रेठ नदी में खड़े होकर प्रशासन से मांग करते हुए कहा, फैक्ट्रियों का गंदा पानी रेठ नदी में आने से रोका जाए और नदी की समुचित सफाई करवाई जाए जिससे किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल मिल सकेगा और इसके प्राकृतिक जल बहाव को भी सुरक्षित किया जा सकेगा। इस मौके पर नसीम लाला, शिवमंगल, मायाराम, अनीता, कुंदन, अरुण पुजारी सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का उद्देश्य ज्यादा वादों का हो निस्तारण: प्रतिमा श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



गुरुवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह 10 जुलाई से आगामी 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला जज ने राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान में अधिकाधिक वादों को निस्तारित किये जाने के दिशा निर्देश दिये गये। जिला जज ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराया जाना है। इस राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त आपराधिक, दीवानी लंबित मामलों को आमजनमानस इस विशेष अभियान में अपने वादों को निस्तारित करा सकते है। उन्होने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार संदर्भित किये गये मामलों की सूचना का प्रभावी तामीला सुनिश्चित कराये एवं इस हेतु तहसील प्रशासन एवं पुलिस की सहायता लें। उक्त अभियान का आमजनमानस के मध्य प्रचार प्रसार हेतु भी निर्देशित किया गया। बैठक में अश्विनी कुमार वर्मा, कमलेश कुमार तिवारी, रजनी सिंह, सिकन्दर जहां कादरी, बालक राम, ओपी सिंह, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मो. आफाक आलम उपस्थित रहे।

# वर्षों से बंद पड़ी समिति में पहुंची खाद, किसान हुए गदगद



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिद्धौर। बनीकोडर विकास खंड क्षेत्र के गजपतिपुर में पिछले कई साल से बंद साधन सहकारी समिति गजपतिपुर का संचालन डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक परमेंद्र विक्रम सिंह बाबा के अथक प्रयास से गुरुवार को शुरू हुआ। इससे क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। सहकारी समिति पर खाद का वितरण करके समिति का शुभारंभ किया गया साथ ही एक पेड़ मां के नाम मिशन के तहत किसानों के साथ नीम, सागौन, जामुन, यूकेलिप्टिश का पौधारोपण किया गया। बनीकोडर विकास खंड के गजपतिपुर स्थित साधन सहकारी समिति सन् 1985 में संचालित किया गया था, जो कुछ वर्ष संचालन के बाद बंद हो गया। इससे क्षेत्र के किसानों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था।लोगों ने कई बार समिति का संचालन शुरू करने की मांग की थी लेकिन शुरू नहीं हो सका था। साधन सहकारी समिति गजपतिपुर के बारे में डायरेक्टर परमेंद्र विक्रम सिंह बाबा ने शासन समिति को बंद होने से हो रही किसानों की समस्या के बारे में अवगत कराया। उसके बाद गुरुवार को समिति पर एक ट्रक उर्वरक पहुंचा तो किसान खुशी से झूम उठे। पूर्व प्रधान समर बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को उर्वरक के लिए दूर जाना पड़ता है। अब पड़ोस में ही उर्वरक की उपलब्धता होगी तो किसानों को सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर एडीओ कोआपरेटिव आशुतोष मिश्रा, सभापति भिटरिया संघ अखिलेश सिंह एडवोकेट, पूर्व प्रधान समर बहादुर सिंह,रामकरन सिंह, मनोज सिंह, राजू सिंह, पवन सिंह, विजय सिंह, सचिव संजय सिंह, राम सिंह, जयकार सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

# गुरु के प्रति सम्मान और समर्पण का पर्व है गुरु पूर्णिमा: उपेंद्र सिंह रावत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिद्धौर। गुरुवार आषाढ़ मास की पूर्णिमा को आदि गुरु महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाते हुए सिद्धेश्वर मंदिर सिद्धौर के महंत अनिल पुरी व नाग देवता मंदिर पोरई के महंत राजू मिश्रा को अंग वस्त्र माला फूल पहनाकर सम्मानित करते हुए पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा गुरु पूर्णिमा केवल महर्षि वेदव्यास की जयंती ही नहीं बल्कि जीवन में गुरु की भूमिका को समझने और आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण दिन है यह हर किसी को ज्ञान अनुशासन और आध्यात्मिक प्रगति को प्रेरित करता है सभी को अपने माता-पिता शिक्षक या जीवन में किसी भी व्यक्ति को गुरु मानकर उनका सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, प्रधान सत्यनाम सिंह वर्मा गुड्डू, डॉ राजेंद्र वर्मा, रमाकांत शर्मा सहित काफी संख्या में सम्मानित लोग उपस्थित थे।



# एक्सप्रेस खबरें...

### गुरूपूर्णिमा के अवसर पर विहिप द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर, विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया गया। गुरूपूर्णिमा पर लोग अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं। वृक्षारोपण एक ऐसा कार्य है जो न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी एक तरीका है। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे उपस्थित विहिप जिला मंत्री आशीष सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण से ही राष्ट्र व विश्व कल्याण की कामना की जा सकती है, अथर्ववेद में कहा गया है माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या: – भूमि को माता मानना पर्यावरणीय संस्कृति की आधारशिला है। कार्यक्रम के तहत पुरवा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों जिसमें बाबा बिल्लेश्वर, मीताशाह बाबा, सच्चिदानंद आश्रम एवं सामाजिक परिसरो मे फलदार व छायादार वृक्ष बरगद, बेल, जामुन, सहजन, आम, आंवला, नींबू, शरीफा आदि पौधे लगाए गये। वृक्षारोपण मे मुख्य रूप से मनोज राजपूत, दिनेश प्रताप, अंकित बजाज, शैलेन्द्र, सुशील, निशांत, त्रिभुवननाथ, दीपक, विनोद ज्योतिप्रकाश, डा रामसजीवन, सुभाष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। पुरवा एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया।एसडीएम ने उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज कर्मचारियों का मिलान कराया। जिसपर ईओ संदीप कुमार सहित अन्य स्टाप मौजूद मिला। एसडीएम ने कर्मचारियों की ड्यूटी चार्ट को देखा।जिसपर ड्यूटी स्थान पर ही कर्मचारियों को रहने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपने अपने चिन्हित स्थान पर ही रहे। एसडीएम ने ईओ को सफाई व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाने के लिए कहा है। साथ ही विज्ञान केंद्र के लिए भूमि का चयन जल्द करने व पड़ाव अड्डे के सम्बन्ध में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने नगर पंचायत के विस्तार के लिए अलग से अलग से एक बैठक रखने की बात कही है। इस दौरान चेयरमैन रेनू, ईओ संदीप कुमार, पंकज, कपिल, बबलू आदि स्टाप मौजूद रहा।

### विद्युत उपकेंद्र में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। अजगैन विद्युत उपकेंद्र परिसर में गुरुवार को पौधरोपण किया गया। जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और परिसर को हरा-भरा बनाना था।उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप, अधिशाषी अभियंता विष्णु शुक्ला, और टीजी2 राहुल पटेल, अरविन्द कुमार, सुशील सहित कई अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपे। सभी ने इन पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें बड़ा करने का संकल्प लिया।अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस दौरान दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षण के इस महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

### अकीदत के साथ निकला मेंहदी का जुलूस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। क्षेत्र के सहरी ग्राम में अंजुमन मुहिब्बान-ए-अहले बैत अ.स. रजिस्टर्ड के तत्वावधान मे सालाना मेहंदी का जुलूस हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अक़ीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस मे अज़ादारो ने या हुसैन और या अब्बास की सदाओं के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर करोरा अंजुमन, बिकौली अंजुमन, मसौली अंजुमन, बेहटा अंजुमन और सद्दीपुर अंजुमन ने नौहा ख्वानी कर कर्बला के शहीदों की याद ताज़ा की।दर्द भरे नौहो की सदा में डूबे सैकड़ो अज़ादारों ने मातम करते हुए मौला हुसैन अ.स. को पुरसा पेश किया। कार्यक्रम का संचालन अंजुमन मुहिब्बान-ए-अहले बैत अ.स. रजिस्टर्ड, सहरी द्वारा किया गया। इस मौके पर अर्जुन के अध्यक्ष अनवर अली, हाफ़िज़ अब्दुल बारी उपाध्यक्ष, हबीबुल्लाह कोषाध्यक्ष, शरफ़ बाराबंकवी सेक्रेट्री, मसीहउर्रहमान आदि शामिल रहे।

### एआरटीओ ने दो स्कूली वाहनों को किया सीज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित किये जाने को लेकर अनफिट स्कूली वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा आगामी 15 जुलाई तक चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने संचालित स्कूली वाहनो का फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण आदि की जांच करते हुये 2 वाहनो को सीज एंव 7 स्कूली वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये। अभियान की जानकारी देते हुये एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट आदि की जांच की गई। तथा नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

### स्कूली बच्चों ने लगाये पौधे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। पर्यावरण प्रेमी मोनू भास्कर ने पौधरोपण कार्यक्रम के तहत गुरू पूर्णिमा दिवस पर विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत गोबरहा में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के अध्यापकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के अन्दर पौधरोपण कर हरियाली का संदेष दिया। सभी को अपने-अपने गांव में सभी ग्रामवासियों को रुएक-पेड़-माँ के नाम रोपित करने के लिए प्रेरित किया गया सभी बच्चो प्रथम क्लास के रोली, कंचन, करिश्मा तीन बच्चो ने तीन पौधों को गोद लेकर उनकी देख रेख करने का संकल्प लिया इस पुनीत अवसर पर प्रधानाध्यापक हनुमंत अवस्थी, रामनरेश, अंजुम, साधना, मोहिनी, शकुन्तला अवस्थी, गया प्रसाद, अरविंद, अमन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े भक्त

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर। अषाढ़ी पूर्णिमा के अवसर पर कस्बे के मुहल्ला फैयाजपुरा स्थित श्रीखाटू श्याम मन्दिर जारकवीरन में धनतिया संस्कार कराने वालों का सुबह से ही तांता लगा रहा। धनतिया संस्कार की पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने श्रीखाटू श्याम बाबा, बांके बिहारी लाल, बालाजी सरकार व जारकबीर बाबा के दर्षन कर प्रसाद ग्रहण किया। परिसर में लगे मेले में झूले, खेल-खिलौने, धार्मिक पुस्तकों सहित सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों पर लोग खरीददारी करते नजर आये। इस अवसर पर श्रीखाटू श्याम मन्दिर पूजा कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं ठहरने की व्यवस्था की गयी थी। अनिल अग्रवाल, सूरज गुप्ता, किषन रस्तोगी, कृष्णा पंडित, अनिल शर्मा, लालबहादुर वर्मा, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सर्किल रेट पुनरीक्षित करने के लिए एडीएम ने की बैठक



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जनपद में प्रचालित सर्किल रेट को पुनरीक्षण करने के संबधं में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि जनपद में वर्ष 2017 से अभी तक सर्किल रेट/ दरों का पुनरीक्षण नही किया गया है जबकि वर्तमान में सम्पत्तियों के बाजार/ वास्तविक मूल्यों में अत्याधिक वृद्वि हो रही है। उन्होने कहा कि कर अपवंचन को रोकने एवं पक्षकारों को उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु दरों को पुनरीक्षित किया जाना उचित एवं जरूरी है।शीघ्र ही जपनद में पुरीक्षण सर्किल दर लागू की जाएगी। बैठक में सहायक महा निरीक्षक निबंधन श्रीमती सुषमा, उप निबंधक सदर अश्विन कुमार वर्मा, उप निंबधक छिबरामऊ विशाल कुमार गुप्ता, उप निबधंक तिर्वा बलदेव सिंह उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी: जैनेन्द्र कुमार

- बीआरसी, विद्यालय परिसर में बीडीओ व बीईओ सहित जनप्रतिनिधियों ने किया पौध रोपण



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मसौली। वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे हमारे जीवन के लिए भी आवश्यक हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, फल, फूल, लकड़ी, और दवाइयाँ प्रदान करते हैं, और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। उक्त विचार गुरुवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिस तरीके से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृति की भी देखभाल करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है और उनकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव और पर्यावरण का अत्यंत गहरा संबंध है। निजी स्वार्थ में लोगों ने प्रकृति का लगातार दोहन किया है, जिससे पर्यावरण असंतुलन की स्थित बनी है। अब इसे संतुलित करने के लिए सभी को समय रहते प्रयास करना होगा अन्यथा इसके भयावह दुष्परिणाम का सामना करना पड़ेगा।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, उत्तम वर्मा, तकनीकी सहायक संदीप कुमार, अजय कुमार वर्मा, सूरज प्रसाद, प्रधानाध्यापक माया सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य शाहिद अली, मो. अहमद, इश्तियाक अंसारी, कासिम सहित विद्यालय स्टॉफ ने बीआरसी व पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पेड़ो की सुरक्षा का संकल्प लिया।

# चाइनीज मांझा बन रहा है दो पहिया वाहनों के लिए जानलेवा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिले में चाइनीज मांझा एक बार फिर शहरवासियों के लिए जानलेवा साबित होता नजर आ रहा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के देवा ओवरब्रिज पर गुरुवार को एक युवक की गर्दन में पतंग उड़ाने का प्रतिबंधित चाइनीज मांझा फंस गया। बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि बाइक की रफ्तार धीमी थी और पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था। नगर कोतवाली क्षेत्र के मंझपुरवा निवासी धर्मेश कुमार जो रोज की तरह गुरुवार दोपहर अपनी बाइक से जीआईसी ऑडिटोरियम मैदान में अभ्यास के लिए जा रहे थे। देवा ओवरब्रिज पर पहुंचते ही अचानक एक पतंग का मांझा उनके गले में लिपट गया। मांझा गर्दन में फंसते ही उनका संतुलन बिगड़ा और वह बाइक समेत गिर पड़े। धर्मेश ने बताया कि हादसे के वक्त वह तेज रफ्तार में नहीं थे वरना मांझा गला काट देता और जान जा सकती थी। युवक ने बताया कि अगर उसी समय पीछे से कोई तेज रफ्तार वाहन आता तो वह बड़ी अनहोनी का शिकार हो सकता था। वहीं मौके पर पहुंचे एक अन्य बाइक सवार ने बताया कि कुछ दिन पहले इसी ओवरब्रिज पर उसके साथ भी ऐसा ही हादसा हुआ था। उसने अपने गले के कटे हुए निशान दिखाए जो अब तक ठीक नहीं हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। प्रतिबंधित चाइनीज मांझा लगातार लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इसकी बिक्री पर तत्काल रोक लगे और जिम्मेदार दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अभी कुछ ही दिन पहले शहर में पटेल तिराहे के पास लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस के सामने मुख्य मार्ग पर भी चाइनीज मांझा फैल गया था। उस वक्त कोतवाली नगर क्षेत्र की सिविल लाइंस चौकी में तैनात सिपाही सौरभ कुमार और अनवर वीआईपी कार्यक्रम से लौट रहे थे। उन्होंने मांझा देखकर तुरंत वाहन रोका और दौड़कर उसे सड़क से हटाया। इस दौरान उन्हें हल्की खरोंचें भी आईं। बाद में उन्होंने मांझे को पास के पेड़ में बांध दिया। दोनों मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहते हैं, जहां हर मिनट दर्जनों वाहन गुजरते हैं। पुलिस की तत्परता से उस दिन कई जानें बच गईं। आज युवक की बाइक धीमी होने से इसकी भी जान बच गई। लेकिन इसी तरह यदि चाइनीस मांझा इन व्यस्त मार्गों पर उलझते रहे तो कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है।

# जितना पैसा उतना मिलता है पेट्रोल, नही होती है घटतौली: अवधेश मिश्रा



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। जियो बी.पी. पेट्रोल पम्प का 5 वा स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तमाम ग्राहक मौजूद रहे। केक काट कर पम्प संचालन की बेहतरी के लिए कामना की गई। पम्प के प्रोप्राईटर अवधेश मिश्रा द्वारा आयोजित इस समारोह में रामनगर पीजी कालेज के प्राचार्य डा. कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र ने पंहुच कर केक काटा तथा पम्प संचालक को सफलतम पांच वर्ष पूर्ण करने की शुभकामनाए दी उन्होने कहा कि जियो पम्प गुणवत्ता युक्त तेल देकर अपने ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है। भविष्य में भी यह मुकाम बना रहेगा यंहा शुद्धता व मात्रा में कोई हेरा फेरी नही है। इस अवसर पर पौध रोपण भी हुआ। आए अतिथि का अभिषेक मिश्र ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर कमलेश सिंह प्रधानाचार्य यूनियन इंटर कालेज रामनगर, सुनीत सिंह, दीपू शुक्ला सहित पम्प के कर्मचारी व ग्राहक मौजूद रहे।

# जिला कृषि अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिला कृषि अधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सहकारिता, जिला सहकारी बैंक लि0, बाराबंकी एवं इफको के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला प्रबन्धक, पीसीएफ द्वारा समय से प्रतिभाग नहीं किया गया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि 02 समिति भानमऊ एवं गजपतिपुर में उर्वरक आपूर्ति की गयी, परन्तु जिला प्रबन्धक, पीसीएफ द्वारा आईडी न दिये जाने के कारण स्टाक जीरों प्रदर्शित पाया गया, जबकि उनको प्रतिदिन तत्काल आईडी दिये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये जा रहे है। समय से आईडी न दिये जाने के कारण एक समिति बरैया, जिस पर भी उर्वरक आपूर्ति होने के बावजूद जीरो प्रदर्शित पायी गयी। इस सम्बन्ध में जिला प्रबन्धक, पीसीएफ को तत्काल आईडी उपलब्ध कराने तथा भविष्य में किसी भी समिति पर ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को प्राप्त कृभकों यूरिया की रैक का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित कम्पनी के प्रतिनिधि राहुल सिंह एवं सम्बन्धित थेक उर्वरक विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिये गये कि उर्वरक आपूर्ति होने के पश्चात तत्काल उसका एक्नॉलेजमेन्ट रैक प्वाइंट से ही फुटकर विक्रेताओं को सुनिश्चित करें, ताकि वितरण में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये।

उन्होने आगे बताया कि समस्त उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों एवं थोक विक्रेताओं की बैठक आयोजित कर कड़े निर्देश दिये गये कि किसी भी कम्पनी द्वारा किसी भी थोक उर्वरक विक्रेता को अथवा कोई भी थोक उर्वरक विक्रेता किसी भी फुटकर विक्रेता को किसी भी उर्वरक के साथ कोई भी अन्य उत्पाद की टैगिंग नहीं करेगें तथा निर्धारित दर के अन्दर डीलर मार्जिन एवं परिवहन पल्लेदारी समाहित करने के उपरान्त एफओआर उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करेगें।

### गुरु पूर्णिमा पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। गुरू पूर्णिमा का पर्व पर जनपद मे श्रद्धाभाव के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया। मन्दिरों, स्कूल कॉलेजो मे कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुओं, मार्गदर्शकों और शिक्षको का सम्मान किया गया। गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत बहादुरनगर स्थित नव दुर्गा मंदिर परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मन्दिर में पूजन अर्चन कार्यक्रम हुआ तत्पश्चात गुरूजनो और मार्गदर्शको को सम्मानित किया गया।

# इब्राहिमाबाद में नाग पूर्णिमा पर लगेगा मेला

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

हरख ब्लाक इब्राहिमाबाद गांव में हर साल की तरह इस बार भी नाग देवता मेला नाग पूर्णिमा के दिन धूमधाम से मनाया गया। मेले में हजारों श्रद्धालु सैकड़ों लीटर दूध और अक्षत मिट्टी की मटकियों में लेकर आये और चढ़ाकर अपनी मुरादे मांगी। यह मेला एक प्राचीन इमली के पेड़ के स्थान पर लगता है। हालांकि अब वहां केवल पेड़ की स्मृति शेष है। पिछले साल से ग्राम वासियों और प्रधान की पहल पर इस स्थल का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। यहां एक भव्य चबूतरा का निर्माण कार्य चल रहा है। चबूतरे के निर्माण में स्थानीय लोगों का भरपूर योगदान मिल रहा है। प्रमुख सहयोगियों में धीतेन्द्र कुमार रावत, राकेश यादव, छोटे लाल यादव, राहुल मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, सतीश गुप्ता, धर्मेन्द्र मुंशी और दुर्गेश कुमार यादव शामिल हैं।

# पांच देशों की यात्रा के बाद भारत लौटे पीएम मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पीएम नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के बाद वापस लौट आए हैं। उनका विमान गुरुवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर उतरा। पीएम मोदी ने अपने आठ दिवसीय दौरे के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया सहित पांच देशों की यात्रा की। उन्होंनें ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।

### घाना में मिला सर्वोच्च सम्मान

पीएम नरेंद्र मोदी दो जुलाई को सबसे पहले घाना पहुंचे। यहां पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान %द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना% से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। बता दें कि तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने घाना का दौरा किया।

### टोबैगो और भारत के बीच हुए छह समझौते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना की सफल यात्रा के बाद कैरेबियन देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो पहुंचे। देश की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को त्रिनिदाद और टोबैगो का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो प्रदान किया। उन्होंने यहां संसद को संबोधित किया। भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच छह अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और त्रिनिदाद एंड टोबैगो की पीएम कमला प्रसाद बिसेसर के बीच हुई मुलाकात के बाद दोनों देश बुनियादी ढांचे के विकास, फार्मास्यूटिकल और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए।

### नामीबिया में कई समझौतों पर बनी सहमति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के पांचवें और अंतिम चरण में नामीबिया पहुंचे। नामीबिया की राष्ट्रपति नेतुम्बो नंदी ने नामीबिया के स्टेट हाउस में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नामीबिया के राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने नामीबिया के विंडहोक में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई समझौता प्रस्तावों पर सहमति बनी और दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया ने भी सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज दिया है। पीएम मोदी को बुधवार को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान %ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस% से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने नामीबिया की संसद को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-नामीबिया संबंधों के भविष्य के विजन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आइए हम नामीबिया के राष्ट्रीय पक्षी, अफ्रीकी मछली ईगल द्वारा निर्देशित हों। वह हमें एक साथ ऊंची उड़ान भरना, क्षितिज को देखना और साहसपूर्वक अवसरों तक पहुंचना सिखाता रहे।

### अर्जेंटीना में हुआ भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के तीसरे चरण में दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना पहुंचे। पीएम मोदी ने इस देश में राष्ट्रपति माइली और कई फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने राजधानी ब्यूनस आयर्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने साथ बैठक की। पीएम मोदी ने कहा कि हम भारत-अर्जेंटीना राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने और अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के 5 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हम इस बात पर सहमत हैं कि आगे की यात्रा और भी अधिक आशाजनक है।


### ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने ब्राजील पहुंचे

विदेश दौरे के चौथे पड़ाव पर पीएम मोदी चार दिनों के लिए ब्राजील गए। यहां के रियो डी जेनेरियो में उन्होंने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती बन गया है। 20वीं सदी में बनी वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में असमर्थ हैं। चाहे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे संघर्ष हों, महामारी हो, आर्थिक संकट हो या साइबरस्पेस में नई उभरती चुनौतियां हों, इन संस्थाओं के पास कोई समाधान नहीं है।

### ब्रासीलिया में हुआ सम्मान

ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के बाद पीएम मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा के लिए ब्रासीलिया रवाना हुए। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की मौजूदगी में भारत और ब्राजील के बीच कई अहम समझौतों (स्श्वह्व) पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते दोनों देशों के बीच व्यापार, विज्ञान, तकनीक और सांस्कृतिक सहयोग को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम माने जा रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश-दिल्ली और हरियाणा में भूकंप के तेज झटके, 4.4 मापी गई तीव्रता, झज्जर में था केंद



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-हरियाणा और यूपी में गुरुवार की सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। करीब 10 सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। गुरुवार सुबह 9.04 बजे धरती तेजी से हिली। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, रोहतक, भिवानी, झज्जर, बहादुरगढ़ समेत कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में बताया जा रहा है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, हरियाणा के झज्जर में आज सुबह 9:04 बजे भारतीय समयानुसार रिक्टर पैमाने पर 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर में भी इसके तेज़ झटके महसूस किए गए।

> आज सुबह दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप में अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। हम सभी दिल्लीवासियों की कुशलता की कामना करते हैं।
> -दिल्ली पुलिस

> दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पोस्ट कर सभी के सुरक्षित होने की उम्मीद की है। उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि भूकंप के बाद सभी सुरक्षित होंगे। सभी के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

### बहादुरगढ़ में भी दहशत

झज्जर से सटे बहादुरगढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे के आसपास झटके लगने से लोग सड़कों पर निकल आए।

### भिवानी में भी भूकंप का झटका

भिवानी जिले में भी भूकंप का एक झटका महसूस किया गया। एनसीएस ने पुष्टि की कि भिवानी में भी भूकंप के हल्के झटके दर्ज किए गए, लेकिन इसकी तीव्रता और केंद्र के बारे में अभी और जानकारी जुटाई जा रही है। दिल्ली में एक व्यक्ति ने कहा कि मैंने भूकंप के झटके महसूस किए... यह थोड़ा डरावना था। ऐसा होने पर हमें सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए... दिल्ली में एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि हमने झटके महसूस किए... यह वाकई डरावना था, मेरी गाड़ी हिल गई। यह वाकई बहुत तेज़ था... हरियाणा के गुरुग्राम में एक व्यक्ति ने कहा कि कुछ सेकंड के लिए ऐसा लगा जैसे जमीन ज़ोर से हिल रही हो। हम सब बाहर भागे। हरियाणा के गुरुग्राम में ही एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि हम यहां बैठकर चाय पी रहे थे, तभी मुझे अचानक तेज भूकंप का झटका महसूस हुआ। मैंने सबको इमारत से बाहर निकलने को कहा। सब लोग भागकर बाहर आ गए...

### भूकंप के झटकों के दौरान मेट्रो को रोका गया

दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के तेज़ झटके महसूस किए गए। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, एहतियात के तौर पर दिल्ली मेट्रो ट्रेनों को 2-3 मिनट के लिए रोक दिया गया। एक यात्री, अरशद ने बताया, ट्रेन सुबह लगभग 9.04-9.05 बजे रुकी। हमें भूकंप का झटका महसूस नहीं हुआ।

### झज्जर में दो बार लगे भूकंप के झटके

झज्जर में दो मिनट में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। झज्जर में सुबह 9 बजकर 7 मिनट पर भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया। उसके बाद 9 बजकर 10 मिनट पर हल्का झटका महसूस किया गया। अचानक भूकंप का झटका लगने से लोग भयभीत हो गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र झज्जर से 10 किलोमीटर उत्तर में था और इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 मापी गई। झज्जर में भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों और कार्यालयों से बाहर निकल आए। स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने बताया कि सुबह अचानक बिस्तर हिलने लगा, और दो मिनट बाद फिर से हल्का झटका लगा। हम डर के मारे बाहर आ गए। हालांकि, अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

# साध्वी दिव्य योग माया सरस्वती ने पुलिस कार्यवाही पर उठाया संदेह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजियाबाद**



कौशाम्बी स्थिति आश्रम संचालिका द्वारा अपने ऊपर लगे आरोपों और पुलिस कार्यवाही को साजिश बताते हुए न्याय की गुहार लगाया है। गरीबों की सेवा और गऊ संरक्षण के लिए समर्पित साध्वी महंत दिव्य योग माया सरस्वती ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है। धार्मिक कार्यों में रत महिला संत के दावे की माने तो दो पूर्व महिला कर्मचारियों द्वारा उसके ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए। जिसके बाद पुलिस ने बिना गहन जांच के उन्हें हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार, साध्वी सरस्वती के आश्रम में कार्यरत रहीं जया भारती और प्रीति नाम की दो महिलाओं ने तीन माह तक काम किया और इस दौरान कथित रूप से लगभग 20 लाख रुपये की हेराफेरी किया गया। जब साध्वी ने उनके खिलाफ 24 मई 2025 को कोर्ट में धारा 156(3) के तहत शिकायत दर्ज कराई, तो दोनों ने प्रतिशोध स्वरूप 8 जून को उसके खिलाफ ही ही गंभीर और झूठे आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करा दिया। जिसमें पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साध्वी दिव्य योग माया सरस्वती वर्षों से गाजियाबाद स्थित अपने आश्रम के माध्यम से गऊसेवा, निर्धन कल्याण और धार्मिक सेवा कार्यों में संलग्न हैं। उनके द्वारा संचालित गौशाला में सैकड़ों बेसहारा गायों की सेवा की जाती है। ऐसे में उन पर लगे आरोप समाज में सेवा भाव रखने वालों के मनोबल को तोड़ने जैसे प्रतीत होते हैं। स्थानीय लोगों और साध्वी के अनुयायियों ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच और शीघ्र न्याय की मांग की है। यह मामला न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि प्रशासन से अपेक्षा करता है कि एक महिला साध्वी के मान-सम्मान की रक्षा की जाए और सच्चाई को उजागर किया जाए। अब देखना यह है कि क्या न्यायिक व्यवस्था इस संत महिला को न्याय दिला पाएगी, या सेवा भाव में जीवन अर्पित करने वालों को यूं ही झूठे आरोपों का शिकार होना पड़ेगा।

# कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी

## हमलावर ने कई राउंड फायर किए, तीन दिन पहले ही खुला था




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कॉमेडी किंग के नाम से मशहूर कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले ही कनाडा में अपना नया कैफे 'कैप्स कैफे' खोला था। लेकिन अब खबर आ रही है कि कपिल के इस कैफे पर बुधवार रात को गोलीबारी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे पर कई राउंड गोलीबारी की गई। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### फायरिंग का वीडियो भी बनाया

कपिल के कैफे पर गोलीबारी करते वक्त हमलावर ने इसका एक वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें हमलावर कैफे के बाहर एक कार में बैठा लगातार फायरिंग करता नजर आ रहा है।

### बब्बर खालसा से जुड़े आतंकवादी ने ली जिम्मेदारी

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी एनआईए की सूची में शामिल भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक हरजीत सिंह लाडी ने ली है। हरजीत, बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा हुआ है। ये हमला कथित तौर पर कपिल की टिप्पणियों पर नाराजगी के चलते किया गया है।

### कपिल की तरफ से नहीं आया बयान

हाल ही में कपिल शर्मा ने यह कैफे खोला था। कनाडा में रह रहे भारतीयों के बीच यह काफी पसंद भी किया गया। अब इस कैफे पर गोलाबारी की खबर से हर कोई हैरान है। हालांकि, कपिल शर्मा ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### कॉमेडी शो के नए सीजन को लेकर चर्चा में हैं कपिल

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन इन दिनों नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को देखने को मिल रहा है। इस शो में अब तक सलमान खान, क्रिकेटर गौतम गंभीर, ऋषभ पंत और युजवेंद्र चहल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब शो के नए एपिसोड में जयदीप अहलावत, जितेंद्र कुमार, विजय वर्मा और प्रतीक गांधी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। हर शनिवार को शो नया एपिसोड जारी होता है।

# हरियाणा में बड़ा हादसा छह लोगों पर गिरी दीवार, एक ही परिवार के तीन की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पलवल**

हरियाणा के पलवल स्थित गांव सोफ्ता में बुधवार रात एक ही परिवार पर कहर टूट पड़ा। तेज बारिश के बीच पेट्रोल पंप की एक दीवार भरभराकर गिर गई और नीचे दबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पिता जगदीश के दामाद रवी (30), भतीजा पंकज (18) और बेटा राजबीर (20) शामिल हैं। रवी और पंकज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि राजबीर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में आखिरी सांस ली। आरोप है कि गंभीर रूप से घायल हुए जगदीश के दो बेटे श्रीकांत (18), मनफुल (15) और एक अन्य प्रियांशु (18) को पहले फरीदाबाद के बीके अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बिना ही दिल्ली रेफर कर दिया गया। जगदीश ने बताया कि ये सभी मेरे परिवार के सदस्य हैं, जोकि एक पान मसाला कंपनी में नाइट ड्यूटी करते थे।

# वडोदरा हादसे में बड़ी कार्रवाई, चार इंजीनियर निलंबित, अन्य पुलों के तत्काल निरीक्षण के आदेश



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वडोदरा**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को वडोदरा में महिसागर नदी पर बीते दिन पुल के ढहने के सिलसिले में राज्य के सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियरों को निलंबित कर दिया। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है और कुछ अब भी लोग लापता हैं। सड़क एवं भवन विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री पटेल ने विशेषज्ञों से पुल की मरम्मत, निरीक्षण और गुणवत्ता जांच पर एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा था। इसी रिपोर्ट के आधार पर चारों इंजीनियरों को निलंबित करने का निर्णय लिया गया।

### अन्य पुलों का तुरंत गहन निरीक्षण करने का आदेश

तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए लोगों में कार्यकारी अभियंता एनएम नायकवाला, उप कार्यकारी अभियंता यूसी पटेल और आरटी पटेल के साथ-साथ सहायक अभियंता जेवी शाह शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को इस घटना के मद्देनजर राज्य के अन्य पुलों का तुरंत गहन निरीक्षण करने का आदेश दिया है।

### चार लोग अभी भी लापता

इससे पहले बुधवार सुबह वडोदरा के पादरा कस्बे के पास गंभीरा गांव के पास आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ने वाले चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। वडोदरा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने दिन में बताया, अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीन से चार लोग अभी भी लापता हैं। तलाशी और बचाव अभियान अभी भी जारी है।

# फडणवीस के मंत्री शिरसाट को आयकर का नोटिस, 2019 से 2024 के बीच संपत्ति में वृद्धि पर मांगा जवाब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने गुरुवार को कहा कि उन्हें आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। नोटिस में 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों के बीच उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। औरंगाबाद (पश्चिम) से विधायक और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना नेता ने विधानमंडल परिसर के बाहर पत्रकारों को बताया कि शिंदे के बेटे कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे को भी एक नोटिस मिला है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए कहा कि उन्हें श्रीकांत शिंदे को कोई आयकर नोटिस मिलने की कोई जानकारी नहीं थी।

### कुछ भी गलत नहीं हुआ है

शिरसाट से पत्रकारों ने एक वायरल वीडियो के बारे में पूछा जिसमें वे आयकर नोटिस के बारे में बात करते सुनाई दे रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा, %कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ आयकर विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मुझे नोटिस जारी किया गया था। मुझे बुधवार को जवाब देना था, लेकिन मैंने और समय मांगा। मैं उचित जवाब दूंगा। कुछ भी गलत नहीं हुआ है।

### घोषित संपत्ति में हुई वृद्धि के बारे में स्पष्टीकरण मांगा

उन्होंने कहा कि यह नोटिस दो चुनावों के बीच उनकी घोषित संपत्ति में हुई वृद्धि के बारे में है। मंत्री ने आगे कहा, लोग सोचते हैं कि नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। ऐसा नहीं है। मैं कानूनी तौर पर नोटिस का जवाब दूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने खिलाफ किसी साजिश का संदेह है? शिरसाट ने कहा, कुछ लोगों ने शिकायत की और आयकर विभाग ने संज्ञान लिया। व्यवस्था अपना काम कर रही है और मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। मैं किसी दबाव में नहीं हूं।

### शिंदे को नोटिस जारी किया है या नहीं? जानकारी नहीं

शिवसेना नेता ने कहा, मुझे एक नोटिस मिला है और श्रीकांत शिंदे को भी आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। लगभग 20 मिनट बाद वापस आकर उन्होंने दावा किया कि उनको गलत समझा गया, उन्होंने किसी और परिपेक्ष्य में वो बात कही थी। शिरसाट ने कहा, मैं यहां मुझे जारी किए गए आयकर नोटिस के बारे में जानकारी देने आया था।

# बिहार-झारखंड-ओडिशा काफी हद तक नक्सल मुक्त, 31 मार्च 2026 तक देश से करेंगे साफ: शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। शाह ने कहा, नक्सलवाद के विरुद्ध सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली है। हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे। बिहार, झारखंड और ओडिशा काफी हद तक नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पश्चिम बंगाल की वित्त राज्य मंत्री सुश्री चंद्रिमा भट्टाचार्य सहित सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल हैं। यह बैठक गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की गई। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं ने अपनी वीरता, सटीकता और जांबाजी का अनुभव पूरी दुनिया को कराया है। उनके साहस और पराक्रम के लिए पूर्वी क्षेत्रीय परिषद सेनाओं की वीरता के लिए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है। पूरा पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि रहा है। शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी, बिरसा मुंडा जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, बाबू जगजीवन राम सहित कई विभूतियों ने इसी भूमि से देश को अनेक क्षेत्र में नेतृत्व देने का काम किया है। सांस्कृतिक चेतना, भक्ति चेतना और क्रांति तीनों का संगम इसी भूमि पर हुआ है। अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारी संघवाद के आधार पर कल्पना देश के सामने रखी है। मोदी जी की कल्पना के तहत राज्यो के विकास के माध्यम से भारत का विकास और 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें। हमारे संघीय ढांचे को मज़बूत करने के लिए अंतरराज्यीय परिषद और क्षेत्रीय परिषद को संविधान और कानून में आधार दिया गया है और उसी के तहत क्षेत्रीय परिषदों की बैठकें आयोजित होती हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से 2025 के दौरान इन बैठकों के आयोजन में दुगुनी से भी अधिक गति आई है और ये अधिक परिणामदायक बनी हैं। क्षेत्रीय परिषदों की कल्पना इन्हें सहकारी संघवाद की सशक्त आधारशिला बनाने के उद्देश्य के साथ की गई थी। क्षेत्रीय परिषदें अब Advisory से Actionable Platform बन गई हैं। इनके माध्यम से हम केन्द्र के साथ राज्यों और राज्यों के बीच के आपसी मुद्दों को काफी हद तक हल करने में सफल हुए हैं। क्षेत्रीय परिषदें अब Forum of Discussion की जगह Engine of Cooperation बन गई हैं।

# बारिश से दिल्ली में 200 जगहों पर जाम, सड़कें पानी से लबालब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार शाम व गुरुवार सुबह हुई बारिश से दिल्ली की सड़कों पर जबरदस्त जाम लग गया। दिल्ली में करीब 200 जगहों पर जाम लगा। लोग घंटों जाम में फंसे रहे। प्रमुख मार्गों पर जलभराव के चलते लगे जाम से ट्रैफिक कॉलोनियों में घुस गया। कॉलोनी में क्रॉस ट्रैफिक से कॉलोनी में जाम इस कदर हो गया कि वाहन किसी भी तरफ टच से मश नहीं हो रहे थे।

### आधा किलोमीटर जाने में लगा सवा घंटा

बीआरटी कॉरिडोर पूर्व पर चिराग दिल्ली की तरफ जाते हुए जाम होने की वजह से ट्रैफिक ग्रेटर कैलाश-एक के एम ब्लाक में घुस गया। एम ब्लॉक रोड रात नौ से दस बजे तक जाम रही। इस तरह ग्रेटर कैलाश-दो से तारा अपार्टमेंट की तरफ जाने वाले मार्ग पर जाम होने से ट्रैफिक कालकाजी-डीडीए फ्लैट्स में घुस गया। लोगों को आधा किलोमीटर से कम की दूरी तय करने में एक से सवा घंटा लग गया। बारिश के चलते रविदास मार्ग पूरी तरह से चौक था। इस कारण कालकाजी, तुगलकाबाद, ओखला, गोविंदपुरी, अलंकनंदा आदि कॉलोनियों में एक से डेढ़ घंटे जाम रहा। इसी तरह का हाल एमबी रोड पर पुल प्रह्लादपुर अंडरपास, संगम विहार, तिगड़ी, खानपुर व साकेत के पास वाहनों की लंबी लाइनें लगीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)